13 अक्टूबर, 2025
कार्तिक, कृष्ण पक्ष, सप्तमी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
सोमवार, वर्ष 10, अंक 351

कश्मीर-केरल की आइडी से झारखंड में बन रहे फर्जी आधार कार्ड : बाबूलाल



FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of : Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nursing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHARM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

हृदयम हार्ट क्लिनिक
उपलब्ध सुविधाएँ -
• ईसीजी • इको-कार्डियोग्राफी
• टीएमटी • हॉस्पीटल मॉनिटरिंग
यहाँ हृदय संबंधित सभी रोगों का उचित परामर्श तथा उपचार उपलब्ध है जैसे :
• हार्ट फेलियर • हाई कोलेस्ट्रॉल
• हार्ट अटैक • हार्ट एरिदमिया
• हार्ट ब्लॉक • पाल्पीटेशन
• हाइपरटेंशन • दिल का छेद,
डॉ साकेत कुमार
हृदय रोग विशेषज्ञ
एम.बी.बी.एस. (एसमू.), एम.डी. (पीएचसीएच, पटना) डी.एम. कार्डियोलॉजी (आईपीजीएमईआर, कोलकाता)
वयस्क एवं बाल हृदय चिकित्सक
सलाहकार हृदय रोग विशेषज्ञ
पल्स हॉस्पिटल, रांची
हृदयम हार्ट क्लिनिक
डॉ. जे शरण लेन, रिम्स मेडिकल चौक के पास, बरियातू, झारखंड-834009
समय : सुबह 09:30 से सायं 06:00 बजे तक
8002882735, 8100360617, 8573987365

# बिहार चुनाव: एनडीए में सीट शेयरिंग फाइनल

## भाजपा और जदयू 101-101 सीट पर प्रत्याशी उतारेंगे
## लोजपा (आर) को 29 और रालोमो-हम को छह-छह सीट

आजाद सिपाही संवाददाता

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनावों को लेकर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) में चल रहा सीटों के बंटवारे का सस्पेंस अब समाप्त हो गया है। लंबी चर्चा के बाद गठबंधन के प्रमुख दलों ने अपने-अपने हिस्से की सीटों को अंतिम रूप दे दिया है। इस बंटवारे में सबसे बड़ी हिस्सेदारी भाजपा और जदयू के पास गयी है, जबकि छोटे सहयोगियों को भी सम्मानजनक सीटें मिली हैं। इस घोषणा के साथ ही अब सभी दलों का ध्यान उम्मीदवारों के चयन और जमीनी स्तर पर प्रचार की रणनीति पर केंद्रित हो गया है।

**भाजपा और जदयू को बराबर सीटें :** एनडीए में सीटों के बंटवारे में भाजपा और जदयू ने बराबर सीटों पर लड़ने का फैसला किया है। दोनों दल 101-101 विधानसभा सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारेंगे। यह फैसला गठबंधन में संतुलन बनाये रखने और आपसी सहमति को दिखाता है। पिछले चुनावों के प्रदर्शन और गठबंधन की मौजूदा स्थिति को देखते हुए यह बंटवारा दोनों बड़ी पार्टियों के लिए अहम माना जा रहा है।

**छोटे सहयोगी दलों को भी मिली हिस्सेदारी :** गठबंधन में चिराग पासवान की लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) को 29 सीटें दी गयी हैं, जो उनके बढ़ते राजनीतिक प्रभाव को दिखाता है। वहीं उपेंद्र कुशवाहा की राष्ट्रीय लोक मोर्चा (रालोमो) और जीतन राम मांझी की हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (हम) को 6-6 सीटों पर चुनाव लड़ने का मौका मिला है। इस तरह एनडीए ने अपने सभी सहयोगियों को समायोजित करते हुए एक व्यापक चुनावी गठबंधन तैयार किया है।




### 15 अक्टूबर से पीएम मोदी का तूफानी प्रचार

सीट बंटवारे के फाइनल होते ही एनडीए ने अपने चुनावी अभियान की रणनीति को भी अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 अक्टूबर से बिहार में चुनाव प्रचार अभियान की शुरुआत करेंगे। पीएम मोदी की रैलियां एनडीए के अभियान को गति देंगी और गठबंधन के पक्ष में माहौल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगी।

### प्रत्याशी चयन के लिए भाजपा केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक शुरू

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। बिहार विधानसभा चुनाव में सीट बंटवारा फाइनल होने के बाद भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक भी शुरू हो गयी। पार्टी मुख्यालय में आयोजित बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी समेत तमाम बड़े नेता शामिल हैं। बैठक में चुनाव की खास रणनीति को लेकर चर्चा हुई। साथ ही प्रत्याशी चयन को लेकर भी गहन विचार-विमर्श हुआ। सूत्रों के अनुसार, सोमवार को प्रत्याशियों की सूची जारी किये जाने की संभावना है।

सीट शेयरिंग को लेकर चिराग पासवान खुश : एनडीए में सीट शेयरिंग के बाद लोजपा (रामविलास) के मुखिया चिराग पासवान काफी खुश दिखे।

## महागठबंधन में आज होगा सीट बंटवारे का एलान

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के लिए विपक्षी दलों के महागठबंधन में सीट शेयरिंग फॉर्मूला का एलान सोमवार 13 अक्टूबर को होगा। राजद के वरिष्ठ नेता और विधायक भाई वीरेंद्र ने यह बात कही है। उन्होंने दावा किया कि महागठबंधन में सब ठीक है और सब हो गया है। कल प्रेस कांफ्रेंस होगी और सब कुछ साफ हो जायेगा। राजद, कांग्रेस, वाम दल समेत सभी घटक दलों के बीच सीट बंटवारे की घोषणा कर दी जायेगी। राजद नेता ने रविवार को पटना में मीडिया से बातचीत के दौरान यह बयान दिया। उन्होंने महागठबंधन में सीटों को लेकर घटक दलों के बीच मतभेद की अटकलों से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि गठबंधन में किसी भी मुद्दे पर कोई पेंच नहीं है। सब 'ऑल इज वेल' है। बता दें कि अब तक महागठबंधन में सीट बंटवारे पर कई दौर की बातचीत हो चुकी है। सूत्रों के अनुसार राजद, कांग्रेस, वीआइपी और वाम दलों में सीटों की संख्या को लेकर अभी अंतिम फैसला नहीं हो सका है। मुकेश सहनी को राजद 15 के आसपास सीटें देने को राजी है, लेकिन वे डिप्टी सीएम पद की घोषणा पर अड़े हुए हैं। पशुपति पारस की रालोजपा भी महागठबंधन से अलग रहकर ही चुनावी मैदान में उतरती नजर आ रही है।

### लालू परिवार दिल्ली में



इधर राजद सुप्रीमो लालू यादव पूरे परिवार के साथ दिल्ली पहुंच गये हैं। लालू के साथ राबड़ी देवी और तेजस्वी भी हैं। इस दौरे को अदालत में चल रहे मामले से जोड़ा जा रहा है। हालांकि ऐसी जानकारी है कि तेजस्वी यादव की राहुल गांधी से मुलाकात हो सकती है।

## चाइबासा में नक्सलियों ने मोबाइल टावर फूंका

- सरायकेला में ग्रामीणों को धमकाया
- माओवादी मना रहे प्रतिरोध सप्ताह

आजाद सिपाही संवाददाता

**पश्चिम सिंहभूम।** जिले में भाकपा माओवादी संगठन द्वारा मनाये जा रहे प्रतिरोध सप्ताह के दौरान हिंसक वारदातों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। शनिवार देर रात से रविवार तड़के के बीच नक्सलियों ने जरायकेला थाना क्षेत्र के कोलबोंगा गांव में एयरटेल मोबाइल टावर को आग के हवाले कर दिया। जानकारी के अनुसार हथियारबंद नक्सली गांव में पहुंचे और टावर के पास मौजूद कर्मचारियों को धमका कर भगा दिया। इसके बाद उन्होंने टावर पर पेट्रोल डाल कर आग लगा दी। कुछ ही देर में पूरा टावर धू-धूकर जल उठा, जिससे क्षेत्र में दहशत फैल गयी। इस घटना से पूरे इलाके में दहशत का माहौल फैल गया है।

बताया जा रहा है कि नक्सलियों ने यह कदम सरकार और सुरक्षा बलों के खिलाफ अपनी आक्रामक मुहिम के तहत उठाया है। घटना के बाद ग्रामीणों में भय का वातावरण है। लोग अपने घरों से बाहर निकलने से बच रहे हैं। एयरटेल टावर में आगजनी के बाद क्षेत्र की मोबाइल नेटवर्क सेवाएं पूरी तरह बाधित हो गयी हैं। संचार व्यवस्था ठप होने से ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और सीआरपीएफ के जवान मौके पर पहुंचे और इलाके में सघन तलाशी अभियान शुरू किया।



### विस्फोट में शहीद हुए थे हेड कांस्टेबल, दो अधिकारी घायल

इससे पहले शुक्रवार को नक्सलियों ने चार धमाके कर सुरक्षा बलों को निशाना बनाया था। इन धमाकों में हेड कांस्टेबल महेंद्र लश्कर शहीद हो गये, जबकि दो अधिकारी गंभीर रूप से घायल हो गये। दोनों घायलों को शनिवार को एयर लिफ्ट कर दिल्ली के अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## 'हर घर स्वदेशी' के संदेश के साथ दौड़ी रांची

- स्वदेशी मैराथन 2025 में उमड़े युवा
- यह सिर्फ दौड़ नहीं, जनआंदोलन: संजय सेठ
- कारगिल युद्ध के वीर कर्नल राणा भी हुए शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रविवार को राजाधानी के ऐतिहासिक मोरहाबादी मैदान में देशभक्ति, जोश और उमंग का माहौल नजर आया। 'स्वदेशी अपनाओ, आत्मनिर्भर भारत बनाओ' थीम पर आयोजित स्वदेशी मैराथन 2025 में हजारों युवाओं, स्कूली बच्चों, कॉलेज विद्यार्थियों और वरिष्ठ नागरिकों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने हरी झंडी दिखा कर किया। जैसे ही मैराथन शुरू हुई, मैदान 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम' के नारों से गूंज उठा।

मौके पर राज्यपाल ने कहा कि देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए हर नागरिक को स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग करना चाहिए। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'वोकल फॉर लोकल' अभियान को जन-जन तक पहुंचायें।

केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने इस आयोजन को सांसद खेल महोत्सव से जोड़ते हुए कहा कि यह सिर्फ एक दौड़ नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की दिशा में युवाओं की सक्रिय भागीदारी का प्रतीक है।

**तिरंगा लेकर दौड़े युवा, 'हर घर स्वदेशी' के नारे से गूंजा शहर:** करीब पांच किलोमीटर लंबी इस दौड़ में सुबह से ही युवाओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। कई प्रतिभागी तिरंगा लेकर दौड़े, तो कइयों ने 'हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी' लिखे बैनर थाम रखे थे। देशभक्ति गीतों और ढोल-नगाड़ों की धुन पर प्रतिभागी पूरे रास्ते उत्साह से दौड़ते रहे। दिल्ली से विशेष रूप से पहुंचे कारगिल युद्ध के वीर कर्नल राणा ने कहा कि देश का हर नागरिक एक सैनिक है, जो स्वदेशी उत्पाद अपनाकर आर्थिक सुरक्षा में योगदान दे सकता है।



### 'विकसित भारत 2047' के संकल्प के साथ संपन्न हुआ आयोजन

मोरहाबादी मैदान से शुरू होकर कांटाटोली चौराहा होते हुए वापस मोरहाबादी तक पहुंचे इस मैराथन में उत्साह चरम पर रहा। प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया गया। राज्यपाल ने कहा कि स्वदेशी अपनाना देश की अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाना है और यही विकसित भारत @2047 का मार्ग है। आयोजकों ने बताया कि रांची में इस आयोजन की सफलता से प्रेरित होकर अगली बार इसे और बड़े पैमाने पर किया जायेगा।

SACRED CHILD ACADEMY
PLAY SCHOOL
Pre Nursery KG - I
Nursery KG - II
ADMISSION OPEN
Tiril Road, Kokar, Ranchi
9661169815

## 'ऑपरेशन ब्लू स्टार' गलत था: पी चिदंबरम

- इंदिरा गांधी को जान देकर चुकानी पड़ी कीमत

आजाद सिपाही संवाददाता

**शिमला/ नयी दिल्ली।** पूर्व गृह और वित्त मंत्री पी चिदंबरम ने 1984 में इंदिरा गांधी के नेतृत्व वाली सरकार के तहत चलाये गये 'ऑपरेशन ब्लू स्टार' की आलोचना की और इसे गलत तरीका बताया। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने इस गलती की कीमत अपनी जान देकर चुकायी। खुशवंत सिंह साहित्य महोत्सव 2025 में बोलते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने कहा कि सिख पूजा स्थल से सेना को बाहर रखकर स्वर्ण मंदिर को पुनः प्राप्त करने के लिए 'ऑपरेशन ब्लैक थंडर' सही तरीका था। उन्होंने कहा कि जून 1984 का 'ऑपरेशन ब्लू स्टार' सेना, पुलिस, खुफिया और सिविल सेवाओं का एक सामूहिक निर्णय था। उन्होंने कहा कि यह किसी भी सैन्य अधिकारी का कोई अनादर नहीं है।

**मचा सियासी घमासान, भाजपा हमलावर :** 'ऑपरेशन ब्लू स्टार' पर पी चिदंबरम की टिप्पणी से देश की सियासत गरमा गयी है। जहां एक ओर कांग्रेस इस बयान पर नाराजगी जता रही है, वहीं दूसरी ओर केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि चिदंबरम कांग्रेस की गलतियां अब मान रहे हैं। वहीं आरपी सिंह ने इंदिरा गांधी पर सिखों को राष्ट्रविरोधी बताने और राजनीतिक लाभ के लिए ऑपरेशन करवाने का आरोप लगाया। इसके साथ ही भाजपा के आइटी सेल प्रमुख अमित मालवीय ने कहा कि कांग्रेस हमेशा इंदिरा और राजीव गांधी को शहीद बताने का दावा करती रही है, लेकिन अब खुद चिदंबरम ने इस मिथक को तोड़ दिया है। अगर इंदिरा गांधी की हत्या उनकी गलतियों का परिणाम थी, तो क्या कांग्रेस अब चिदंबरम पर कार्रवाई करेगी?

उधर कांग्रेस नेतृत्व चिदंबरम के बयान से बेहद नाराज है और पार्टी को सार्वजनिक रूप से शर्मिंदगी का सामना करना पड़ा है। पार्टी नेतृत्व का मानना है कि वरिष्ठ नेताओं को ऐसे संवेदनशील मुद्दों पर बयान देने से पहले सतर्क रहना चाहिए।



### अकेले इंदिरा गांधी को नहीं ठहरा सकते दोषी

पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इसके लिए केवल इंदिरा गांधी को दोषी नहीं ठहराया जा सकता। बता दें कि 'ऑपरेशन ब्लू स्टार' एक जून से 10 जून 1984 तक चला 10 दिनों का सैन्य अभियान था। छह जून 1984 को पंजाब में जरनैल सिंह भिंडरावाले के नेतृत्व में सिख उग्रवाद को रोकने के लिए तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के आदेश पर 'ऑपरेशन ब्लू स्टार' के तहत भारतीय सेना ने स्वर्ण मंदिर में धावा बोला था। ऑपरेशन के दौरान भिंडरावाले अपने सशस्त्र अनुयायियों के साथ मारा गया था। इस ऑपरेशन की भारी आलोचना हुई थी। कुछ महीनों बाद, 31 अक्टूबर 1984 को इंदिरा गांधी की उनके दो सिख अंगरक्षकों ने हत्या कर दी।

## दुर्गापुर मेडिकल छात्रा गैंगरेप मामले में तीन गिरफ्तार, दो फरार

- पीड़िता का दोस्त भी हिरासत में

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर में मेडिकल छात्रा से गैंगरेप मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि दो आरोपी अभी भी फरार हैं। सभी पास के गांव के रहने वाले हैं। पुलिस ने बताया कि आरोपियों के पास पीड़ित का मोबाइल था। इससे कॉल किया गया था। टावर लोकेशन से आरोपियों की जानकारी मिली। पुलिस के मुताबिक घटना कोलकाता से 170 किमी दूर दुर्गापुर के एक निजी मेडिकल कॉलेज के ठीक सामने 10 अक्टूबर की रात आठ से 10 बजे के बीच हुई। पीड़िता अपने दोस्त के साथ डिनर के लिए निकली थी। रविवार को डिप्टी मजिस्ट्रेट और दुगार्पुर एडीएम रंजना रॉय ने पीड़िता से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि छात्रा का निजी अस्पताल में इलाज जारी है। उसकी हालत स्थिर है। उसका परिवार साथ है। लड़की के दोस्त और उसके साथियों के इसके शामिल होने के आरोप परिवार ने लगाये हैं। पीड़िता के दोस्त को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

**सीएम ममता बोलीं, लड़कियों को रात में बाहर नहीं जाना चाहिए :** इस बीच सीएम ममता बनर्जी ने इस मामले पर कहा कि रात में लड़कियों को बाहर नहीं जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि छात्राओं को रात में बाहर नहीं घूमना चाहिए। उन्होंने निजी मेडिकल कॉलेज पर सवाल उठाते हुए पूछा कि लड़की रात साढ़े 12 बजे कॉलेज से बाहर कैसे गयी। सीएम ने आगे यह भी कहा कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। दोषियों को बख्शा नहीं जायेगा। हमारी सरकार ऐसी घटनाओं को बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करती है। उन्होंने कहा कि निजी कॉलेजों को परिसर के भीतर और आसपास सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए।

## रांची में आदिवासी संगठनों की आक्रोश महारैली

- कुरमियों को एसटी में शामिल करने की मांग का विरोध

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के आदिवासी संगठनों ने कुरमी समाज की ओर से उन्हें अनुसूचित जनजाति (एसटी) में शामिल करने की मांग का जोरदार विरोध किया है। इस कड़ी में रविवार को आयोजित आक्रोश महारैली में आदिवासियों ने अपने पारंपरिक हथियार और लिबास पहन कर अपनी ताकत दिखायी और चेतावनी दी कि वे अपने हक और अधिकार की रक्षा के लिए पूरी तरह सजग हैं। राज्य के विभिन्न जिलों से आये आदिवासी अपने पारंपरिक तीर-धनुष, भाला, हंसिया और दाब के साथ मौजूद थे। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि अंग्रेजों के समय कुरमी समाज आदिवासियों से अलग हो गया था और संविधान निर्माता भीमराव अंबेडकर ने स्वतंत्र भारत में अनुसूचित जाति और जनजातियों के लिए विशेष प्रावधान किये। अब कुरमी समाज अपनी लालसा के चलते आदिवासी हक को खतरे में डालना चाहता है, जिसे आदिवासी समुदाय कभी स्वीकार नहीं करेगा।

केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष अजय तिर्की ने कहा, यह हमारे अस्तित्व की लड़ाई है। 2018 में भी आदिवासी समुदाय कुरमियों को एसटी का दर्जा देने के विरोध में सड़कों पर उतरा था। आदिवासी कमजोर नहीं हैं। ट्राइब्युनल और कोर्ट ने भी इस मांग को खारिज किया है, लेकिन अब राजनीतिक हित के लिए इसे फिर से उठाया जा रहा है। महारैली में महिलाओं की भागीदारी भी विशेष रही। सैकड़ों आदिवासी महिलाएं आक्रोश महारैली में शामिल हुईं और जयराम महतो पर आरोप लगाया कि ऐसे नेता कुरमियों को भड़का रहे हैं। कुमुदनी प्रभावती ने कहा, हमें मजबूर किया जा रहा है, लेकिन झारखंड की आदिवासी महिलाएं शेरनी हैं और अपने अधिकार नहीं छोड़ेंगी। आदिवासी अस्तित्व बचाओ मोर्चा और अन्य आदिवासी संगठनों ने मोरहाबादी मैदान से पद्मश्री रामदयाल मुंडा फुटबॉल स्टेडियम तक आक्रोश मार्च निकाला। इसमें केंद्रीय सरना समिति, आदिवासी नारी सेना, आदिवासी क्षेत्र सुरक्षा समिति, आदिवासी एकता मंच और आदिवासी अधिकार मंच सहित कई संगठन शामिल हुए। मार्च के बाद यह प्रदर्शन जनसभा में तब्दील हो गया, जिसमें आदिवासियों ने अपने हक और अधिकारों के लिए दृढ़ संकल्प व्यक्त किया।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
200000 Subscribers
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 13 अक्टूबर, 2025
www.azadsipahi.in



# घाटशिला में सजने लगा है राजनीतिक अखाड़ा

## ■ दिग्गजों की फौज ने डेरा डालना शुरू कर दिया

## ■ घाटशिला के आलीशान होटल और रिसॉर्ट लगभग बुक

## ■ सड़कों पर दौड़ने लगा है वीआइपी गाड़ियों का काफिला

अरुण सिंह

**घाटशिला (आजाद सिपाही)।** घाटशिला विधानसभा क्षेत्र में उप चुनाव के लिए भले ही झामुमो और भाजपा ने अपने उम्मीदवार के नाम की घोषणा अभी तक नहीं की है, लेकिन दोनों दलों के प्रत्याशियों का नामांकन 17 अक्टूबर को होगा। इसके लिए आवश्यक कागजी तैयारी प्रारंभ हो चुकी है। झामुमो केंद्रीय समिति की बैठक 15 अक्टूबर को रांची में होने वाली है। उसी में पार्टी अपने प्रत्याशी के नाम का एलान करेगी, ऐसा कहा जा रहा है। दूसरी तरफ, प्रदेश भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष आदित्य साहू ने पिछले दिनों कार्यकर्ताओं को भरोसा दिलाया कि जल्द ही उम्मीदवार के नाम कि घोषणा की जायेगी।

झामुमो उम्मीदवार के नामांकन में राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपने दलीय नेताओं के साथ मौजूद रहेंगे।

इंडिया अलायंस के सहयोगी दल यथा कांग्रेस, राजद और कम्युनिस्ट पार्टी के प्रतिनिधि भी झामुमो प्रत्याशी के नामांकन में दिखेंगे। दूसरी तरफ भाजपा भी अपने प्रत्याशी की नामांकन सभा को भव्य बनाने की तैयरी में जुटी हुई है। नामांकन के दौरान विपक्ष के नेता बाबूलाल मरांडी सहित कुछ अन्य प्रमुख नेता दिखेंगे। आजसू पार्टी सुप्रीमो सुदेश महतो के भी रहने की बात कही जा रही है।

### घाटशिला में एनडीए पर भारी इंडिया अलायंस

घाटशिला विधानसभा क्षेत्र में एनडीए और इंडिया अलायंस के सांगठनिक स्थिति की बात की जाये, तो झामुमो को भाजपा पर बढ़त मिलती दिखाई पड़ रही है। इंडिया अलायंस में झामुमो के साथ यहां कांग्रेस एवं भाकपा के संगठन का थोड़ा-बहुत प्रभाव है। भले ही अब कांग्रेस और भाकपा कमजोर हुई हैं, किंतु यह भी नहीं भूलना चाहिए कि घाटशिला सीट का प्रतिनिधित्व भाकपा पांच बार और कांग्रेस चार दफा विधानसभा में कर चुकी है। इसके ठीक उलट एनडीए के घटक दल में भाजपा के अलावा आजसू पार्टी, जनता दल यूनाइटेड और लोजपा शामिल हैं, लेकिन आजसू पार्टी को छोड़ कर जदयू और लोजपा का यहां बिल्कुल भी कोई प्रभाव नहीं है। इसलिए इस उप चुनाव में भाजपा को अपने सहयोगी दलों से बहुत ज्यादा सहयोग मिलने की उम्मीद कम ही जान पड़ती है।




### 11 % यानी 26 हजार से ज्यादा कुड़मी वोटर बनेंगे बड़ा फैक्टर

घाटशिला विधानसभा क्षेत्र में झारखंड लोकतंत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) भी प्रभावी भूमिका अदा करेगा। वर्ष 2024 के चुनाव में पहली दफा चुनावी रण में उतरी इस पार्टी ने झारखंड के कई नेताओं को अर्श से फर्श और फर्श से अर्श पर लाकर खड़ा दिया था। घाटशिला सीट पर इसके उम्मीदवार रामदास मुर्मू को आठ हजार से अधिक वोट प्राप्त हुए थे। इस उप चुनाव में जेएलकेएम सुप्रीमो विधायक जयराम महतो अपना उम्मीदवार उतारेंगे या नहीं, यह अभी भविष्य के गर्भ में है। जयराम महतो हालांकि अपने एक बयान में कह चुके हैं कि जल्द ही पार्टी इस मुद्दे पर फैसला लेगी। लेकिन भाजपा के सूत्र बताते हैं कि इस बार घाटशिला सीट पर टाइगर जयराम अपने पहलवान को संभवतः चुनावी अखाड़े में नहीं उतारेंगे।

फिलहाल, झारखंड में आदिवासी एवं कुड़मी के बीच भारी विवाद चल रहा है, यह बात भी किसी से छिपी नहीं है। ऐसे में राजनीतिक पंडित यह मान कर चल रहे हैं कि इस बार कुड़मी वोट झामुमो को मिलने की संभावना काफी कम है। अब ऐसे में अगर जेएलकेएम अपना उम्मीदवार नहीं उतारता है और महतो वोटरों का साथ झामुमो को नहीं मिलता है, तो जाहिर है कि इसका एकतरफा फायदा भाजपा को मिलेगा। बता दें कि घाटशिला विधानसभा क्षेत्र में मतदाताओं की कुल संख्या 2. 55 लाख है और इसमें कुड़मियों की भागीदारी 11 फीसदी यानी 26 से 30 हजार के आसपास है। विधानसभा चुनाव में जीत-हार को प्रभावित करने के लिए वोटरों की यह संख्या काफी मायने रखती है।

### 15 के बाद झामुमो उम्मीदवार के पक्ष में वोट मांगते दिखेंगे विक्टर सोरेन !

स्व रामदास सोरेन के भतीजे विक्टर सोरेन और झामुमो के भावी प्रत्याशी सोमेश चंद्र सोरेन के बीच विवाद की खबरें खूब चलीं, लेकिन अब लगता है कि यह विवाद सुलझने लगा है। झामुमो के एक उच्चपदस्थ नेता की मानें, तो 15 अक्टूबर को केंद्रीय नेतृत्व जैसे ही पार्टी उम्मीदवार का नाम घोषित कर देगा, उसके बाद से विक्टर सोरेन पिछले सारे गिले-शिकवे त्याग करके अपने दल के प्रत्याशी के साथ क्षेत्र में घूमना शुरू करेंगे। वैसे भी, विक्टर खुद अपने कुछ राजनीतिक साथियों से कह चुके हैं कि पार्टी अगर उनके बजाय किसी अन्य को भी प्रत्याशी बनायेगी, तो घोषणा के बाद वे उसके नाम पर वोट मांगेंगे। बता दें कि अपने बड़े पापा रामदास सोरेन के साथ घाटशिला विधानसभा क्षेत्र में विक्टर सोरेन ही ज्यादातर साथ रहते थे। खासकर झामुमो के युवा कार्यकर्ताओं में विक्टर की अच्छी पकड़ है और इसका लाभ झामुमो प्रत्याशी को मिल सकता है।

### दिग्गजों ने डाला डेरा

बिहार विधानसभा चुनाव के साथ झारखंड में घाटशिला सीट पर ही उप चुनाव होना है और झामुमो के वरिष्ठ नेता रहे रामदास सोरेन के निधन से खाली हुई इस सीट को पुनः हासिल करने के लिए झामुमो हर एक उपाय करने में लगा है, तो भाजपा भी यहां काबिज होने के लिए एड़ी-चोटी एक किये हुए है। पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा, पूर्व सांसद गीता कोड़ा, भाजपा नेता भानु प्रताप शाही, पूर्व मंत्री अमर बाउरी घाटशिला में डेरा डाल चुके हैं। बाबूलाल मरांडी, आदित्य साहू, कर्मवीर सिंह, प्रदीप वर्मा सरीखे बड़े चेहरों का आना-जाना लगा हुआ है। वहीं अर्जुन मुंडा भी रविवार को घाटशिला पहुंचे थे। इसी प्रकार झामुमो प्रत्याशी के पक्ष में मंत्री दीपक बिरुआ, सुदिव्य कुमार सोनू, प्रवक्ता कुणाल षाड़ंगी के अलावा पड़ोस के विधानसभा क्षेत्र बहरागोड़ा, पोटका एवं जुगसलाई के विधायक भी रणनीति का हिस्सा बने हुए हैं।

### होटल और रिसॉर्ट में चुनाव तक नो रूम

उप चुनाव के मद्देनजर घाटशिला के ज्यादातर आलीशान होटलों को झामुमो और भाजपा ने बुक करवा लिया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं विधायक कल्पना सोरेन सहित झामुमो के कुछ बड़े रणनीतिकार होटल जेएन पैलेस में ठहरेंगे। झामुमो ने गालूडीह रिसॉर्ट और होटल इगल के अलावा कुछ अन्य बड़े होटलों में भी कमरे बुक करवाये हैं। इसी तरह भाजपा ने होटल अनिंदिता, होटल एटमॉसफेयर समेत कुछ अन्य होटलों-लॉजों को बुक करवाया है। उप चुनाव को लेकर कई होटलों के तमाम कमरे-हॉल-लॉन आदि बुक कर लिये जाने से शादी-व्याह वाले कुछ वैसे परिवारों को परेशानी उठानी पड़ेगी, जो होटल को मैरेज डेस्टिनेशन बनाने के इच्छुक हैं। एक जानकारी के मुताबिक होटल जेएन पैलेस में चुनाव की अवधि में दो शादी समारोह होने थे। चुनाव में फुल बुकिंग के कारण अब वैसे दोनों परिवारों को समझा-बुझाकर एडवांस की रकम वापस कर बुकिंग कैंसिल की जा रही है। इतना ही नहीं, उप चुनाव में ज्यादातर रूम बुक हो जाने का असर पश्चिम बंगाल से घाटशिला घुमने आने वाले पर्यटकों पर भी पड़ना तय है। 14 नवंबर तक पर्यटकों को घाटशिला के वैसे होटलों-लॉजों में ही रूम मिल पायेगा, जो झामुमो और भाजपा की बुकिंग लिस्ट में शामिल होने से बचे हुए हैं।

## महुदा इंटर महाविद्यालय: एक शिक्षण संस्थान की बेबसी की कहानी

# यह ऑडियो नहीं, जुल्म का दस्तावेज है

**नौकरी भी जायेगी और बेटा का भी, हम रवानी हैं, इसलिए बोल रहे हैं...**

सुनील भंडारी/ सामिद खान

**महुदा (आजाद सिपाही)।** कभी क्षेत्र के बच्चों के भविष्य को संवारने वाला महुदा इंटर महाविद्यालय आज खुद अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहा है। शिक्षा की मशाल थामे यह कॉलेज अब साजिशों, धमकियों और तानाशाही के अंधेरे में घिरता जा रहा है। हाल ही में सोशल मीडिया पर वायरल एक ऑडियो क्लिप ने पूरे राज्य को झकझोर कर रख दिया है, जिसमें कॉलेज के शिक्षक प्रतिनिधि सीएल रवानी को खुलेआम धमकाया जा रहा है। इस ऑडियो में झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट के निदेशक एवं बाल कल्याण समिति के पूर्व अध्यक्ष शंकर रवानी की आवाज स्पष्ट रूप से सुनी जा सकती है, ऐसा दावा किया जा रहा है, जिसमें वे न सिर्फ शिक्षक को अयोग्य बताते हैं, बल्कि उनके बेटे को कॉलेज से निकाल-बाहर करने की बात करते हैं। वे कहते हैं...

आपका बेटा नेतागिरी करेगा? आपका बेटा है भी या नहीं, पहले ये बताइये। आपका कुछ नहीं सुनेंगे... नौकरी जायेगी और बेटा का भी जायेगा। हम रवानी हैं, इसलिए बोल रहे हैं।

यह केवल एक ऑडियो नहीं, बल्कि उस जुल्म का दस्तावेज है, जो वर्षों से महाविद्यालय के भीतर गहराता चला आ रहा है। जब शिक्षक प्रतिनिधि पलट कर जवाब देते हैं कि गोली मारने की धमकी दे दी तो मार ही दीजिए, तो उनका यह दर्द और बेबसी साफ झलकती है। यह उस डर और असहायता की चीख है, जो अब शब्दों में फूट पड़ी है।

कॉलेज के भीतर एक खास दबंग वर्ग की तानाशाही लगातार शिक्षकों और कर्मचारियों के मौलिक अधिकारों को कुचल रही है। झारखंड अधिविद्य परिषद रांची के नियमों को ठेंगा दिखाते हुए कुछ लोग कॉलेज को अपनी निजी जागीर समझ बैठे हैं। जो सच बोलता है, उसे या तो धमकी दी जाती है या फिर कॉलेज से बाहर का रास्ता दिखा दिया जाता है।

**बर्बादी की पटकथा :** महुदा इंटर महाविद्यालय की वर्तमान दशा किसी एक घटना की उपज नहीं, बल्कि वर्षों से चल रहे षड्यंत्रों की परिणति है। कॉलेज के संरक्षक समझे जाने वाले प्रो सुरेश कुमार रजक और द्वारपाल गौतम कुमार रजक जैसे निष्ठावान व्यक्तियों को बिना किसी ठोस कारण के अस्थायी रूप से निष्कासित कर दिया गया। ऐसा पहली बार नहीं हुआ है। सच बोलने वालों के साथ ऐसा अन्याय पहले भी हो चुका है।

**अब समय है सवाल उठाने का :** क्या यह वही झारखंड है, जो शिक्षा को अधिकार मानता है? क्या यह वही संस्थान है, जिसे कभी गर्व से 'शिक्षा का मंदिर' कहा गया था? अगर अब भी हमने आवाज नहीं उठायी, तो आने वाली पीढ़ियों को सिर्फ एक उजड़े हुए महाविद्यालय की कहानी सुनाने को बचेगा। महुदा इंटर महाविद्यालय आज आपसे, हमसे, समाज से एक सवाल कर रहा है कि क्या आप उसकी आवाज बनेंगे? या यूं ही उसकी




### छात्रावास भी खाली भविष्य भी अंधकार में

हाल ही में बाघमारा अंचलाधिकारी ने कल्याण विभाग द्वारा निर्मित छात्रावास को खाली करवा दिया। सवाल यह उठता है कि जो कॉलेज खुद स्थायित्व की लड़ाई लड़ रहा है, वह छात्रों को क्या आधार देगा? आज छात्र-छात्राओं का भविष्य कॉलेज की राजनीति और षड्यंत्रों के बीच कहीं खोता जा रहा है। पढ़ाई का माहौल दम तोड़ रहा है, और भविष्य की उम्मीदें खामोशी में बदलती जा रही हैं।

### परदे के पीछे से चलती है राजनीति

सूत्रों की मानें तो महाविद्यालय की इस दुर्दशा के पीछे एक तथाकथित 'बाघमारा नरेश' का हाथ है, जिसके इशारे पर कॉलेज को गिरवी रखा गया है। यह दबंग अपने प्यादों के माध्यम से शिक्षकों और कर्मचारियों का शोषण करता है और कॉलेज की गरिमा को पैरों तले रौंदता है।

### एक मां की तरह थी ये संस्था

महुदा इंटर महाविद्यालय कभी एक मां की तरह था, जो सीमित संसाधनों में भी अपने बच्चों को शिक्षित करता था, उन्हें सपना देखने और जीने का हौसला देता था। लेकिन आज वही मां अपनों के ही हाथों लुटी-पिटी, बेबस और कराहती नजर आ रही है। उसकी आंखों में नमी है, आवाज में खामोशी है, और भविष्य की ओर सिर्फ अंधकार पसरा हुआ है।

### बर्खास्तगी गलत : जैक सदस्य

प्रो सुरेश कुमार रजक और द्वारपाल गौतम कुमार रजक की सेवा से बर्खास्तगी के मामले में जैक सदस्य सह प्राचार्य एएसएनएम कॉलेज, सिजुआ ने गंभीर सवाल उठाये हैं। उन्होंने कहा कि महुदा इंटर महाविद्यालय में पूर्व से ही मनमानी होती रही है। नियमानुसार किसी भी कर्मचारी को सेवा से बर्खास्त करने के लिए न्यूनतम पांच सदस्यों की बैठक आवश्यक है, जिसमें कम से कम एक सरकारी पदाधिकारी—जैसे डीइओ, एसडीओ या जैक सदस्य—का हस्ताक्षर अनिवार्य होता है। यदि ऐसे पदाधिकारी का अनुमोदन नहीं है, तो बर्खास्तगी प्रक्रिया वैध नहीं मानी जा सकती। वहीं धमकी वाले वायरल ऑडियो की जानकारी से उन्होंने इनकार किया और कहा कि लौटने के बाद वे डीइओ और एसडीओ से इस पूरे मामले की विस्तृत जानकारी लेंगे।

### यह मुझे बदनाम करने की साजिश: शंकर रवानी

बाल कल्याण समिति बोकारो के पूर्व अध्यक्ष सह निदेशक झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट प्रो शंकर रवानी ने कहा कि वायरल ऑडियो में उनकी आवाज नहीं है और यह उन्हें बदनाम करने की एक सोची-समझी साजिश है। वे एक सामाजिक कार्यकर्ता हैं और बीते छह महीने से महुदा कॉलेज गये ही नहीं हैं। उनकी छवि को धूमिल करने के उद्देश्य से यह षड्यंत्र रचा गया है। वे अपने वकील के माध्यम से संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करेंगे।

### सच्चाई को हराया नहीं जा सकता: प्रो आदित्य रवानी

प्रो सीएल रवानी के पुत्र प्रो आदित्य रवानी ने कहा कि सच सामने है। महुदा कॉलेज अब तानाशाही का गढ़ बन चुका है। ऑडियो ने स्पष्ट कर दिया। अन्याय भले कुछ समय तक हावी रहे, लेकिन सत्य को कभी हराया नहीं जा सकता। अंततः जीत सच्चाई की ही होती है, यही इतिहास गवाह है।

## नोवामुंडी में डायरिया का प्रकोप

# अब तक 5 की मौत, 20 बीमार



आजाद सिपाही संवाददाता

**चाइबासा।** झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले के नोवामुंडी प्रखंड के कई गांवों में डायरिया ने गंभीर रूप ले लिया है। पिछले एक सप्ताह में इस बीमारी से पांच लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 20 से अधिक ग्रामीण बीमार बताये जा रहे हैं। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग ने तत्काल चिकित्सा दलों को प्रभावित क्षेत्रों में भेजा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कादोजामदा, मोहदी, पादापहाड़ और मुंडासाई गांवों में डायरिया के मामले तेजी से बढ़े हैं। शुरूआत में लोग घरेलू उपचार पर निर्भर रहे, जिसके कारण संक्रमण फैलता गया और हालात गंभीर हो गये। स्थानीय प्रतिनिधि मंजू पूर्ति द्वारा सूचना दिये जाने पर स्वास्थ्य विभाग हरकत में आया।

इसके बाद जगन्नाथपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक सोनाराम सिंकू ने स्वयं प्रभावित गांवों का दौरा किया। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि इलाके में तत्काल स्वास्थ्य शिविर लगाये जायें और किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। जिले के सिविल सर्जन डॉ सुशांतो कुमार माझी ने बताया कि टीमों को गांवों में भेजा गया है। अब तक 10 से अधिक मरीजों को विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया है, जिनमें कई की स्थिति गंभीर है। टाटा स्टील के नोवामुंडी अस्पताल में डायरिया पीड़ितों के लिए विशेष वार्ड तैयार किया गया है, जहां चार मरीजों को आइसीयू में रखा गया है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि क्षेत्र में लंबे समय से दूषित पेयजल की समस्या बनी हुई थी। हालिया बारिश के बाद जलस्त्रोतों में गंदगी और कीचड़ भर जाने से संक्रमण फैलने की आशंका बढ़ी है। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने पानी के नमूने लेकर जांच शुरू कर दी है।

विभाग द्वारा ग्रामीणों से उबला हुआ पानी पीने, हाथ धोने की आदत अपनाने और आसपास की स्वच्छता बनाये रखने की अपील की गयी है। प्रशासन ने कहा है कि जल्द ही जल स्त्रोतों की सफाई और क्लोरीनेशन का कार्य भी कराया जायेगा, ताकि बीमारी को फैलने से रोका जा सके।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW

**वेदर**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 29.9 °c | 19.8 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.26 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.44 बजे |



# कश्मीर-केरल की आइडी से झारखंड में बन रहे फर्जी आधार कार्ड : बाबूलाल

## ■ पाकुड़ में ग्राहक सेवा केंद्र और मोबाइल कैफे पर बन रहे फर्जी दस्तावेज

## ■ फर्जी आधार कार्ड, वोटर आइडी, जन्म प्रमाण पत्र और पैन कार्ड भी धड़ल्ले के साथ बन रहे

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने पाकुड़ जिले में चल रहे फर्जी दस्तावेज नेटवर्क को लेकर राज्य सरकार पर गंभीर आरोप लगाये हैं। उन्होंने कहा कि पाकुड़ जिले को भी कश्मीर और केरल बनाने की साजिश चल रही है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया पर पोस्ट डालते हुए कहा कि पाकुड़ जिले में ग्राहक सेवा केंद्रों और मोबाइल कैफे संचालकों द्वारा कश्मीर और केरल के आइडी का इस्तेमाल कर आधार कार्ड, वोटर आइडी, जन्म प्रमाण पत्र और पैन कार्ड जैसे अहम दस्तावेजों को फर्जी तरीके से तैयार किया जाना सुरक्षा के दृष्टिकोण से भी अत्यंत चिंताजनक है।



बाबूलाल ने कहा कि फर्जी पहचान के सहारे आतंकी नेटवर्क और उनके स्लीपर सेल झारखंड में सक्रिय होकर किसी बड़ी साजिश को अंजाम दे सकते हैं। पिछले कुछ वर्षों में जिन आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ हुआ है, उनके तार इस नेटवर्क से जुड़े होने की भी पूरी संभावना है।

**संथाल परगना के कई मतदान बूथों पर मुस्लिम मतदाताओं की संख्या बढ़ी :** इन फर्जी कागजातों के सहारे होने वाले दुष्परिणाम का अंदाजा इस बात से भी लगाया जा सकता है कि 2019-24 के बीच संथाल परगना और कोल्हान प्रमंडल के कई मतदान बूथों पर मुस्लिम मतदाताओं की संख्या में अप्रत्याशित वृद्धि दर्ज हुई है। उन्होंने कहा कि अवैध रूप से बस चुके हजारों जमाई टोले, आदिवासियों की जमीनों पर चल रहा है। कब्जे का खेल चीख-चीखकर घुसपैठ की गवाही दे रहे हैं। इन इलाकों में शांतिपूर्ण ढंग से पर्व त्योहार मनाना, धार्मिक आयोजन तक करना दुश्वार हो गया है। बाबूलाल ने कहा कि मामला चाहे फर्जी कागजात बनाने का हो या उन्हें अवैध ढंग से बसाने का या फिर आदिवासियों को मिटाने का प्रयास राज्य सरकार द्वारा हर स्तर पर किया जा रहा है।

उन्होंने राज्य सरकार पर हमला करते हुए कहा कि सरकार का पूरा सरकारी तंत्र आदिवासी समाज के विरुद्ध साजिश रचने और घुसपैठियों को पनाह देने की गतिविधियों में संलिप्त है। केंद्र सरकार से आग्रह है कि झारखंड में अवैध रूप से बसे घुसपैठिए और उन्हें संरक्षण देने वाले गिरोह की एसआइटी के माध्यम से विस्तृत जांच कराते हुए झारखंड में एनआरसी लागू करने की पहल की जाये।

# केंद्र सरकार और गृह मंत्री घुसपैठ के लिए जिम्मेदार : पवन खेड़ा



**चुनाव आते ही घुसपैठिए याद आते हैं, खत्म होते ही गायब हो जाते हैं**

**बिहार में गठबंधन के साथ पूरी मजबूती से लड़ेंगे, सीटों का बंटवारा जल्द**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी मीडिया एवं कम्युनिकेशन विभाग के चेयरमैन पवन खेड़ा रविवार को विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए सेवा विमान से पूर्वाह्न 10 बजे रांची पहुंचे। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री बंधु तिर्की, प्रदेश कांग्रेस महासचिव आलोक कुमार दुबे, मुख्य प्रवक्ता लाल किशोर नाथ शाहदेव, संयोजक सतीश पाल मुंजिनी और प्रवक्ता डॉ. एम तौसीफ ने पुष्पगुच्छ और अंगवस्त्र भेंट कर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। मीडिया कर्मियों से बातचीत के दौरान पवन खेड़ा ने कहा कि जब-जब चुनाव होते हैं, तब-तब घुसपैठिए याद आते हैं, और चुनाव खत्म होते ही वे गायब हो जाते हैं। चाहे झारखंड हो, बिहार हो या बंगाल – घुसपैठियों के लिए सीधे तौर पर केंद्र की सरकार और गृह मंत्री जिम्मेदार हैं। महिला उत्पीड़न के मामलों पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि हम 21वीं सदी में जी रहे हैं, लेकिन यदि समाज और सरकार इस मानसिकता से बाहर नहीं निकल पाये, तो यह दोनों की सामूहिक जिम्मेदारी है। बिहार चुनाव को लेकर पवन खेड़ा ने कहा कि कांग्रेस गठबंधन के साथ पूरी मजबूती से चुनाव लड़ेगी और सीटों का बंटवारा जल्द ही तय कर लिया जायेगा।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

| राशि | फल |
|---|---|
| मेष | कामकाज का विस्तार, आप उन्नति के मार्ग की ओर प्रशस्त होंगे, संकल्पित कार्य पूरा होगा। |
| वृष | कुछ संघर्षों के बाद नौकरी-सरकारी कार्यों में आशातीत सफलता मिलेगी। |
| मिथुन | आत्मविश्वास की वृद्धि, नये कार्ययोजनाओं के प्रति रूचि बढ़ेगी। |
| कर्क | काम की गति बढ़ेगी, सुख-संसाधनों की वृद्धि, व्यापारिक विस्तार की योजना। |
| सिंह | समसामयिक प्रयास सफल, विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा, महत्वपूर्ण कार्य पूरे होंगे। |
| कन्या | आमदनी के नये स्रोत बनेंगे, मान-सम्मान, पद-प्रतिष्ठा, धन-ऐश्वर्य की वृद्धि। |
| तुला | बहुत दिनों से चली आ रही इच्छाओं की पूर्ति होगी, व्यवसाय में सफलता। |
| वृश्चिक | चतुर्दिक हर्ष तथा उल्लास का वातावरण रहेगा, संयम, धैर्य से काम आसान होंगे। |
| धनु | आय के नये स्रोत बनेंगे, प्रभावशाली व्यक्तित्व का विकास, षड्यंत्र विफल रहेगा। |
| मकर | नये व्यवसाय का आरंभ हो सकता है, परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न होगा। |
| कुंभ | रुके हुए कार्य में तेजी, उत्साह-उमंग भरा रहेगा, भ्रमण के साधन बनेंगे,नये लोगों से संपर्क। |
| मीन | किसी नये कार्य आरंभ करने से पूर्व परिवार में विचार-विमर्श करें, कठिनाइयों पर विजय। |

## घाटशिला उपचुनाव : मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने तैयारियों का लिया जायजा

# सभी मतदान केंद्रों पर बिजली, पानी रैंप उपलब्ध करायें : के रवि कुमार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** घाटशिला विधानसभा उप चुनाव को लेकर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (सीइओ) के रवि कुमार ने रविवार को अनुमंडल सभागार में वरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में निर्वाचन कार्य को त्रुटि मुक्त और सुचारू रूप से संपन्न कराने पर जोर दिया गया। सीइओ ने कहा कि घाटशिला के सभी मतदान केंद्र मॉडल बूथ के रूप में कार्य करेंगे और मतदाताओं को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा तय एश्योर्ड मिनिमम फैसिलिटी उपलब्ध करायी जायेगी। प्रत्येक अधिकारी को आयोग के मॉड्यूल और एसओपी का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये। उन्होंने अधिकारियों को दिव्यांग




और 85 वर्ष से अधिक उम्र वाले वरिष्ठ मतदाताओं के लिए घर से मतदान की सुविधा सुनिश्चित करने को कहा। वहीं, मतदान केंद्र आने वाले मतदाताओं के लिए वाहन, व्हीलचेयर, रैंप और वोलेंटियर की व्यवस्था करने का निर्देश दिया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि इवीएम में बदलाव किये गये हैं। अब उम्मीदवारों के रंगीन फोटो, नाम और क्रम संख्या बड़े अक्षरों में अंकित होंगे। उन्होंने स्वीप कार्यक्रम के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि इसे मतदाताओं को जागरूक कर मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए चलाया जायेगा। पिछली बार कम मतदान वाले केंद्रों पर विशेष ध्यान दिया जायेगा। लॉ एंड ऑर्डर की समीक्षा में सभी चेकपोस्टों की सख्ती से निगरानी करने और सीमावर्ती क्षेत्रों में अवैध मादक पदार्थ, संदिग्ध धन और अपराध गतिविधियों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिये गये। बैठक में आइजी ऑपरेशन झारखंड माइकल राज, जमशेदपुर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी कर्ण सत्यार्थी, डीआइजी धनंजय कुमार, एसएसपी पूर्वी सिंहभूम पीयूष पांडेय, ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, देव दास दत्ता सहित घाटशिला विधानसभा क्षेत्र के सभी इआरओ, एइआरओ और उप निर्वाचन अधिकारी उपस्थित रहे।

# झामुमो नेता विनोद कुमार पांडेय की मां का निधन

**आज हरमू मुक्ति धाम में होगा अंतिम संस्कार**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता और राज्य समन्वय समिति के सदस्य विनोद कुमार पांडेय की माताजी, जलेश्वरी देवी का रविवार को निधन हो गया। उनके निधन की खबर से राजनीतिक और सामाजिक हलकों में शोक की लहर दौड़ गयी है।

परिजनों के अनुसार, उनका अंतिम संस्कार सोमवार, 13 अक्टूबर को दिन के 11 बजे रांची के हरमू मुक्ति धाम में किया जायेगा।

परिजनों, शुभचिंतकों और झामुमो कार्यकर्ताओं ने इस दुखद समय में शोक संवेदना व्यक्त की है और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की है।



# सारंडा में आइइडी धमाके में घायल हथिनी की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**पश्चिमी सिंहभूम।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के घने सारंडा जंगल में नक्सलियों की ओर से बिछाये गये आइइडी विस्फोट में गंभीर रूप से घायल हुई हथिनी की इलाज के दौरान मौत हो गयी। शनिवार देर रात उसकी सांसें थम जाने से न केवल वन्यजीव प्रेमी स्तब्ध हैं, बल्कि यह घटना झारखंड वन विभाग की कार्यशैली और गश्त व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े कर रही है। सूत्रों के मुताबिक, घायल हथिनी को बीते



दिनों सारंडा के जंगल में विस्फोट से जख्मी हालत में पाया गया था। ग्रामीणों की सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और उसे उपचार देना शुरू किया गया। शुरूआती इलाज के बाद उसकी हालत में कुछ सुधार भी दिखा था। देर रात उसने फल और सब्जी तक खाये थे, जिससे टीम को उम्मीद जगी थी कि वह बच जायेगी। लेकिन रविवार तड़के हथिनी की मौत हो गयी। स्थानीय लोगों और वन अधिकारियों का मानना है कि इलाज में हुई देरी ही हथिनी की मौत की मुख्य वजह बनी।

विस्फोट में उसका एक पैर बुरी तरह जख्मी हुआ था और संक्रमण फैलने से हालत बिगड़ती चली गयी। विभागीय आंकड़ों के अनुसार, सारंडा के जंगल में नक्सलियों द्वारा लगाये गये आइइडी की चपेट में अब तक तीन हाथियों की जान जा चुकी है।

# मोदी सरकार ने आरटीआइ की रीढ़ तोड़ी पारदर्शिता से डरती है भाजपा: आलोक दुबे

## ■ राहुल गांधी के नेतृत्व में आरटीआइ कानून को मिलेगी नयी मजबूती और जनसशक्तिकरण की दिशा

## ■ भाजपा शासन में झारखंड में दबायी गयीं सूचनाएं, आवेदकों को मिली प्रताड़ना

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव आलोक कुमार दूबे ने कहा कि आज सूचना का अधिकार (आरटीआइ) कानून को लागू हुए 20 वर्ष पूरे हो गये हैं – यह वह कानून है जिसने देश के हर नागरिक को सरकारी व्यवस्था पर सवाल पूछने और जवाब मांगने की ताकत दी। इस ऐतिहासिक कदम का श्रेय पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह और यूपीए चेयरपर्सन सोनिया गांधी को जाता है।



उन्होंने कहा कि आरटीआइ कानून ने लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत किया, लेकिन भाजपा सरकार ने इसे धीरे-धीरे कमजोर करने का काम किया है। 2019 में केंद्र ने सूचना आयुक्तों की स्वतंत्रता छीन ली, उनकी सेवा अवधि और वेतन में मनमाने बदलाव किये, जिससे आयोग की स्वायत्तता खत्म हो गयी। आज हालत यह है कि केंद्रीय सूचना आयोग में 9 में से 7 पद खाली हैं, और देशभर में लाखों आरटीआइ मामले वर्षों से लंबित पड़े हैं।

उन्होंने कहा कि झारखंड में भाजपा शासन (2014-2019) के दौरान आरटीआइद आवेदकों को प्रताड़ित करने और सूचना न देने के कई मामले सामने आये। उस समय राज्य सूचना आयोग में करीब 15,000 अपीलें लंबित थीं, लेकिन सरकार ने आयोग की कार्यक्षमता बढ़ाने के बजाय उसे ठप कर दिया। यहां तक कि कई मामलों में सूचनाएं देने के बजाय आवेदकों को धमकाने की घटनाएं हुईं। भाजपा की सरकार पारदर्शिता से नहीं, बल्कि गोपनीयता और प्रचार से चलती थी।

आलोक दुबे ने कहा कि यह फर्क स्पष्ट है – भाजपा सरकार सूचना छिपाने में विश्वास रखती है, जबकि कांग्रेस सरकार जनता को जानकारी देने में विश्वास रखती है। यही लोकतंत्र की आत्मा है।

आलोक कुमार दुबे ने कहा कि इसमें कोई शक नहीं है कि राहुल गांधी के प्रधानमंत्री बनते ही सूचना का अधिकार (आरटीआइ) और अन्य जनहित कानूनों को और अधिक मजबूती के साथ लागू किया जायेगा, ताकि जनता को सरकार से हर जानकारी प्राप्त करने का पूरा अधिकार मिले।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी का लक्ष्य एक जवाबदेह, पारदर्शी और जनकेंद्रित शासन देना है, जहां किसी भी नागरिक को अपनी सरकार से सच पूछने के लिए डरना न पड़े।

उन्होंने यह भी कहा कि सूचना का अधिकार जनता की आंख है। कांग्रेस पार्टी और झारखंड की गठबंधन सरकार इस आंख को कमजोर नहीं, बल्कि और तेज करने का काम कर रही है। मोदी सरकार पारदर्शिता से डरती है, इसलिए आरटीआइ को खत्म करने का प्रयास कर रही है, लेकिन हम जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए हमेशा सड़क से सदन तक लड़ेंगे एवं आरटीआई कानून को और ताकत देने का काम करेंगे।

### गठबंधन सरकार ने बढ़ायी पारदर्शिता और जवाबदेही

कांग्रेस और झामुमो गठबंधन की हेमंत सोरेन सरकार ने सत्ता में आने के बाद आरटीआइ व्यवस्था को पुनर्जीवित किया। आयोग में नये आयुक्तों की नियुक्ति की गयी, लंबित मामलों की सुनवाई तेज हुई, और जिला स्तर पर सूचना अधिकारियों को सक्रिय किया गया। राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री शिकायत निवारण पोर्टल और सीएम हेल्पलाइन जैसे जनसंपर्क माध्यम शुरू किये, जिससे आम नागरिक सीधे सरकार से अपनी बात कह सकते हैं।

# सूचना आयोग को साढ़े 5 वर्षों से पंगु बना दिया : प्रतुल शाहदेव

**कांग्रेस को पारदर्शिता की बात करने से पहले अपने शासनकाल के भ्रष्टाचार का आईना देखना चाहिए**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के द्वारा सूचना अधिकार कानून के 20 वर्ष पूरे होने पर आयोजित प्रेस वार्ता पर पलटवार किया। प्रतुल ने कहा कि सूचना अधिकार कानून पर लंबा चौड़ा उपदेश देने से पहले उन्होंने यह स्पष्ट नहीं किया कि आखिर झारखंड में उनकी सरकार ने सूचना आयोग को पिछले साढ़े पांच वर्षों से क्यों पंगु बना दिया है? प्रतुल ने कहा कि पिछले साढ़े 5 वर्षों से मुख्य सूचना आयुक्त सहित अन्य सूचना आयुक्त की नियुक्ति नहीं की है। सूचना आयोग निष्क्रिय हो गया है। कांग्रेस के सहयोग से चल रही राज्य सरकार में भ्रष्टाचार इस कदर हावी है कि सूचना आयोग के सक्रिय होने से भ्रष्टाचार की और खबरें सामने आती जिसे यह सरकार कतई बर्दाश्त नहीं करती। प्रतुल ने कहा कि इससे हास्यास्पद स्थिति क्या हो सकती है कि सूचना अधिकार की बीसवीं जयंती पर आयोजित प्रेस वार्ता करने वाले ने यह नहीं बताया कि झारखंड में उन्होंने इस कानून को क्यों दफन कर दिया है?

प्रतुल शाह देव ने कहा कि कांग्रेस को याद रखना चाहिए कि सूचना का अधिकार लागू जरूर हुआ था, लेकिन यूपीए शासन में इसका सबसे ज्यादा दुरुपयोग और दमन हुआ। जब-जब जनता ने आरटीआइ के जरिए विभिन्न घोटालों, सोनिया गांधी के विदेशी ट्रस्ट, कांग्रेस और चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के बीच में हुए डील, नेशनल हेराल्ड घोटाले की जानकारी मांगी तब कांग्रेस के नेताओं ने अदालत में जाकर सूचना रोकने के लिए आवेदन दिये थे। यही कांग्रेस का दोहरा चरित्र है। प्रतुल ने कहा कि व्हिस्ल ब्लोअर एक्ट कांग्रेस ने पारित किया जरूर, पर उसे 2014 तक लागू नहीं किया क्योंकि कांग्रेस पारदर्शिता से डरती थी।

प्रतुल शाह देव ने कहा कि पारदर्शिता और जवाबदेही पर बोलने का नैतिक अधिकार कांग्रेस ने बहुत पहले खो दिया है। जिस पार्टी के शासनकाल में 2जी, कोयला, कॉमनवेल्थ, नेशनल हेराल्ड जैसे घोटालों से देश शर्मसार हुआ, वह आज पारदर्शिता पर उपदेश दे रही है – यह अपने आप में सबसे बड़ा मजाक है।

प्रतुल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने मैक्सिमम गवर्नेंस, मिनिमम गवर्नमेंट का युग देखा है। आज जनता को आरटीआई ऑनलाइन पोर्टल, डिजिटल इंडिया, डीबीटी, ई गवर्नेंस, पब्लिक ग्रीवेंस जैसे प्लेटफार्मों से सीधे सरकार तक पहुंच मिली है। पहले कांग्रेस के शासन में फाइलें तिजोरी में बंद रहती थीं, आज मोदी सरकार में हर फाइल डिजिटल प्लेटफॉर्म पर जनता की नजर के सामने है।

प्रतुल शाह देव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने शासन प्रणाली को जनभागीदारी और जवाबदेही पर आधारित बनाया है। डीबीटी से 30 लाख करोड़ रुपये से अधिक राशि सीधे गरीबों के खातों में गयी, जिससे बिचौलियों की पूरी व्यवस्था खत्म हुई। यह वही पारदर्शिता है जिससे कांग्रेस हमेशा डरती रही।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 13 अक्टूबर, 2025
www.azadsipahi.in


## कोल्हू के कोंडरा वन में रक्षासूत्र बांध जंगल बचाने का लिया गया संकल्प



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के कोल्हू गांव अंतर्गत कोंडरा वन में वृक्षाबंधन के 23वीं वर्षगांठ रविवार को धूमधाम से मनाया गया। कोंडरा वन में वन देवी की पूजा-अर्चना के साथ वंदना गीत और दरख्तों के साये में मौन धारण और रक्षासूत्र बांधकर वन बचाने का संकल्प लिया गया। यहां वृक्षाबंधन की शुरुआत कोल्हू निवासी चिंतामन महतो के द्वारा किया गया था। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रमुख सह सांसद प्रतिनिधि संतोष मंडल, भाजपा मंडल अध्यक्ष कैलाशपति सिंह, उपमुखिया मुकेश मंडल, राजू यादव, वन प्रबंधन समिति अध्यक्ष लालचंद प्रसाद, मूलचंद ठाकुर, अशोक प्रसाद, कृष्णा साव आदि ने मंच का उद्घाटन फीता काटकर किया। कार्यक्रम का संचालन पूर्व पंसस अनिल मंडल और विजय प्रसाद ने किया। विवेकानंद विद्या मंदिर धरमपुर, ज्ञान ज्योति विद्या मंदिर चुरचू समेत आसपास क्षेत्र के स्कूली बच्चों के द्वारा पर्यावरण संबंधित एक से बढ़कर एक गीत-संगीत, नृत्य और नुक्कड़-नाटक का मंचन किया गया। कोंडरा वन परिक्षेत्र में ममता देवी, किरण देवी, गीता देवी, बबीता देवी, सुनिता देवी, लीलावती देवी, साधना देवी, आरती देवी, दिनेश्वरी देवी के द्वारा प्रत्येक माह के 12 तारीख को साफ-सफाई कर पूजा-अर्चना करने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रमुख सह सांसद प्रतिनिधि ने ग्रामीणों को वृक्षों से होने वाले लाभ को बता कर इसे संरक्षित और संवर्धित करने की बात कहा। अतिथियों ने कहा कि जंगलों की सुरक्षा से ही हम सब सुरक्षित हैं। ग्रामीणों को आग्रह किया कि जंगल की सुरक्षा के प्रति सजग रहें। मौके पर अमृत प्रसाद, विशाल कुमार, कार्तिक गिरी, सोनू पांडेय, गौतम ठाकुर, जीवलाल प्रजापति और बड़ी संख्या में कोल्हू, मायापुर, डुमर, जेरूवाडीह समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## हजारीबाग में 'आपका एक दीया शहीदों के नाम' कार्यक्रम का आयोजन 16 को



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** इस दीपावली से पूर्व शहीदों के सम्मान में आपका एक दीया शहीदों के नाम कार्यक्रम का आयोजन आगामी 16 अक्टूबर 2025 (गुरुवार) को संध्या 5:30 बजे हजारीबाग शहीद स्मारक परिसर (परिसदन के सामने) में किया जायेगा। देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत इस गरिमामयी कार्यक्रम का शुभारंभ आरंभ बैंड की विशेष प्रस्तुति से होगा। कार्यक्रम का उद्देश्य उन अमर वीरों को नमन करना है जिन्होंने देश की रक्षा के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिये। इस अवसर पर मूक-बधिर और दिव्यांग नादान बच्चों द्वारा तैयार किये गये रंग-बिरंगे दीयों से शहीद स्मारक को रौशन किया जायेगा। यह भावनात्मक पहल शहीदों के प्रति श्रद्धा और कृतज्ञता का प्रतीक होगी। आयोजकों ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे इस कार्यक्रम में शामिल होकर दीप प्रज्वलित करें और इस दीपावली पर अपने घरों में भी शहीदों की याद में एक दीया अवश्य जलायें, ताकि उनकी वीरता और बलिदान की ज्योति सदा जलती रहे।

## किसान सभा का आंदोलन होगा तेज



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** झारखंड राज्य किसान सभा, हजारीबाग जिला इकाई की विस्तारित बैठक रविवार को सीपीआइ कार्यालय में आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता रामेश्वर साहू ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में किसान सभा के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता उपस्थित रहे। बैठक में संगठन को मजबूत करने और आगामी आंदोलनों की रणनीति तय की गयी। मेहता ने कहा कि हजारीबाग जिले में किसान सभा के दो हजार नये सदस्य बनाये जायेंगे। साथ ही, नवंबर के अंतिम सप्ताह से 10 दिसंबर के बीच जिले के विभिन्न प्रखंडों—कटकमसांडी, कटकमदाग, सदर, चौपारण, बरकट्ठा, बड़कागांव और केरेडारी—में भ्रष्टाचार और लूट के खिलाफ धरना-प्रदर्शन आयोजित होंगे। उन्होंने जानकारी दी कि 5 नवंबर को रांची में राज्य स्तरीय विस्तारित बैठक आयोजित होगी, जिसमें अखिल भारतीय किसान सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजन क्षीरसागर शामिल होंगे। इसके अगले दिन 6 नवंबर को नेतरहाट में किसान जनसभा होगी, जिसमें लोहरदगा, गुमला, पलामू, लातेहार और अन्य जिलों के किसान भाग लेंगे। मेहता ने बताया कि आंदोलन का समापन 23 दिसंबर को रांची राजभवन के समक्ष विशाल धरना प्रदर्शन के रूप में किया जायेगा। यह आंदोलन किसानों की ऋण माफी, खाद-बीज में राहत, विस्थापितों को न्याय और राज्य में व्याप्त भ्रष्टाचार के विरोध में होगा। बैठक में अधिवक्ता गुलाम जिलानी, शंभू कुमार, अनंत कुमार आर्या, तुलसी मेहता, निजाम अंसारी, महेंद्र राम समेत कई सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## विकसित भारत बिल्डाथॉन 2025 के लाइव प्रसारण में शामिल होगा ग्रिजली विद्यालय



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** एटीएल ग्रिजली विद्यालय को विकसित भारत बिल्डाथॉन - 2025 के लाइव जूम प्रसारण में भाग लेने के लिए भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय, एआइसीटीइ और नीति आयोग ने विशेष रूप से आमंत्रित किया है। कार्यक्रम 13 अक्टूबर को आयोजित है। यह न केवल ग्रिजली विद्यालय बल्कि पूरे कोडरमा जिले और आसपास के क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है कि विद्यालय का एटीएल देश के चुनिंदा अटल टिंकरिंग लैब्स में शामिल किया गया है, जिन्हें इस लाइव स्पॉटलाइट सत्र के लिए चयनित किया गया है। यह राष्ट्रव्यापी नवाचार अभियान भारत के तीन लाख से अधिक माध्यमिक और वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों के पांच करोड़ से अधिक विद्यार्थियों को जोड़ने जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान ग्रिजली विद्यालय के छात्र अपने प्रशिक्षक कुणाल अम्बष्ठ के निर्देशन में ड्रोन तकनीक, कृषि नवाचार, सड़क किनारे ऊर्जा उत्पादन, ड्राइवर सुरक्षा प्रणाली, बाल देखभाल और महिला स्वास्थ्य जैसे विषयों पर अपने अभिनव प्रोजेक्ट प्रस्तुत करेंगे। विद्यालय के सीइओ प्रकाश गुप्ता ने कहा कि ग्रिजली विद्यालय का एटीएल केवल एक प्रयोगशाला नहीं, बल्कि युवा नवप्रवर्तकों के लिए एक लॉन्चपैड है। इस राष्ट्रीय मंच पर चयनित होना विद्यालय की गुणवत्ता और नवाचार-उन्मुख शिक्षा का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि हमारे विद्यार्थी आज ही भविष्य के समाधान तैयार कर रहे हैं। प्रधानाचार्या अंजना कुमारी ने कहा कि शिक्षा मंत्रालय द्वारा मिली यह मान्यता हमारे विद्यार्थियों और मार्गदर्शक शिक्षकों के सतत प्रयासों का परिणाम है। यह अवसर हमारे एटीएल की प्रतिभा को पूरे राष्ट्र के समक्ष प्रस्तुत करने का गर्व प्रदान करता है। विद्यालय निदेशक अविनाश सेठ, मनीष कापसिमे, सीइओ प्रकाश गुप्ता, सीओओ तनिष्क सेठ, प्रधानाचार्या अंजना कुमारी, समन्वयक, शिक्षक आदि ने हर्ष और गर्व की अनुभूति व्यक्त की।

### हजारीबाग में अभियान को लेकर बैठक का आयोजन

# 'वोट चोर गद्दी छोड़' अभियान के लिए कार्यकर्ता कमर कस लें : जेपी पटेल

आजाद सिपाही संवाददाता




**हजारीबाग।** जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान के अंतर्गत एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष जय प्रकाश भाई पटेल ने कहा कि भाजपा द्वारा संवैधानिक मुल्यों की हत्या कर चुनाव आयोग के सहयोग से आम जनता के वोटों को काटकर वोट चोरी के नियत से अप्रत्याशित रूप से फर्जी वोटों का जोड़ने के विरोध में कांग्रेस द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम को गतिशील बनाने के लिए और इसे जन-जन तक पहुंचाने के लिए वरिष्ठ कांग्रेसजन, प्रखंड अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, पंचायत अध्यक्ष, वार्ड अध्यक्ष प्रकोष्ठ अध्यक्ष तथा कांग्रेसी कार्यकर्ता अपनी-अपनी कमर कस लें। उन्होंने कहा कि जिला कांग्रेस कमिटी हजारीबाग द्वारा अधिक से अधिक हस्ताक्षर करा कर प्रदेश कार्यालय को समर्पित कर जिला कांग्रेस कमिटी हजारीबाग को एक नम्बर बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि सोमवार तथा शनिवार 9 बजे से 12 बजे तक कांग्रेस कार्यालय में जन समस्या का समाधान करेंगे। कार्यक्रम का संचालन दिलीप रवि, जबकी धन्यवाद ज्ञापन माशूक अंसारी ने किया। कार्यक्रम में प्रदेश सचिव अवधेश कुमार सिंह, शशि मोहन सिंह, पूर्व अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव, दिगम्बर मेहता, ओबीसी प्रदेश सचिव रेणू कुमारी, बीरेन्द्र कुमार सिंह, लाल बिहरी सिंह, राजू चौरसिया, सुनिल कुमार ओझा, अनिल कुमार उपाध्याय, अजय गुप्ता, अर्जुन सिंह, सुनिल सिंह राठौर, शारदा रंजन दुबे, कैलाश पति देव, राजीव मेहता, लखराज सिंह, सरयू यादव, मकसूद आलम, कृष्णदेव प्रसाद सिंह, सलीम रजा, राजू यादव, अफरोज आलम, तारिक रजा प्रकोष्ठ अध्यक्षों में प्रकाश यादव, कोमल कुमारी, सेवा दल अध्यक्ष गुड्डु सिंह, ज्ञानी प्रसाद मेहता, दीपक गुप्ता, रिंकू कुमार, नगर अध्यक्ष परवेज अहमद प्रखंड अध्यक्षों में अजीत कुमार सिंह, नरसिंह प्रजापति, गोवर्धन गंझू, सत्यनारायण प्रसाद, अब्बास अंसारी, अब्दुल मनान वारसी, मोहम्मद नौशाद आलम, प्रदीप मंडल, अजय यादव, रंजीत यादव, रविन्द्र सिंह, संजय यादव, शिव नंदन साहू, जहांगीर अंसारी समेत बड़ी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित थे।

## माउंट लिट्रा जी स्कूल के छात्र रुद्र प्रताप सिंह ने जीते तीन पदक

आजाद सिपाही संवाददाता




**हजारीबाग सदर।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत माउंट लिट्रा जी स्कूल सीलवार के छात्र ने खेलो झारखंड 2025-26 के तहत आयोजित राज्य स्तरीय तेराको प्रतियोगिता में माउंट लिट्रा जी स्कूल के छात्र रुद्र प्रताप सिंह ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का मान बढ़ाया यह प्रतियोगिता 69वें राष्ट्रीय स्कूल खेल महोत्सव के अंतर्गत रांची के होटवर खेलगांव में आयोजित की गयी रुद्र प्रताप सिंह ने 50 मी फ्री स्टाइल में स्वर्ण पदक 100 मीटर फ्री स्टाइल में रजत पदक 200 मीटर आइएम में रजत पदक हासिल किया। उसके इस सफल कार्य के लिए उनके विद्यालय के निर्देश शशि शंकर प्रसाद, प्राचार्य राम किशोर सिंह, आर एम प्रार्थना मिश्रा, तथा शिक्षक वृंद ने बधाई दी और उज्जवल भविष्य के कामना किये।

## आरपीएफ ने यात्री का लैपटॉप वापस किया


**झुमरीतिलैया(आजाद सिपाही)।** आरपीएफ कोडरमा ने ऑपरेशन अमानत के तहत यात्री का ट्रेन में छूटा लैपटॉप वापस किया। 11 अक्टूबर को विशाल कुमार नामक यात्री ने रेल मदद पर शिकायत दर्ज कराई थी कि गाड़ी संख्या 20839 के कोच बी-3, सीट 34 पर उसका बैग छूट गया है। कोडरमा स्टेशन पर जांच के दौरान आरपीएफ ने बैग बरामद किया, जिसमें डेल कंपनी का लैपटॉप मिला। वीडियो कॉल से पहचान की पुष्टि के बाद बैग को आरपीएफ पोस्ट पर सुरक्षित रखा गया। रविवार को सत्यापन उपरांत लैपटॉप यात्री को सुपुर्द किया गया। बरामद सामान की कीमत लगभग 60 हजार रुपये आंकी गयी।

## एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड में नव विकसित क्षेत्रीय ज्ञानार्जन संस्थान का उद्घाटन किया



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड के नव विकसित क्षेत्रीय ज्ञानार्जन संस्थान का उद्घाटन एनटीपीसी लिमिटेड के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक गुरदीप सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर एनटीपीसी के सभी पांचों निदेशकों और क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (कोयला खनन) की गरिमामय उपस्थिति रही। अपने उद्घाटन संबोधन में गुरदीप सिंह ने विश्वास व्यक्त किया कि यह क्षेत्रीय ज्ञानार्जन संस्थान न केवल खनन क्षेत्र के लिए बल्कि संपूर्ण संगठन की प्रशिक्षण आवश्यकताओं के लिए एक Centre of Excellence" के रूप में उभरेगा। उन्होंने निरंतर कौशल विकास और ज्ञान साझा करने के महत्व पर जोर दिया, जो एनटीपीसी के परिचालन उत्कृष्टता और सतत विकास के विजन को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मौक पर परियोजना प्रमुख पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना ने सुब्रत कुमार दाश, सीएमडी और निदेशक मंडल को आरएलआइ में विकसित विश्वस्तरीय संरचना और अत्याधुनिक सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी, जो कर्मचारियों के समग्र प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण के लिए तैयार की गयी है। इस अवसर पर बादम कोयला खनन परियोजना के परियोजना प्रमुख अरुण कुमार सक्सेना, चट्टी बरियातू कोयला खनन परियोजना के परियोजना प्रमुख नवीन गुप्ता, कोल माइनिंग मुख्यालय और एनटीपीसी की विभिन्न कोयला खनन परियोजनाओं के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## केरेडारी में एनटीपीसी अधिकारी की पत्नी से चेन छीन उड़े अपराधी



**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** एनटीपीसी हजारीबाग में कार्यरत डीजीएम रवि शंकर की पत्नी के साथ 9 अक्टूबर की शाम पांच बजे के करीब छिनैती (चेन स्नैचिंग) की घटना घटित हुई। यह घटना मतवारी गांधी मैदान के समीप मधुवन रेसिडेंसी के पास हुई। इस घटना के तुरंत बाद रवि शंकर द्वारा संबंधित थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी। लेकिन स्पष्ट सीसीटीवी फुटेज में अभियुक्तों के चेहरे और मोटरसाइकिल के नंबर प्लेट की पहचान होने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गयी है। श्री रवि शंकर स्वयं इस मामले में सक्रिय रहकर प्रमाण जुटाने के प्रयास में लगे हुए हैं। उन्होंने नियंत्रण कक्ष और अन्य स्त्रोतों से सीसीटीवी फुटेज की जांच भी कराई किंतु यह पाया गया कि अधिकांश कैमरे या तो कार्यरत नहीं हैं या उनका रिकॉर्डिंग फीड सुरक्षित नहीं किया जा रहा है। यह समूचा घटनाक्रम हजारीबाग जिला में कानून-व्यवस्था की स्थिति पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। दिनदहाड़े शहर के प्रमुख क्षेत्र में ऐसी घटना का घटित होना और उसके बाद पुलिस की निष्क्रियता नागरिकों के सुरक्षा-भाव को गहरा आघात पहुंचाती है। स्थानीय नागरिकों और एनटीपीसी परिवार ने प्रशासन से आग्रह किया है कि दोषियों की शीघ्र पहचान कर कठोर कार्रवाई की जाये और शहर में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाया जाये।

# झुमरीतिलैया शहर में आइओसीएल की पाइपलाइन से घरों में गैस सप्लाई शुरू

- पहला उपभोक्ता बने चित्रगुप्त नगर के मंतोष सिंह
- शहर के करीब चार हजार 500 उपभोक्ताओं को गैस पहुंचाने की है योजना
- अब तक 35 लोगों के यहां पहुंची चुकी है गैस
- दो माह इस्तेमाल के बाद आएगी बिल

सतीश कुमार



**क्या कहते हैं प्रोजेक्ट मैनेजर ?**

प्रोजेक्ट मैनेजर गौरव कुमार बताते हैं कि पाइपलाइन के जरिये घरों में गैस लेने से उपभोक्ताओं को कई प्रकार के लाभ मिलेंगे। इनमें एलपीजी से सस्ता, 24 घंटे गैस उपलब्ध और सबसे सुरक्षित शामिल है। उन्होंने बताया कि उपभोक्ताओं को इसके दो माह इस्तेमाल के बाद बिल उनके घरों में पहुंचेगा, तब ही बिल का भुगतान होगा। श्री सिंह के मुताबिक गैस का डंप कोरियाडीह के पास बनाया गया है। इसके लिए उपभोक्ताओं को 6 हजार 500 रु सिक्योरिटी मनी जमा करना होगा, जो रिफंडेबल है।

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** झुमरीतिलैया शहर में आइओसीएल की पाइपलाइन के जरिये घरों में गैस सप्लाई शुरू हो गया है। इससे उपभोक्ताओं को बड़ी राहत मिलेगी। यह संभव हो पाया है इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड के सौजन्य से। इसमें बड़ी बात है कि गैस का घरों में दो माह इस्तेमाल के बाद बिल पहुंचेगी और तब इस राशि का भुगतान करना होगा। जानकारी के मुताबिक शहरी गैस वितरण योजना के तहत अब तक शहर में 35 उपभोक्ताओं के घरों में पाइपलाइन के माध्यम से गैस पहुंचा दिया है। इसका उपयोग भी भोजन आदि बनाने में लोग कर रहे हैं। इसकी सप्लाई पाने वाले पहले उपभोक्ता चित्रगुप्त नगर, आर्यन हॉस्पिटल के पीछे निवासी मंतोष सिंह बने हैं। इसके अलावा इसी रोड के बासुदेव यादव, सुनीता कुमारी समेत अन्य हैं। बताते हैं कि शहर में 4 हजार 500 उपभोक्ताओं को घरों में गैस पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित है। इसके लिए अब तक करीब 2 हजार घरों में पाइपलाइन पहुंचा दिया गया है। साल 2026 के अप्रैल माह तक इसे पूर्ण करने का लक्ष्य है। गैस कनेक्शन के लिए 8521086782 पर संपर्क कर सकते हैं।

## केंद्रीय छठ पूजा फल वितरण समिति की हुई बैठक, व्यवस्थाओं को लेकर हुई चर्चा



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय छठ पूजा फल वितरण समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आर्य समाज कन्या विद्यालय के प्रांगण में रविवार को ही। अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष मनोज कुमार गुप्ता ने की। बैठक की शुरूआत पिछली बैठक की कार्यवाही को पढ़कर सुनाने से हुई, जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया। इसके पश्चात समिति के उद्देश्यों को पूर्ण करने हेतु अधिक से अधिक लोगों को समिति से जोड़ने का निर्णय लिया गया। यह भी तय किया गया कि सदस्यता राशि ऐच्छिक होगी।समिति के आवश्यक सामग्रियों को सुरक्षित रखने के लिए एक ट्रंक (संग्रह पेटी) रखने का निर्णय लिया गया। समयाभाव के कारण अगली बड़ी बैठक की संभावना कम होने के मद्देनजर, बैठक में लिए गये निर्णयों को ही अंतिम निर्णय मानते हुए उनके अनुपालन का प्रस्ताव पारित किया गया। आगामी छठ पर्व के फल वितरण हेतु विभिन्न कार्य समितियों को सक्रिय रूप से कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिये गये। साथ ही व्यवस्था को और अधिक पुख्ता और पारदर्शी बनाने पर बल दिया गया। इस वर्ष भी पूर्व की भांति हिंदू स्कूल के गेट पर एक बड़ा होर्डिंग लगाने तथा सुरक्षा के लिए गार्ड की व्यवस्था करने का निर्णय लिया गया। समिति की पारदर्शिता और वित्तीय व्यवस्था की निगरानी की जिम्मेदारी रवि रंजन को सौंपी गयी। बैठक में यह भी तय किया गया कि आवश्यक पत्र और रसीद छपवाकर कोषाध्यक्ष के माध्यम से प्राप्त करायी जायेंगी। बैठक का समापन अध्यक्ष मनोज कुमार गुप्ता द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया। बैठक में प्रेम प्रसाद राणा (उपाध्यक्ष), तिलेश्वर कुमार, सचिन खंडेलवाल मिडिया प्रभारी, रवि रंजन, सुधीर सिन्हा, महेश रविदास, महेंद्र प्रसाद राणा, सुनील कुमार श्रीवास्तव, संजय कुमार, हीरा राणा (उपाध्यक्ष), सोनू सुमन, भोला राणा, प्रमोद कुमार मेहता, मनमीत अकेला, विक्की पांडे, टेकलाल साहू, चन्दन कुमार मेहता, अरविंद, कुमार राणा, शिवकुमार आदि उपस्थित थे।

## ब्राह्मण समाज के प्रखंड उपाध्यक्ष के निधन पर शोक



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत अमनारी निवासी रामचंद्र पांडेय पिता दिनेश्वर पांडेय के निधन से ब्राह्मण समाज शोक संवेदना प्रकट किया। बता दे कि रामचंद्र पांडेय कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे वे अपना अंतिम सांस हजारीबाग सदर अस्पताल में लिया प्रदेश अध्यक्ष अमरेश गणक और केदारनाथ पंडा ने गहरा शोक प्रगट किया है उन्होंने कहा कि ब्राह्मण समाज के लिए अपूरणीय क्षति है बहुत ही दुखद घटना है जिसका भारपाई नहीं किया जा सकता है लेकिन भगवान के आगे किसी को नहीं चलती है शोक संवेदना व्यक्त करने वाले में तुलेश्वर पांडेय, उमेश पांडेय, उपेंद्र पांडेय ज्योतिष पंडा, रामलखन पांडेय, नारों पांडेय, सुरेश पांडेय, महेंद्र पंडा, विनय पांडेय, संतोष पांडेय, मनोज पांडेय, अजय पांडेय, सागर पांडेय, रामचंद्र पांडेय, महेन्द्र पांडेय, पंकज पांडेय, सागर पांडेय, सोनू पांडेय, वकील पांडेय, अनंत पांडेय, रामेश्वर पांडेय, सुखदेव पांडेय, गंगाधर पंडा, सुबोध पंडा, शानू पंडा, सुरेश मिश्रा, सत्यानंद पांडेय, धर्मेंद्र पांडेय, विकास मिश्रा, संजय पांडेय सहित प्रदेश से प्रखंड तक ब्राह्मण समाज ने शोक संवेदना व्यक्त किया।

## सार्वजनिक छठ पूजा समिति का गठन



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड का प्रसिद्ध बेलवा नदी छठ घाट पर प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी छठ पूजा आयोजन को लेकर सार्वजनिक छठ पूजा समिति का गठन किया गया। इस निमित अम्बेडकर क्लब बरकट्ठा में पूर्व मुखिया बसंत साव की अध्यक्षता में बैठक किया गया। संचालन सुनील श्रीवास्तव ने किया पिछले वर्ष छठ पूजा के शानदार आयोजन के लिए अध्यक्ष बिंदु सोनी व उनकी टीम की योगदान की सराहना की गयी साथ ही इस बार समिति की गठन में युवा वर्ग को प्राथमिकता दी गयी जिसमें कुछ अनुभवी सदस्यों को भी जोड़ा गया हैं इस वर्ष भी छठ पूजा के अवसर पर घाट व छठ मार्ग की साफ-सफाई, भव्य लाइटिंग, लाउडस्पीकर, गेट साज सज्जा की व्यवस्था की जायेगी साथ ही भव्य गंगा आरती और महाप्रसाद वितरण योजना पर भी विचार किया जा रहा है। सर्वसम्मति से अध्यक्ष राहुल गुप्ता, उपाध्यक्ष संजीत सोनी, सचिव संतोष मल्लाह, उपसचिव दिलीप सोनी, कोषाध्यक्ष धीरज गुप्ता, उप कोषाध्यक्ष गुड्डू गुप्ता को मनोनीत किया गया। संरक्षक टीम में पूर्व मुखिया बसंत साव, दर्शन सोनी, अजीत यादव, सुनील श्रीवास्तव, दर्शन गुप्ता, अशोक गुप्ता, संजय गुप्ता, बिंदु सोनी, रामेश्वर यादव, अनिल वर्णवाल, अनूप गुप्ता, अशोक नायक, राजन विश्वकर्मा, कुंदन सोनी, सूरज मोदी, मनोज मोदी, मनोज विश्वकर्मा समेत कार्यकारिणी समिति में प्रदीप सिंह की अगुवाई में विनोद सोनी, पप्पू दास, किशोर दास, सुनील साहनी, सुमन गुप्ता, सचिन, बिट्टू मोदी, मोनू विश्वकर्मा, चिंटू विश्वकर्मा, धीरज विश्वकर्मा, कंचन विश्वकर्मा, विकास विश्वकर्मा, राहुल, गड्डा, शेरा, कुंदन, मुकेश, मोनू मंडल समेत सहयोग राशि संग्रह के लिए सूरज मोदी की अध्यक्षता में 21 नवयुवकों की टीम की घोषणा की गयी। बैठक में मुख्य रूप से बड़ी संख्या में छठ पूजा सहयोगी टीम के युवा उपस्थित थे।

## जदयू के पूर्व जिलाध्यक्ष स्व रविंद्र प्रसाद की 10वीं पुण्यतिथि मनी



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** समाजसेवा और सादगी के प्रतीक रहे जनता दल यूनाइटेड के पूर्व जिलाध्यक्ष स्व रविन्द्र प्रसाद की 10वीं पुण्यतिथि शनिवार को श्रद्धा भाव के साथ मनायी गयी। तिलैया थाना के समीप स्थित रवि लता कॉम्प्लेक्स में इस दौरान गरीबों के बीच भोजन कराया गया और कपड़ों का वितरण किया गया। मौके पर उनके पुत्र शैलेश कुमार शोलू ने बताया कि उनके पिता स्व रविन्द्र प्रसाद लगातार नौ वर्षों तक जदयू के जिलाध्यक्ष रहे। उन्होंने कभी राजनीति को साधन नहीं, बल्कि सेवा का माध्यम बनाया। राजनीति से उन्होंने लोगों की भलाई की और हमेशा गरीबों की सेवा को प्राथमिकता दी। शोलू ने भावुक होकर कहा कि पिताजी ने कभी भ्रष्टाचार से समझौता नहीं किया। वे सादगी, ईमानदारी और जनहित के प्रतीक थे। जॉर्ज फर्नांडिस, नीतीश कुमार, वशिष्ठ नारायण सिंह और ललन सिंह जैसे नेताओं का उन पर स्नेह और मार्गदर्शन रहा। उन्होंने यह भी बताया कि जब नीतीश कुमार रेल मंत्री थे, तब स्व प्रसाद को रेलवे बोर्ड सलाहकार समिति और दूरसंचार सलाहकार समिति का सदस्य बनाया गया था, जो उनके योगदान की बड़ी पहचान थी। पुण्यतिथि पर पुत्र शैलेश कुमार शोलू, उनकी पत्नी प्रीति सिन्हा, पुत्रियां रिद्धि और सिद्धि ने मिलकर गरीबों को भोजन और वस्त्र वितरित किया।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर ने चलाया 'अभिभावक संपर्क अभियान'



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** शहर के गोला रोड स्थित रामप्रसाद चंद्रभान सरस्वती शिशु विद्या मंदिर ने रविवार को भैया बहनों की प्रगति और उनके समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए 'अभिभावक संपर्क अभियान' आयोजित किया गया। इस अभियान के अंतर्गत विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रीप्रवीण सहित आचार्य-दीदी की टोली ने विभिन्न छात्र-छात्राओं के घर जाकर उनके अभिभावकों से मिले और बच्चों की पढ़ाई, व्यवहार, अनुशासन और दैनिक दिनचर्या के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। आचार्यों ने अभिभावकों को यह भी बताया कि विद्यालय में छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए इस प्रकार की गतिविधियां चलाई जा रही हैं। वहीं, अभिभावकों ने भी अपने सुझाव और विचार साझा किये और बच्चों की शिक्षा में विद्यालय के सहयोग की सराहना की। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने बताया कि इस प्रकार के संपर्क अभियान का उद्देश्य विद्यालय और अभिभावकों के बीच संवाद को मजबूत करना। साथ ही बच्चों की शिक्षा में पारिवारिक सहयोग को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे ताकि बच्चों की प्रगति पर निरंतर ध्यान दिया जा सके। वही, अभिभावक संपर्क प्रमुख भोला नाथ घोष ने बताया की जिन क्षेत्रों से अपने विद्यालय में छात्र-छात्राएं पढ़ने आते हैं। वैसे सभी क्षेत्रों का योजना बाद तरीके से दौरा किया जायेगा। इस अभियान में आचार्य भोलानाथ घोष, दिनेश महतो, श्रीकांत द्विवेदी, अमित बर्मन, शैलेंद्र कुमार सिंह, बबीता कुमारी, अंजू कुमारी, बबीता रानी, उत्तम कुमार, शालू कुमारी आदि शामिल थे।

## जवाहर नगर ज्योति क्लब में श्रीश्री काली पूजा समिति की हुई बैठक



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** जवाहर नगर ज्योति क्लब दुर्गा मंडप प्रांगण में शनिवार की रात्रि श्रीश्री काली पूजा समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जसवंत शर्मा और संचालन अभिषेक कुमार दास ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी जवाहर नगर में काली पूजा पूरे धूमधाम और भक्तिभाव के साथ मनाया जायेगा। पूजा की तैयारी, व्यवस्था और अनुशासन को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा हुई। पूजा की सफलता को लेकर आयोजन समिति का गठन किया गया। जिसमें रामचंद्र गोसाईं, जगतार सिंह, सतीश मोहन मिश्रा, भुरकुंडा पंचायत के मुखिया अजय पासवान, सुंदर नगर पंचायत के मुखिया व्यास पांडेय और कृष्णा पासवान को संरक्षक मनोनित किया गया। वहीं अध्यक्ष विजय मोहन मिश्रा, उपाध्यक्ष राजेश गुप्ता, सागर सिंह व जसवंत शर्मा, संगठन सचिव बिट्टू कुमार पांडेय, सचिव जसवीर सिंह, कोषाध्यक्ष मोनू पंडित, सह सचिव अंकुर कुमार, गोनू कुमार, गौतम कुमार, जॉनसन, नैतिक मोहन मिश्रा, आयुष गुप्ता, अतुल कुमार शर्मा, विवेक कुमार और यश कुमार को चुना गया। बैठक में समाजसेवी श्रीनिवास अग्रवाल, रामचंद्र गुप्ता, बंटू मिश्रा, कुलू मिश्रा, शांतनु कुमार, पंकज कुमार, उपेंद्र शर्मा, सुनील कुमार सहित दर्जनों युवक मौजूद थें।

## संडे ड्यूटी कटने पर ऑपरेटरों ने उत्पादन कार्य का किया बहिष्कार



**कुजू (आजाद सिपाही)।** संडे ड्यूटी काटे जाने से नाराज होकर सीसीएल तोपा परियोजना में कार्यरत 53 ऑपरेटरो ने उत्पादन कार्य को बहिष्कार कर दिया। जिससे मशीनों के नहीं चलने से परियोजना का कोयला उत्पादन ठप हो गया। जिससे प्रबंधन को लाखों का नुकसान होने का अनुमान है। जानकारी के अनुसार, परियोजना में कार्यरत 53 ऑपरेटरो को लगातार संडे ड्यूटी मिल रही थी। लेकिन रविवार को अचानक प्रबंधन द्वारा कुछ ऑपरेटर की संडे ड्यूटी काट दी गयी। जिससे झुब्ध होकर 53 आपरेटर ने सामूहिक रूप से कार्य का बहिष्कार कर दिया। साथ ही, प्रबंधन से संडे ड्यूटी बहाल करने की मांग की। इधर प्रबंधन ऑपरेटरो के नाराजगी दूर करने के प्रयास में जुटी है। आंदोलन में शंकर गिरी, अख्तर, मुबारक, विजय, आशिक अंसारी, खुशलाल कुमार गंझू, तालो मांझी, कामेश कुमार, सहदेव बेदिया, जबील अंसारी समेत कई शामिल रहे।

## तीन खड़े ट्रकों से बैट्री चोरी

**कुजू (आजाद सिपाही)।** क्षेत्र के ट्रांसपोर्ट नगर, कुजू में शनिवार की देर रात चोरों ने तीन ट्रकों से बैटरी सहित अन्य साम्रगी की चोरी कर ली। घटना की जानकारी रविवार की सुबह ट्रक चालकों द्वारा ट्रक स्टार्ट करने पर हुई। जहां ट्रक स्टार्ट नहीं होने पर देखा कि ट्रक से बैटरी और अन्य सामान गायब है। बताया जाता है कि कोयला व्यापारी और ट्रांसपोर्टर द्वारा कोल इंडिया लिमिटेड के विरुद्ध किया जा रहे आंदोलन के कारण काफी संख्या में ट्रांसपोर्ट नगर में ट्रक खड़े हैं। जिसका फायदा उठाकर चोरों ने ट्रक संख्या जेएच 02 एएस 0724, जेएच 05 सीपी 7566 और यूपी 65 टी 2991से बैट्री, जक, रड, टर्मिनल पांच सौ नगद चोरी कर फरार हो गये।

## बालू लदे ट्रैक्टर और स्टोन चिप्स से भरी हाइवा जब्त

**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू पुलिस ने अवैध खनन व परिवहन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए तीन वाहनों को पकड़ा है। इस संबंध में थाना प्रभारी द्वारा जिला खनन पदाधिकारी, रामगढ़ को भेजे गये प्रतिवेदन में बताया गया है कि रविवार सुबह लगभग कटिया न्यू मार्केट के पास बिना चालान चल रहे भारी वाहनों की जांच की गयी। जांच के दौरान पाया गया कि दो बिना नंबर के ट्रैक्टरों में लगभग 100-100 सीएफटी बालू लदा था और एक हाईवा जेएच 23 सी-0516 में 900 सीएफटी स्टोन चिप्स लदा हुआ था। जांच के दौरान वाहनों के कागजात व रसीद नहीं पायी गयी। मौके पर पुलिस को देख हाईवा चालक वाहन को छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने सभी वाहनों को थाना परिसर में जब्त कर खड़ा कर दिया है। थाना प्रभारी ने जिला खनन विभाग से नियम के तहत जांच कर आवश्यक विधि अनुसार कार्रवाई करने का अनुरोध किया है।

# राष्ट्रपिता की प्रतिमा खंडित

## असामाजिक तत्वों के कृत्य की पुलिस कर रही जांच

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** रामगढ़ शहर के गांधी चौक पर स्थापित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के प्रतिमा अचानक खंडित हो गयी। कई सामाजिक संगठनों ने इसके पीछे और सामाजिक तत्वों की हरकत बतायी। हालांकि इस मामले में किसी भी संगठन या व्यक्ति के द्वारा पुलिस थाने में सूचना लिखित तौर पर नहीं दी गयी है। लेकिन पुलिस खुद ही इसकी जांच में जुट गयी है। रामगढ़ थाना प्रभारी नवीन प्रकाश पांडे ने बताया कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के प्रतिमा खंडित होने की खबर मिलते ही मामले की जांच शुरू कर दी गयी है। सबसे बड़ी अड़चन यह थी कि थाना चौक पर लगे सीसीटीवी कैमरे का तार आंधी तूफान में टूट



जाने के कारण बैकअप नहीं मिल पाया। आसपास के दुकानों में लगे सीसीटीवी कैमरे को भी देखा गया। लेकिन सब अपनी दुकान तक ही फोकस थे। किसी भी कैमरे में अभी तक महात्मा गांधी की प्रतिमा को खंडित किये जाने की घटना दिखायी नहीं दे रही है। प्रतिमा की मरम्मत कराई जा रही है।

**झारखंड सर्वोदय मंडल ने की कड़ी निंदा :** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा को असामाजिक तत्वों द्वारा खंडित किये जाने पर झारखंड सर्वोदय मंडल के सदस्य बसंत हेतम सरिया ने दुख जताया है और इस कुकृत्य की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि इस तरह का काम करने वाले लोग देशद्रोही हैं जो स्वतंत्रता सेनानियों का लगातार अपमान करते रहते हैं। हर समय समाज में अशांति फैलाने के कुत्सित प्रयास में लगे रहते हैं। प्रशासन को ऐसे लोगों को यथाशीघ्र चिन्हित कर उन पर कठोर कानूनी कार्यवाही करनी चाहिए।

### भाजपा नेता ने की कड़ी कार्रवाई की मांग

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा को खंडित करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग भाजपा नेता धनंजय कुमार पुटूस ने की है। उन्होंने कहा कि घटना अत्यंत निंदनीय, दुखद और शर्मनाक कृत्य है। यह सिर्फ एक प्रतिमा का नहीं, बल्कि पूरे देश की आत्मा और अहिंसा के प्रतीक महात्मा गांधी जी के आदर्शों का अपमान है। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी का एक हाथ तोड़कर नाली में फेंक दिया गया था। दूसरा हाथ भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। साथ ही उस स्थल का एक गेट भी तोड़कर सामाजिक तत्व लिए गये हैं।

## मारवाड़ी महिला समिति ने किया दीपावली मेले का आयोजन

**समिति महिलाओं को प्रोत्साहित करने में सदैव अग्रणी रहता है: निशा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** मारवाड़ी महिला समिति रामगढ़ शाखा के तत्वावधान में शहर के मेन रोड स्थित जैन भवन के सभागार में दीपावली मेले का आयोजन किया गया। मेले का शुभारंभ शिक्षाविद कस्तूरबा महिला महाविद्यालय की प्रधानाचार्या रूमा सिंह और समिति की पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर रूमा सिंह ने मारवाड़ी महिला समिति द्वारा किये जाने वाले जन कल्याणकारी कार्यों की भरपूर सराहना की। उन्होंने कहा कि मारवाड़ी महिला समिति जरूरतमंदों की सहायता और महिला सशक्तिकरण के लिए सदैव प्रयासरत रहती है।

मौके पर समिति की अध्यक्ष निशा जैन ने बताया कि हमारी समिति द्वारा प्रत्येक वर्ष दीपावली के अवसर पर मेले का आयोजन किया जाता है। इसके अंतर्गत हम झारखंड के चुनिंदा बूटीकों और स्टॉलों को आमंत्रित कर शहर वासियों को एक ही छत के नीचे दीपावली की संपूर्ण खरीददारी की सुविधा प्रदान करते हैं। हमारा संगठन महिलाओं को प्रोत्साहित करने में सदैव अग्रणी रहता है और आज का हमारा आयोजन भी इस श्रृंखला की एक कड़ी है।

**कार्यक्रम को सफल बनाने में इनका रहा योगदान :** कार्यक्रम को सफल बनाने में अरुणा जैन, मीनू मोदी, सिंपल बरेलिया, प्रिया अग्रवाल, रेनू मित्तल, पुष्पा अग्रवाल, नेहा मित्तल, निर्मला अग्रवाल, सरिता अग्रवाल, मंजू अग्रवाल आदि का योगदान रहा।



### लक्की ड्रॉ का हुआ योजना

मेले में रात्रि प्रहर में लक्की ड्रॉ का आयोजन किया गया है। लक्की ड्रॉ शहर के प्रसिद्ध समाजसेवी गोविंद लाल अग्रवाल के द्वारा कराया गया। श्री अग्रवाल ने समिति के अध्यक्ष को समिति के उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रदान की। मेले के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए अध्यक्ष निशा जैन ने कहा कि मेले के आयोजन और लक्की ड्रॉ के आयोजन से अर्जित आय जरूरतमंदों की सहायता और लोक कल्याण के कार्यों में लगायी जायेगी। धन्यवाद ज्ञापन समिति की सचिव रिद्धि जैन ने दिया।

## सोहराय चांचड़र आर बरदखुंटा कार्यक्रम को लेकर बैठक

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** आगामी 18 अक्टूबर को जिला मैदान से रामगढ़ कॉलेज मैदान तक होने वाली सोहराय चांचड़र आर बरदखुंटा की तैयारी को लेकर रविवार को मुर्रामकला में बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता समाजसेवी ओम प्रकाश महतो व संचालन अनिल पटेल ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए ओम प्रकाश महतो ने कहा कि विगत 3 वर्षों से सोहराय चांचड़र आर बरदखुंटा कार्यक्रम हो रही है, इस वर्ष भी यह कार्यक्रम भव्य रूप से होगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए व्यापक पैमाने पर प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। विभिन्न जगहों के दीवारों पर सोहराय कला की पेंटिंग की जा रही है। इस कार्यक्रम में मुर्रामकला से दो हजार लोग अपने पारंपरिक वेशभूषा, ढोल-नगाड़े और गाजे-बाजे के साथ शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम को करने का मुख्य उद्देश्य अपनी भाषा, संस्कृति और सभ्यता को समृद्ध करने और विश्व पटल पर पहचान दिलाना है। बैठक में मुख्य रूप से किशोर कुमार, अनिल महतो, दिनेश महतो, चेतलाल महतो, लाजवंती देवी, दीपक कुमार, महेंद्र महतो, भीरगू महतो, राजेश महतो, मनोज महतो, परमेश्वर महतो, जानकी महतो, अशोक महतो, ललिता देवी, अनिता कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, जयकिशोर दीवान, लिखेश्वर महतो, मनीष कुमार, प्रदीप कुमार, पंकज कुमार आदि उपस्थित थे।

## डीएवी रजरप्पा में मिनी मैराथन का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रजरप्पा।** सीसीएल रजरप्पा स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में रविवार को रन फॉर डीएवी मिनी मैराथन का आयोजन किया गया। झारखंड जोन डी के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी और डीएवी रजरप्पा के प्राचार्य डॉ. एस. के. शर्मा ने बताया कि यह कार्यक्रम डीएवी सीएमसी दिल्ली के निर्देशक डॉ. वी. सिंह के निर्देशानुसार पूरे देश के डीएवी विद्यालयों में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन गोला अंचलाधिकारी सीताराम महतो द्वारा किया गया। अतिथियों का स्वागत प्राचार्य द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया। यह कार्यक्रम



विश्व शांति दिवस, सद्भावना दिवस और सेवा और स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। मिनी मैराथन में तीन श्रेणियों (500 मीटर, 1 कि.मी., 1.5 कि.मी.) की प्रतियोगिताएं रखी गयी। लगभग 350 छात्रों ने इसमें भाग लिया। प्रतियोगिता में लड़कों में नीतीश कुमार (प्रथम), सत्यम कुमार (द्वितीय), दीपक कुमार (तृतीय) और लड़कियों में गुंजन कुमारी (प्रथम), साक्षी कुमारी (द्वितीय), आस्था कुमारी (तृतीय) ने स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य डॉ. शर्मा ने बच्चों को सफलता पर बधाई दी और कहा कि दौड़ निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है और स्वास्थ्य और सकारात्मक सोच को बढ़ावा देती है। शिक्षकों के लिए भी 100 मीटर दौड़ आयोजित की गयी, जिसमें रजनीश पाठक, शंकर प्रसाद, रामेंद्र कुमार और शिक्षिकाओं में गुरुप्रीत कौर, शिल्की कुमारी, आयशा मस्कर ने पुरस्कार प्राप्त किया। अंचलाधिकारी ने बच्चों द्वारा बनायी गयी रंगोली और दिवाली की कलाकृतियों का अवलोकन किया और प्रतिभागियों की सराहना की। झारखंड एथलेटिक्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सी. डी. सिंह ने सभी से खेल में भाग लेने की प्रेरणा दी। प्राचार्य डॉ. शर्मा ने कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान देने वाले सभी अभिभावकों, शिक्षकों और कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

## सांसद सामूहिक विवाह उत्सव को लेकर भाजपाइयों ने आयोजन स्थल का किया निरीक्षण

**सांसद मनीष जायसवाल के माध्यम से 101 जोड़े करेंगे दाम्पत्य जीवन में प्रवेश**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** सांसद सामूहिक विवाह 2026 कार्यक्रम को लेकर गठित टीम ने भाजपा जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में आयोजन स्थल शहर के बाजार टांड़ स्थित सिदो-कान्हू (जिला मैदान) का निरीक्षण किया गया। आयोजन स्थल का निरीक्षण कर जिलाध्यक्ष के द्वारा सांसद को विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत किया जायेगा। तत्पश्चात इस पर निर्णय होगा। इस अवसर पर रामगढ़ जिला सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि हजारीबाग लोकसभा के सांसद मनीष जायसवाल के द्वारा अनूठी पहल की शुरुआत की गयी है। जिसमें इस वर्ष 101 जोड़ों का सामूहिक विवाह हजारीबाग के पावन धरती पर संपन्न हुआ। इस पुनीत कार्य को आगे बढ़ाते हुए सांसद ने निर्णय लिया है कि यह कार्यक्रम मां छिन्नमस्तिका की पावन भूमि रामगढ़ में हो जिसकी तैयारी को लेकर भाजपा रामगढ़ की टीम सक्रिय हो गयी है। जिसको लेकर सभी ने स्थल का निरीक्षण किया। मालूम हो कि इसमें दिव्यांग लड़के, लड़कियों और जिन बच्चियों के सर से पिता का साया नहीं है, जो आर्थिक रूप से अत्यंत कमजोर होते है वैसे बच्चों का शादी कराया जायेगा। इसमें, सांसद के द्वारा नवविवाहित जोड़ों को गृहस्थ जीवन में उपयोग होने वाले सामान के साथ-साथ कई आकर्षक उपहार भी उपलब्ध करवाये जायेंगे। रामगढ़ के इतिहास में पहली बार इतना बड़ा ओर भव्य आयोजन होने जा रहा है। विवाह पूरे विधि विधान के साथ सभी रश्मों को पूरा करते हुए संपन्न करवाया जायेगा। जिसको लेकर भाजपा नेताओं ने अभी से ही तैयारी शुरू कर दी है।



### ये थे शामिल

मौके पर रामगढ़ जिला के जिला महामंत्री राजू चतुर्वेदी, विजय जायसवाल, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू, प्रो संजय सिंह, जिला उपाध्यक्ष छोटन सिंह, बलराम महतो, जिला मंत्री संजीव बाबला, दिलीप सिंह, संजय प्रभाकर, महिला मोर्चा अध्यक्ष शीतल सिंह, कैंट मंडल अध्यक्ष सूर्यवंश श्रीवास्तव, संजय साह, टोकेश सिंह, विनोद राम, सरदार अनमोल सिंह, अर्जुन प्रसाद वर्मा, विवेक गुप्ता, राजीव पामदत, प्रवीण कुमार सोनू, धनंजय कुमार पुटूस, ब्रजेश पाठक, सत्यजीत सिंह, सत्यजीत सिंह, कुणाल दास आदि शामिल थे।

## रन फॉर डे और स्वच्छता अभियान का आयोजन



**चतरा (आजाद सिपाही)।** स्थानीय डीएवी पब्लिक स्कूल के छात्रों और शिक्षकों ने मिलकर रन फॉर डे कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक दौड़ में हिस्सा लिया और फांसीहारी तालाब स्थित शहीद स्मारक की सफाई अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लिया। छात्रों और शिक्षकों ने मिलकर स्मारक परिसर की सफाई की और लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य ए. के. चौबे ने इस अवसर पर छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता न केवल हमारे आस-पास के वातावरण को सुंदर बनाती है, बल्कि हमारे स्वास्थ्य और समाज के विकास के लिए भी अत्यंत आवश्यक है। दौड़ प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों में कुश कुमार (कक्षा VIII) ने प्रथम स्थान, आदित्य कुमार (कक्षा VIII) ने द्वितीय स्थान, तथा रवि कुमार (कक्षा VIII) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालिकाओं की श्रेणी में आयुषा कुमारी (कक्षा ) ने प्रथम स्थान, नेहा कुमारी (कक्षा VIII) ने द्वितीय स्थान, तथा मिशा यादव (कक्षा VIII) और बिभा कुमारी (कक्षा VIII) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस आयोजन का उद्देश्य छात्रों में स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को प्रोत्साहित करना था। पूरे कार्यक्रम में छात्रों और शिक्षकों का उत्साह देखने लायक था।

## अफीम की खेती की रोकथाम के लिए चलाया गया जागरूकता अभियान



**लावालौंग /चतरा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के कोलकोले पंचायत सचिवालय में रविवार को अफीम, पोस्ता और गांजा की खेती के रोकथाम के लिए जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी साकेत सिन्हा ने किया। कार्यक्रम में चतरा डीएसपी अमिता लकड़ा सिमरिया एसडीपीओ सनी राज कुंदा थाना प्रभारी प्रिंस सिंह और वन विभाग के कई अधिकारी शामिल थे। पंचायत भवन में शिविर आयोजित कर आम लोगों से मादक पदार्थ पोस्ता की खेती नहीं करने के लिए जागरूक किया गया। ग्रामीणों को बताया गया कि पोस्ता की खेती करने से जमीन बंजर हो जाता है। उस जमीन में कोई अन्य फसल की खेती नहीं होती है। इसके अलावा युवा पीढ़ी नशे का शिकार हो जाते हैं और अपनी जिंदगी बर्बाद कर देते हैं। इस अवैध खेती करने से थाने में केस दर्ज हो जाता है जिससे कई लोगों को जेल के सलाखों के पीछे जाना पड़ता है। जिससे पूरा परिवार काफी परेशानी हो जाता है। मौके पर कुंदा पंचायत मुखिया सह मुखिया संघ प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार साहू समेत कई जनप्रतिनिधि, ग्रामीण पुरुष और महिलाएं शामिल थे।

## मनरेगा लोकपाल ने किया योजनाओं का निरीक्षण, दिये कई निर्देश



**हंटरगंज (आजाद सिपाही)।** मनरेगा लोकपाल संध्या प्रधान ने प्रखंड के जोरी, लरसर, उरैली सहित कई गांवो का दौरा किया। इस दौरान मनरेगा से संचालित योजनाओं का निरीक्षण कर लाभूकों को कई निर्देश भी दिये। उन्होंने कहा कि मनरेगा योजना से किसान काफी लाभान्वित हो रहे हैं। खासकर बागवानी की खेती कर लाखों रुपया कमा सकते हैं। बागवानी में विभिन्न तरह के सब्जी और दलहन की खेती कर अच्छा आमदनी किया जा सकता है। इस मौके पर बीपीओ निरंजन कुमार सिंह, जेई प्रिंस बक्शी, रोजगार सेवक अनूप समदर्शी सहित अन्य लोग शामिल थें।

## युवक ने की आत्महत्या

**गोला(आजाद सिपाही)।** गोला थाना क्षेत्र के जोभीया गांव के पुरना टांड में रविवार की सुबह को एक युवक का शव पुलिस ने पेड़ से झूलता हुआ बरामद किया है। युवक की पहचान इसी गांव निवासी अंजनी कुमार 30 वर्ष पिता महेश महतो के रूप में की गयी। युवक का शव एक पेड़ में रस्सी के सहारे झूलता हुआ पाया गया। घटना के संबंध में बताया गया कि युवक प्रत्येक दिन की तरह घर से दूर गाय को पानी पिलाने के लिए गया था। इसके बाद फिर लौट कर वापस नहीं लौटा। पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इधर युवक की मौत के बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टिया मामला आत्महत्या का लगता है। उन्होंने संभावना जताया कि घरेलू विवाद में आकर युवक ने आत्महत्या कर लिया होगा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट जानकारी मिल पायेगा।


In The Court of the Executive Magistrate, Ranchi

**AFFIDAVIT**

I, Budhu Oraon S/O Late Dom Oraon resident of H.No.255, Nawadih, Jonha, P.O. Jonha, P.S. Angara, Distt. Ranchi, Jharkhand-835103. do hereby solemnly affirm and declare as follows:-

1. That I am an Indian citizen and living in above mentioned address.
2. That in College Computer of St. John's Inter College, Ranchi. my son's name is mentioned as Sachin Linda, which is wrong.
3. That my son correct name is Shankar Oraon according to Xth CBSE Board Mark Sheet & Aadhar card bearing Aadhar No. 5408 4921 3715.
4. That this affidavit is sworn for the purpose of correction my son's name Shankar Oraon in place of Sachin Linda in College Computer.
5. That my above statements are true & correct and if it is found false I shall be fully responsible.

Sl. No.: 2505 Dated:10/10/2025



**पूर्व मध्य रेल**

धनबाद मंडल से खुलने वाली ट्रेनों में ऑन बोर्ड हाउसकीपिंग सर्विस का चार साल के लिए ठेका

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिये तकनीकी विशेषज्ञता, वित्तीय क्षमता एवं पर्याप्त अनुभव रखनेवाले ख्यातिलब्ध प्रतिष्ठानों/एजेंसियों/संवेदकों "टू पैकेट बिड" पर ई-निविदायें आमंत्रित हैं। **i) निविदा संख्या एवं दिनांक:** e-tender Notice No. MC-06-OPEN-2025-26 दिनांक: 09/10/2025 **ii) कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि :** धनबाद मंडल से खुलने वाली ट्रेनों में ऑन बोर्ड हाउसकीपिंग सर्विस का चार साल के लिए ठेका। **कार्य समापन अवधि** - 4 वर्ष । **iii) कार्य की अनुमानित लागत:** रु. 25,04,69,453.20 (पच्चीस करोड़ चार लाख उनहत्तर हजार चार सौ तिरपन रुपये और बीस पैसे) मात्र। **iv) बयाना राशि:** रु. 14,02,400.00 (चौदह लाख दो हजार चार सौ रुपये) मात्र। **v) ई-निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** तारीख 30/10/2025 को 17:00 बजे **ई-निविदा खुलने की तारीख एवं समय:** तारीख 31/10/2025 को 12:00 बजे **vi) प्री-बिड मीटिंग दिनांक एवं समय 15.10.2025-10:30 बजे: प्री-बिड मीटिंग स्थान:** सीनियर सी.डी.ओ./धनबाद मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय/पू.म.रे./धनबाद **vii) वेबसाईट विवरण:** https://www.ireps.gov.in ई-निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जाएगी।

मंडल रेल प्रबन्धक
पूर्व मध्य रेल, धनबाद

पीआर/1140/डीएचएन/टी/25-26/44

# युवा पीढ़ी अवसाद और चिंता की शिकार

युवाओं को किसी भी देश की सबसे बड़ी ताकत माना जाता है और जिस देश की युवा शक्ति जितनी मजबूत होगी, वह देश उतना ही मजबूत माना जाता है। हाल ही के दिनों में हम नेपाल में युवाओं की शक्ति का चमत्कार देख चुके हैं, जहां युवाओं ने सरकार को हिला दिया। लेकिन इसे विडबना ही कहा जायेगा कि आज के दौर में भारत की युवा शक्ति अर्थात स्कूलों और कालेजों में पढ़ने वाले युवक-युवतियां पढ़ाई के दबाव और अकेलेपन से ग्रस्त होने के कारण चुपचाप बढ़ते मानसिक स्वास्थ्य संकट का सामना कर रहे हैं। हाल ही में देश के विभिन्न शहरों में किये गये शोध से पता चला है कि युवाओं में चिंता, अवसाद और भावनात्मक संकट का स्तर चिंताजनक रूप से बहुत ऊंचा है। शोध में यह चौंकाने वाली बात भी सामने आयी कि राजधानी दिल्ली के छात्र अन्य शहरों के छात्रों की तुलना में अधिक अवसाद ग्रस्त हैं। इस शोध में 18-29 वर्ष की आयु के 1628 छात्र शामिल थे, जिनमें 47.1 प्रतिशत पुरुष और 52.9 प्रतिशत महिलाएं थीं। शोध में शामिल लगभग 70 प्रतिशत छात्र मध्यम से उच्च स्तर की चिंता से ग्रस्त पाये गये, जबकि लगभग 60 प्रतिशत छात्र-छात्राओं में अवसाद के लक्षण दिखाई दिये और 70 प्रतिशत से अधिक ने अत्यधिक तनाव का अनुभव किया। लगभग एक तिहाई ने कमजोर भावनात्मक संबंधों की सूचना दी। 14.6 प्रतिशत छात्र-छात्राओं में जीवन से संतुष्टि कम थी और लगभग 8 प्रतिशत में खराब समग्र मानसिक स्वास्थ्य सूचकांक दर्ज किया। जहां लड़कों ने काफी अधिक तनाव और स्वास्थ्य में खराबी के बारे में बताया वहीं युवतियों के लिए उनकी तत्काल समाधान आवश्यकता रेखांकित हुई। दिल्ली के छात्रों में कुल मिला कर अवसाद का उच्च स्तर दर्ज किया गया, जो मानसिक स्वास्थ्य के मामले में क्षेत्रीय असमानताओं को उजागर करता है। इसी शोध के अनुसार केंद्रीय विश्वविद्यालयों के छात्रों में अवसाद अधिक पाया गया और सरकारी महाविद्यालयों के छात्रों में जीवन से संतुष्टि का स्तर कम पाया गया। इन परेशान करने वाले आंकड़ों के बावजूद बहुत कम छात्रों ने मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं का उपयोग किया। शोधकर्ताओं ने पाया कि लोक लाज, जागरूकता की कमी और अपर्याप्त परिसर-आधारित सहायता इस समस्या के समाधान में प्रमुख बाधाएं बनी हुई हैं। महामारी के बाद तो स्थिति और भी बिगड़ गयी है, जिससे युवाओं में शैक्षणिक तनाव, अकेलापन और भविष्य को लेकर अनिश्चितता बढ़ गयी है। कुल मिला कर इस शोध का निष्कर्ष यह है कि युवा वयस्कों में चिंता, अवसाद और हताशा आदि लक्षण दिखाई देते ही उनकी काऊंसिलिंग तथा युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने वाली स्वास्थ्य नीतियों को स्कूलों या कालेजों में लागू करने की तत्काल आवश्यकता है।

**शोधकर्ताओं ने पाया कि लोक लाज, जागरूकता की कमी और अपर्याप्त परिसर-आधारित सहायता इस समस्या के समाधान में प्रमुख बाधाएं बनी हुई हैं। महामारी के बाद तो स्थिति और भी बिगड़ गयी है, जिससे युवाओं में शैक्षणिक तनाव, अकेलापन और भविष्य को लेकर अनिश्चितता बढ़ गयी है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**1930 के दशक की अराजकता के परिणामस्वरूप द्वितीय विश्व युद्ध छिड़ गया और एक नयी विश्व व्यवस्था का जन्म हुआ। अब, जब लोकतंत्र, वैश्विकता और शांति जैसे स्तंभों पर टिकी वह व्यवस्था चरमरा रही है, विभिन्न देशों में समान चरित्र भारी उथल-पुथल मचा रहे हैं, ग्राम्शी द्वारा ऐसे नेताओं को राक्षस कहना वर्तमान संदर्भ में शायद उचित न हो। फिर भी, आज के युद्धों और अस्थिरता को ग्राम्शी के शब्दों में ही परिभाषित किया जा सकता है।**

# रणनीति और कूटनीति की कसौटी होनी चाहिए


**राम माधव**

प्रसिद्ध इतालवी दार्शनिक और राजनीतिज्ञ एंटोनियो ग्राम्शी ने लिखा था, ह्यह्यपुरानी दुनिया मर रही है और नयी दुनिया जन्म लेने के लिए संघर्ष कर रही है। अब राक्षसों का समय है। यह बात 2020 के दशक पर भी उतनी ही लागू होती है जितनी 1930 के दशक पर, जब ग्राम्शी ने अपनी मार्क्सवादी विचारधारा को बेनिटो मुसोलिनी की फासीवादी सत्ता के विरुद्ध खड़ा किया था। जिस पुरानी दुनिया को ग्राम्शी ने मरते देखा, वह एडॉल्फ हिटलर और मुसोलिनी जैसे नेताओं और यहां तक कि जोसेफ स्टालिन जो स्वयं एक मार्क्सवादी थे, द्वारा अपनाई गयी राक्षसी राजनीति का परिणाम थी। अमेरिकी राष्ट्रपति फ्रैंकलिन रूजवैल्ट जैसे अन्य लोगों ने अपनी चुप्पी के माध्यम से और ब्रिटिश प्रधानमंत्री नेविल चेंबरलेन ने 1938 में हिटलर के तुष्टिकरण के माध्यम से, उस दुनिया के विनाश में तेजी से योगदान दिया।

1930 के दशक की अराजकता के परिणामस्वरूप द्वितीय विश्व युद्ध छिड़ गया और एक नयी विश्व व्यवस्था का जन्म हुआ। अब, जब लोकतंत्र, वैश्विकता और शांति जैसे स्तंभों पर टिकी वह व्यवस्था चरमरा रही है, विभिन्न देशों में समान चरित्र भारी उथल-पुथल मचा रहे हैं, ग्राम्शी द्वारा ऐसे नेताओं को राक्षस कहना वर्तमान संदर्भ में शायद उचित न हो। फिर भी, आज के युद्धों और अस्थिरता को ग्राम्शी के शब्दों में ही परिभाषित किया जा सकता है।

**मोदी ने 2 हफ्ते पहले एक महत्वपूर्ण संदेश दिया था, जिसमें उन्होंने लोगों से स्वदेशी अपनाने और स्वदेशी उद्योगों को बढ़ावा देने का आह्वान किया था।**

जिस तरह 1930 के दशक में अमेरिका द्वारा राष्ट्र संघ में शामिल होने से इंकार करने के कारण उसका पतन हुआ था, उसी तरह नयी व्यवस्था की नींव के रूप में स्थापित संयुक्त राष्ट्र, ट्रंप के शासन में वाशिंगटन से वित्तीय सहायता की कमी के कारण संघर्ष कर रहा है। कई देश इसे एक निरर्थक संगठन मानते हैं जो घटनाओं को प्रभावित करने में असमर्थ है।



**पिछले कुछ दशकों में उसने उस देश के राजनीतिक, सैन्य और नागरिक बुनियादी ढांचे में भारी निवेश किया है। पाकिस्तान के प्रस्ताव, चाहे अमेरिका के प्रति हों या सऊदी अरब के साथ यह समझौता बीजिंग की जानकारी और सहमति के बिना संभव नहीं होता। 26-27 अक्टूबर को कुआलालंपुर में होने वाले पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में एक सफलता की उम्मीद है, जहां ट्रंप और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मिल सकते हैं।**

इस बीच, चीन उस संस्था का उत्साहपूर्वक समर्थन करता दिखाई दे रहा है। वह इस संस्था में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन है। फिर भी, राष्ट्रपति शी जिनपिंग इसके सबसे महत्वपूर्ण वार्षिक आयोजन महासभा, जिसे उन्होंने शायद ही कभी संबोधित किया हो, में बहुत कम रुचि दिखाते हैं। साथ ही, चीन बैल्ट एंड रोड इनिशिएटिव, ग्लोबल डिवैल्पमेंट इनिशिएटिव, ग्लोबल सिक्योरिटी इनिशिएटिव और ग्लोबल सिविलाइजेशन इनिशिएटिव जैसे ढांचों के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के लिए एक नए संस्थागत ढांचे का सक्रिय रूप से निर्माण कर रहा है।

एक नयी व्यवस्था के निर्माण की प्रक्रिया को पूरा करते हुए, शी ने इस वर्ष सितंबर में ग्लोबल गवर्नैंस इनिशिएटिव के गठन की घोषणा की, जिसका उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय शासन प्रणाली में सुधार करना है। भारत को इन घटनाक्रमों के परिणामों के प्रति सचेत रहना चाहिए। दशकों से बनाये गये रिश्ते अब बिखरते दिख रहे हैं। पड़ोसी पहले नीति के तहत अपने सर्वोत्तम प्रयासों के बावजूद, वह एक स्थिर और मैत्रीपूर्ण पड़ोस बनाने में असमर्थ रहा है। उसके कई पड़ोसियों की अस्थिर राजनीति भारत की विदेश नीति की परीक्षा ले रही है। प्रधानमंत्री और फील्ड मार्शल के वादों से बहक कर अमरीका एक बार फिर भारत के कट्टर पश्चिमी प्रतिद्वंद्वी की ओर झुक गया है। यह मान लेना नासमझी होगी कि चीन पाकिस्तान की अमेरिका से बढ़ती नजदीकियों से नाखुश था।

पिछले कुछ दशकों में उसने उस देश के राजनीतिक, सैन्य और नागरिक बुनियादी ढांचे में भारी निवेश किया है। पाकिस्तान के प्रस्ताव, चाहे अमेरिका के प्रति हों या सऊदी अरब के साथ यह समझौता बीजिंग की जानकारी और सहमति के बिना संभव नहीं होता। 26-27 अक्टूबर को कुआलालंपुर में होने वाले पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में एक सफलता की उम्मीद है, जहां ट्रंप और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मिल सकते हैं। हालांकि, दोनों देशों के बीच व्यापार वार्ता शिखर सम्मेलन से पहले समाप्त होने की संभावना नहीं है। टैरिफ पहेली को अंततः हल होने में कुछ और समय लग सकता है। किसी समझौते के अभाव में, भारतीय पक्ष मोदी-ट्रंप बैठक को एक निरर्थक कवायद मान सकता है। इसके अलावा ट्रंप केवल 26 अक्टूबर का दिन कुआलालंपुर में बिता रहे हैं और अगले दिन होने वाले शिखर सम्मेलन को छोड़ रहे हैं, जिससे दोनों नेताओं के बीच किसी भी विस्तृत बातचीत की गुंजाइश कम है।

कुछ लोग तर्क दे सकते हैं कि यह उथल-पुथल एक आदमी की वजह से है। ट्रंप और 2028 में उनके पद छोड़ने के बाद सामान्य स्थिति फिर से बहाल हो जायेगी। अंतर्राष्ट्रीय राजनीति में तीन साल का समय बहुत लंबा होता है। ट्रंप का यह व्यवधान आने वाली नयी व्यवस्था के स्वरूप पर अपनी छाप छोड़ेगा। मोदी ने 2 हफ्ते पहले एक महत्वपूर्ण संदेश दिया था, जिसमें उन्होंने लोगों से स्वदेशी अपनाने और स्वदेशी उद्योगों को बढ़ावा देने का आह्वान किया था। जबकि वह सराहनीय प्रतिक्रिया है। भारत को तत्काल अपने कूटनीतिक विकल्पों-दीर्घकालिक और अल्पकालिक दोनों की व्यापक पुनर्गणना की आवश्यकता है। व्यावहारिकता उसकी रणनीति और कूटनीति की कसौटी होनी चाहिए, रूमानियत नहीं।

**(लेखक : इंडिया फाऊंडेशन के अध्यक्ष हैं।)**


## कोल्हान की खबरें

### सुंदरनगर में भाजपा पोटका विधानसभा की बैठक, आत्मनिर्भर भारत सम्मेलन 15 को



जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। सुंदरनगर स्थित कल्याण मंडप में भाजपा पोटका विधानसभा की बैठक भाजपा महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा के नेतृत में आयोजित की गई। रविवार को आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत आयोजित बैठक में स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग को बढ़ावा देने और क्षेत्रीय जनसमस्याओं के समाधान को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।मौके पर आगामी 15 अक्टूबर को सुबह 11 बजे सुंदरनगर के कल्याण मंडप में पोटका विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन के लिए कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपा गया। सुधांशु ओझा ने कहा आत्मनिर्भर भारत अभियान को सफल बनाने के लिए हर कार्यकर्ता को सक्रिय भूमिका निभानी होगी। बैठक का संचालन भाजपा जिला कार्यालय मंत्री सह कार्यक्रम संयोजक सुबोध झा ने की। धन्यवाद ज्ञापन सुंदरनगर मंडल अध्यक्ष अमित मिश्रा ने की।इस अवसर पर सह संयोजक चंद्रशेखर गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि संजीव कुमार, घाघीडीह मंडल अध्यक्ष आनंद कुमार, कोवाली मंडल अध्यक्ष रविंद्रनाथ सरदार सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### जगन्नाथपुर विधायक ने तोड़ंगाहातू गोप टोला में ट्रांसफार्मर का किया उद्घाटन



जगन्नाथपुर (आजाद सिपाही)। कांग्रेस पार्टी के जगन्नाथपुर विधायक सह सत्तारूढ़ दल के उप मुख्य सचेतक सोनाराम सिंकु ने ग्रामीणों की मांग पर तोड़ंगाहातू पंचायत के गोप टोला में 100 केवी क्षमता वाले ट्रांसफार्मर का विधिवत उद्घाटन किया।रविवार को ट्रांसफार्मर लगने की खुशी में क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।मौके पर विधायक श्री सिंकु ने कहा क्षेत्र में बिजली की आपूर्ति को सुदृढ़ करने और ग्रामीणों की वर्षों पुरानी मांग को पूरा करने के उद्देश्य से यह ट्रांसफार्मर लगाया गया। उन्होंने भरोसा दिलाया क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए वे लगातार कार्य करते रहेंगे।इस अवसर पर प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष लालित कुमार दोरायबुरू, तोड़ंगाहातू पंचायत के मुखिया रविंद्रनाथ तियू, मकरध्वज सरदार, राजू हेम्ब्रम, रंजन गोप, धनमन लागुरी, मनोज सिंकु, नीलांबर गोप, लक्ष्मीनारायण गोप, बुधराम लागुरी, विनोती देवी, सरस्वती देवी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण खुशी जाहिर की।

### सुंदरनगर रेलवे फाटक पर ट्रक बिगड़ने से 3.5 घंटे रहा जाम, पुलिस रही मूकदर्शक

जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। सुंदरनगर रेलवे फाटक पर रविवार सुबह एक ट्रक अचानक खराब होने से करीब साढ़े तीन घंटे तक सड़क में जाम की स्थिति बनी रही।बताया जारहा है घटना सुबह 5 बजे की है। ट्रक रेलवे फाटक पर पहुंचते ही बंद हो गया, जिससे वाहन चालकों और आम राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। वही बगल में थाना होने के बावजूद पुलिस मूकदर्शक बनी रही और जाम से निपटने के कोई ठोस प्रयास नहीं किये। स्थानीय लोगों का कहना है सुंदरनगर रेलवे फाटक अब जुगसलाई फाटक की तरह अत्यधिक व्यस्त हो गया। यदि समय रहते रेलवे ओवरब्रिज या फाटक चौड़ीकरण की योजना नहीं बनायी गयी, तो जाम की समस्या और गंभीर हो सकती है।

### दलमा वाइल्ड लाइफ सेंचुरी में फोटोग्राफी के माध्यम से दिया प्रकृति संरक्षण का संदेश

# प्रतियोगिता में अनूप मिश्रा को मिला प्रथम पुरस्कार

**आजाद सिपाही संवाददाता**





**जमशेदपुर।** लौहनगरी जमशेदपुर में वन्यजीव सप्ताह समारोह 2025 का समापन भव्य कार्यक्रम के साथ संपन्न हुआ। रविवार को सप्ताह भर चले टाटा स्टील जूलॉजिकल पार्क और जमशेदपुर वन प्रभाग के संयुक्त तत्वावधान में वन्यजीव संरक्षण को समर्पित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राएं, पर्यावरण प्रेमी और स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य जैव विविधता संरक्षण और पर्यावरणीय जागरूकता को समाज के हर वर्ग तक पहुंचाना रहा। समापन समारोह में मुख्य अथिति झारखंड के प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) सह मुख्य वन्यजीव संरक्षक परितोष उपाध्याय, विशिष्ट अतिथि मुख्य वन संरक्षक आइएफएस नेतेशा, सम्मानित अतिथियों में डीएफओ सबा आलम अंसारी, रेंजर दिनेश चंद्रा, बायोलॉजिस्ट सह शिक्षा अधिकारी टाटा स्टील जूलॉजिकल पार्क डॉ. सीमा रानी और क्यूरेटर डॉ संजय कुमार महतो सहित अन्य शामिल हुए। समारोह का मुख्य आकर्षण दलमा वाइल्डलाइफ सेंचुरी में आयोजित फोटोग्राफी प्रतियोगिता रहा। जहा प्रकृति प्रेमियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। वन्यजीव एवं प्रकृति संरक्षण विषय पर आधारित इस प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार शहर के फोटो जर्नलिस्ट अनूप मिश्रा को प्रदान किया गया। अतिथियों के द्वारा उन्हें 10,000 की प्रोत्साहन राशि, प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो से सम्मानित किया गया।

मौके पर अतिथियों ने अपने संबोधन में प्रकृति के साथ संतुलित जीवन जीने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने आम जनता से वन्यजीवों के संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की। सप्ताह भर चले समारोह में रैलियां, वर्कशॉप, प्रकृति भ्रमण और शैक्षणिक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।समारोह का समापन वन्यजीवों की रक्षा और पर्यावरणीय संतुलन को बनाए रखने के संकल्प के साथ किया गया।

### सोमेश सोरेन ने घाटशिला उपचुनाव को लेकर गोंधानिया हाट मैदान से भरी हुंकार



**घाटशिला (आजाद सिपाही)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा ने घाटशिला उपचुनाव से पूर्व संगठन को मजबूत करने और तैयारी को धार देने के लिए गोंधानिया हाट मैदान में बूथ प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया। रविवार को प्रशिक्षण शिविर में मुख्य अतिथि स्व.रामदास सोरेन के पुत्र सोमेश चंद्र सोरेन शामिल हुए। मौके पर सोमेश चंद्र सोरेन ने वीर सिदो-कान्हू और बाबा तिलका माझी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की।सोमेश सोरेन ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा हर वोट की अहमियत है। हमें हर बूथ पर लीड सुनिश्चित करनी होगी, ताकि भारी मतों से जीत हासिल की जा सके। श्री सोरेन ने कार्यकताओं से सरकारी योजनाओं का लाभ आम जनता तक पहुंचाने और विपक्ष के भ्रामक प्रचार से सतर्क रहने की अपील की। इस अवसर पर जिला संयोजक बाघराय मार्डी, पूर्व विधायक प्रतिनिधि जगदीश भकत, कालीपोदो गोराई, सोनाराम सोरेन, खुदराम हांसदा, बाबूलाल मुर्मू, भारत मुर्मू समेत सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

### सीएम हेमंत सोरेन कल गोइलकेरा में देवेंद्र मांझी की श्रद्धांजलि सभा में होंगे शामिल



**चक्रधरपुर (आजाद सिपाही)।** गोइलकेरा हाट मैदान में 14 अक्टूबर को जल,जंगल और जमीन आंदोलन के अग्रदूत स्व. देवेंद्र माझी की शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। उनके साथ राज्य के मंत्री, विधायक और झामुमो के वरिष्ठ नेता भी मौजूद रहेंगे।कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए सांसद जोबा माझी ने तैयारियों की कमान संभाली। रविवार को मनोहरपुर के हाजरा परिसर में बैठक में उन्होंने कार्यकताओं को दिशा-निर्देश दिए और अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की।उन्होंने पदाधिकारियों और पंचायत प्रतिनिधियों को यात्रा व्यवस्था और अनुशासन बनाए रखने की जिम्मेदारी सौंपी। साथ ही वाहन व्यवस्था व अन्य सुविधाओं की भी समीक्षा की गई।बैठक में झामुमो प्रखंड अध्यक्ष रंजीत यादव, मानुएल बेक, पंकज महतो, बंधना उरांव, किशोर खलखो, अजहर अली, तबरेज आलम, चंचल रवानी, पूजा कुजूर उपस्थित रहे।

### प्रवीण सेवा संस्थान के दुर्गा पूजा पंडाल बना नंबर वन, किया गया सम्मानित



जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। इस वर्ष में दुर्गा पूजा के अवसर पर प्रवीण सेवा संस्थान आदित्यपुर का पूजा पंडाल शहर का सबसे आकर्षक और भव्य पंडाल बनकर उभरा।रविवार को ह्यद टाइम्स ऑफ इंडिया दुर्गे देवी नमस्तुते अवार्ड 2025ह्व के दो श्रेणियों ऑनलाइन पसंद और जजों की श्रेणी से प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। बिष्टुपुर स्थित श्रीलेदर्स में आयोजित पुरस्कार समारोह में संपादक बप्पा मजूमदार ने पूजा समिति के प्रेस प्रभारी सुनील गुप्ता को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह प्रदान किया।इस वर्ष पंडाल की थीम ह्लराजस्थान के उदयपुर का महलह्व रही, जिससे विशेषकर मारवाड़ी समाज को गौरव का अनुभव हुआ। समारोह में पूर्व विधायक अरविंद सिंह को भी विशेष सम्मान प्रदान किया गया।पंडाल का मूल्यांकन करने वाली जजों में डॉ. जय भादुड़ी, श्रीकांत नायक और सुमन प्रसाद शामिल रहे।पूजा समिति ने इस उपलब्धि को आस्था, रचनात्मकता और टीमवर्क का परिणाम बताया।

### हुरलुंग सड़क हादसे में टाटा स्टील के क्रेन ऑपरेटर की मौत, 5 कर्मचारी घायल




जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। बिरसानगर थाना क्षेत्र के हुरलूंग नए पुल के पास बीते देर रात एक तेज रफ्तार अर्टिगा कार अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में टाटा स्टील वायर रॉड मिल के क्रेन ऑपरेटर प्रमोद कुमार सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि कार में सवार पांच अन्य कर्मचारी घायल हो गए। सभी को टाटा मुख्य अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उनकी स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है।मिली जानकारी के अनुसार सभी कर्मचारी एक सहकर्मी के घर जन्म की पार्टी मनाकर लौट रहे थे। हादसे के वक्त कार का शीशा खुला होने के कारण प्रमोद सिंह को सिर में गंभीर चोट लगी और मौत होगया। घायलों में उमा शंकर नोनिया, नंदू यादव, परीक्षित बेनुधर, जय बनर्जी और बिनेश टूडू शामिल हैं।घटना के दौरान आरके सिंह को शीशा तोड़कर और सीट बेल्ट काटकर बाहर निकाला गया।मृतक प्रमोद सिंह बारीडीह भूषण कॉलोनी के निवासी थे। हादसे की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।दुर्घटनाग्रस्त कार टाटा स्टील कर्मचारी अमित सिंह की थी, जो हादसे में सुरक्षित हैं। दुखद संयोग यह रहा प्रमोद सिंह और आरके सिंह को दो दिन पहले ही विभागीय पदोन्नति मिली थी।सड़क हादसा के बाद विभाग और सहयोगियों म गहरे शोक की लहर है।

# समाज के उत्थान में शिक्षकों की भूमिका अहम: हरेंद्र चौधरी




**मेराल (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के हासनदाग की मुखिया फूलमंती देवी ने रविवार को पंचायत सचिवालय सभागार में पंचायत स्तरीय विचार गोष्ठी सह सम्मान समारोह का आयोजन किया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रखंड प्रमुख दीप माला कुमारी, पंचायत के सरकारी एवं गैर सरकारी शिक्षकों के साथ बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। विचार गोष्ठी में प्रमुख और शिक्षकों द्वारा समाज में चल रहे कुरीतियों, बाल विवाह, अशिक्षा, अंधविश्वास एवं अन्य सामाजिक अभिशाप पर चर्चा करते हुए लोगों को जागरूक किया गया। इसके बाद मुखिया और उनके पति हरेंद्र चौधरी ने प्रमुख एवं सभी शिक्षकों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया इस अवसर पर हरेंद्र चौधरी ने कहा कि शिक्षकों का समाज के उत्थान में अहम भूमिका होता है इसी उद्देश्य से सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि यह सम्मान समारोह आगे भी जारी रहेगा और पंचायत क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित किया जाता रहेगा। अगले सम्मान समारोह में पंचायत में जेएसएलपीएस की महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा। सम्मान पाने वाले शिक्षकों में पंकज द्विवेदी, उपेंद्र समुद्रवार, अजीत चौबे, अखिलेश चौबे, शिवदत्त चौधरी, ताहिर अंसारी, विनोद चौधरी आदि ने मुखिया द्वारा आयोजित कार्यक्रम की सराहना की। मौके पर सीआरपी अनूप शुक्ला, नवेंदु शर्मा, सूर्य देव चौधरी, सोनू पांडे, अनिल चौधरी, संजू चौधरी, विभा कुमारी, रूपा कुमारी, सीमा कुमारी, पूनम कुमारी, संतोष चौधरी, चंदन चौधरी, राजकुमार चौधरी शहीद दर्जनों शिक्षक शामिल थे।

## अबुआ आवास के लाभुकों से पैसे मांगने का आरोप, डीसी के निर्देश पर कार्रवाई

# बीडीओ ने बीडीसी पर दर्ज करायी प्राथमिकी

आजाद सिपाही संवाददाता

**भवनाथपुर।** अबुआ आवास के लाभुको से कथित रूप से अवैध पैसा वसूली किए जाने के मामले को लेकर गढ़वा डीसी के निर्देश पर बीडीओ नंदजी राम ने भवनाथपुर थाने में बीडीसी चंदन कुमार ठाकुर के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है।

### क्या है मामला

बीडीसी चंदन कुमार ठाकुर ने गढ़वा डीसी को आवेदन देकर शिकायत की थी कि मुखिया बेबी देवी द्वारा पैसा लेकर अयोग्य



लाभुको को अबूआ आवास का लाभ दिया गया है।इसे लेकर डीसी ने एसडीओ प्रभाकर मिर्धा से 8 जुलाई को जांच कराया था, इसके बाद 9 सितंबर को अपर समाहर्ता परमेश्वर कुशवाहा ने दोबारा उक्त मामले की जांच की। इस दौरान लाभुक संगीता देवी और राजू डोम द्वारा आरोप लगाया कि बीडीसी चंदन कुमार ठाकुर ने ही 10-10 हजार रुपये की मांग की थी, जिसमें दोनों लाभुको ने तीन-तीन हजार रुपये दिये भी थे। शेष राशि नहीं देने पर बीडीसी चंदन ठाकुर ने अबुआ आवास जांच कराने की धमकी दी थी। वहीं एक अन्य लाभुक सुदेश्वा देवी पति हरि बैठा से भी पांच हजार रुपए की मांग की थी, लेकिन लाभुक द्वारा पैसा नहीं दिया गया था। दोनों अधिकारी के जांच प्रतिवेदन के आलोक में गढ़वा डीसी ने कार्रवाई करते हुए चंदन ठाकुर पर प्राथमिकी दर्ज कराने का भवनाथपुर बीडीओ को निर्देश दिया था। इस संबंध में पूछे जाने पर बीडीओ नंदजी राम ने बताया की डीसी के निर्देश पर बीडीसी चंदन कुमार ठाकुर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। वहीं, थाना प्रभारी रजनी रंजन ने भी इसकी पुष्टि की है। बताया कि जांच की जा रही है।

# शिव मंदिर में मनाया गया शताब्दी वर्ष विजयादशमी उत्सव



**मेराल (आजादसिपाही)।** हाई स्कूल के समीप शिव मंदिर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने अपना शताब्दी वर्ष विजयादशमी उत्सव मनाया। संघ की 100 वर्षों की प्रेरणादायक यात्रा पूरी होने के उपलक्ष्य में आयोजित इस कार्यक्रम में दर्जन भर स्वयंसेवकों के साथ अन्य लोग शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत परंपरागत तरीके से मां भारती की तस्वीर पर पुष्पांजलि एवं शस्त्र पूजा के साथ की गई। डॉ विनोद कुमार द्विवेदी ने कहा कि आरएसएस की स्थापना का शताब्दी वर्ष पूरे होने पर राष्ट्रीय स्तर कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। बताया गया कि पांच परिवर्तन कार्य पर विशेष चर्चा की गई जिसमें कुटुंब प्रबोधन, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, स्व की प्रेरणा और नागरिक कर्तव्य शामिल है। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष रुपू महतो, अर्जुन चौधरी, भास्कर कुमार, प्रभु राम चंद्रवंशी, दीपलेश्वर चंद्रवंशी, बीजेश्वर प्रजापति, आदि शामिल थे।

# कांग्रेस ने भाजपा के विरुद्ध चलाया हस्ताक्षर अभियान




**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत गढ़वा प्रखंड के बीरबंधा पंचायत के मिलनी चौक पर वोट चोर गद्दी छोड़ कार्यक्रम के तहत हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव श्रीवेला प्रसाद और हस्ताक्षर अभियान कार्यक्रम के पलामू प्रमंडल प्रभारी शशि भूषण राय, जिला पर्यवेक्षक सत्यनारायण सिंह मुख्य रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस अध्यक्ष इंजीनियर ओबैदुल्लाह हक अंसारी ने की। साथ ही मंच का संचालन गढ़वा प्रखंड अध्यक्ष योगेंद्रनाथ चौबे ने किया। इसमें जिले के वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं गढ़वा प्रखंड पंचायत स्तर तक के अध्यक्षों एवं युवा कांग्रेस, अल्पसंख्यक कांग्रेस, सेवा दल के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इस मौके पर अपने विचार व्यक्त करते हुए राष्ट्रीय सचिव एवं सह प्रभारी झारखंड प्रदेश कांग्रेस श्रीवेला प्रसाद ने कहा कि भाजपा संवैधानिक मूल्यों की हत्या कर चुनाव आयोग आयोग के सहयोग से आम जनता के वोटों की चोरी कर रही है। इस मौके पर उदय नारायण तिवारी, राम करेश चौबे, त्रिपुरारी सिंह, प्रभात कुमार दुबे, परमा पाण्डेय, नसीम अंसारी, खुर्शीद अलम, ऋषभ चंद्रवंशी, इजहार, शुभम पांडे, प्रियरंजन दास, फिरोज अंसारी, धीरज कुमार, पीयूष चौबे, जावेद आलम, आशिक, जमाल अंसारी आदि मौजूद थे।

# अभिभावक-शिक्षक बैठक बच्चों के समग्र विकास के लिए महत्वपूर्ण : मदन केसरी

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** जीएन कान्वेंट स्कूल में सीनियर वर्ग के अर्धवार्षिक परीक्षा का परीक्षाफल, अभिभावक-शिक्षक गोष्ठी और पुरस्कार वितरण कार्यक्रम अभिभावकों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इसकी शुरूआत विद्यालय के निदेशक सह शिक्षाविद मदन प्रसाद केशरी, उपप्राचार्य बसंत ठाकुर आदि ने दीप प्रज्वलित कर किया। सभागार में उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों को संबोधित करते हुए निदेशक मदन प्रसाद केशरी ने कहा कि अभिभावक-शिक्षक बैठक (पेटीएम) बच्चों के समग्र विकास के लिए महत्वपूर्ण है। क्योंकि वे माता-पिता और शिक्षकों के बीच एक मजबूत कड़ी और संबंध बनाते हैं। इन बैठकों से छात्र की शैक्षणिक प्रगति, विशेषताओं और कमजोरियोंको समझने में मदद मिलती है। बच्चे के सीखने और विकास के लिए रणनीतियों पर मिलकर काम करने का अवसर मिलता है। यह एक सहयोगी मंच प्रदान करती है जो बच्चे की सफलता को सुनिश्चित करने के लिए खुला संचार और तालमेल को बढ़ावा देता है। यह एक सहयोगात्मक योजना है। जिसके अंतर्गत माता-पिता और शिक्षकों के लिए बच्चों की सीखने की प्रक्रिया को बेहतर बनाने पर जोर दिया जाता है। नियमित बैठकों से बच्चे को यह महसूस होता है कि उसके शिक्षक और अभिभावक उसके प्रगति में रुचि रखते हैं। शैक्षणिक और पाठ्यचर्या गतिविधियों में उसका प्रदर्शन बेहतर होता जाता है। शिक्षक और अभिभावक मिलकर बच्चों के शैक्षणिक और व्यक्तिगत विकास के लिए स्पष्ट और यथार्थवादी लक्ष्य निर्धारित कर सकते हैं जिससे बच्चा प्रेरित होता है और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित होता है। परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले चयनित छात्र छात्राओं को निदेशक द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# बाहरी लोगों का यहां बसाने की साजिश कभी कामयाब होने नहीं देंगे: अशोक पाल

आजाद सिपाही संवाददाता



**रंका।** अनुमंडल अंतर्गत विश्रामपुर पंचायत एवं रामकंडा प्रखंड के बलीगढ़ पंचायत क्षेत्र में कूटकू मंडल डैम प्रभावित क्षेत्र में पड़ने वाले विस्थापितों को बचाने एवं शरण देने को लेकर शनिवार को वन विभाग के डीएफओ की उपस्थिति में बैठक कर दोनों पंचायत के ग्रामीणों की राय ली गयी। जिसमें विश्रामपुर और बलीगढ़ पंचायत की जनता की ओर से अशोक पाल ने बताया कि कुटकू मंडल डैम के विस्थापितों को यहां बसने से लोगों को हर प्रकार से काफी परेशानी झेलनी पड़ेगी। कहा कि वन विभाग द्वारा यहां के लोगों की जो आजादी है वह छिनने का प्रयास किया जा रहा है। यहां के जंगलों को उजाड़ने की साजिश चल रही है। जिसे यहां के लोग बर्दाश्त नहीं करेंगे। कहा कि यहां के लोगों का हक-हिस्सा और अधिकार वाले भूमि पर किसी दूसरी जगह के लोगों को हरगिज नहीं बसने देंगे। उन्होंने कहा कि यहां के लोगों का जल जंगल और जमीन पर अपना अधिकार है। मेरे पूर्वजों ने जंगल में हर प्रकार के संकटों-मुसीबतों को झेल जंगली जानवरों से लड़कर जंगल साफ कर सदियों से रचने बसने का काम किया। इस पर सिर्फ यहां के खुटकटी रैततों का अधिकार है। उन्होंने कहा कि यहां के लोग साल में छह महीना जंगलों से जीविका चलाते हैं। सरकार पर निर्भर नहीं रहते है। जब अकाल आता है तब यहां के लोग केंदु पत्ता, महुलाम पत्ता, महुआ, डोरी, कंदा, गेठी, जड़ी, बूटी, जंगली फल, फूल, पत्ती, लकड़ी आदि से जीवन यापन करते हैं। कहा कि अंग्रेजों से लोहा लेने वाले वीर योद्धा नीलांबर-पीतांबर के गांव चेमोसनेया को उजाड़ने का प्रयास किया जा रहा है जिसे उनके वंशज ऐसा नहीं होने देंगे। झारखंड में आदिवासी की सरकार आदिवासी मुख्यमंत्री हैं। यहां के डीसी, डीएफओ से पूछना चाहता हूं कि उनके दरवाजे पर जाकर यहां के लोग बस जाएं तो उन्हें कोई परेशानी होगी या नहीं?। इस मौके पर विश्रामपुर के मुखिया प्रतिनिधि विवेक सिंह उर्फ छोटू सिंह आदि उपस्थित थे।

# 'कॉफी विद एसडीएम' में बुलाये गये दवा विक्रेता

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** सदर एसडीएम संजय कुमार के नियमित साप्ताहिक संवाद कार्यक्रम 'कॉफी विद एसडीएम' में इस सप्ताह अनुमंडल क्षेत्र के दवा विक्रेताओं (ड्रग व्यवसायियों) को आमंत्रित किया गया है। संजय कुमार ने बताया कि उक्त संवाद बैठक में नकली दवाओं की बिक्री, प्रतिबंधित या नशीली दवाओं की बिक्री, बिना लाइसेंस या अनुपयुक्त लाइसेंस मेडिकल स्टोर संचालित करने और औषधि नियंत्रण संबंधी अन्य विषयों और अनियमितताओं पर चर्चा की जाएगी। साथ ही स्थानीय परिप्रेक्ष्य में इन मुद्दों के आवश्यक उपायों को लेकर



सामूहिक विमर्श भी किया जाएगा। एसडीएम ने कहा कि इस सप्ताह के 'कॉफी विद एसडीएम' संवाद का उद्देश्य क्षेत्र के दवा व्यवसायियों की समस्याएं सुनना, उनके सुझाव प्राप्त करना और उन्हें प्रशासन की अपेक्षाओं से अवगत कराना है। उन्होंने अनुमंडल क्षेत्र के सभी ड्रग एवं दवा व्यवसायियों से अपील की है कि वे 15 अक्टूबर को सुबह 11 बजे अनुमंडल कार्यालय में आयोजित कॉफी संवाद में समय निकालकर जरूर सहभागिता निभायें। कहा कि इस संवाद बैठक में ड्रग एवं केमिस्ट एसोसिएशन के पदाधिकारियों के अलावा ड्रग इंस्पेक्टर एवं संबंधित विशेषज्ञों को भी आमंत्रित किया जा रहा है।

# बीपीडीएवी स्कूल ने किया 'रन फॉर डीएवी' का आयोजन

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** बीपीडीएवी पब्लिक स्कूल के तत्वावधान में रविवार को 'रन फॉर डीएवी' का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में गढ़वा एसडीपीओ नीरज कुमार के अलावा विशिष्ट अतिथि के रूप में ट्रेनी डीएसपी चिरंजीवी कुमार उपस्थित रहे। आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों एवं समाज में स्वास्थ्य, अनुशासन और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना था। सर्वप्रथम शिक्षक राजेन्द्र यादव, डॉ शंभु कुमार तिवारी, वरुण चौबे, गोविंद



नारायण दुबे, ममता तिवारी, एके झा आदि ने संयुक्त रूप से दोनों अतिथियों का स्वागत किया। इसके बाद एसडीपीओ एवं ट्रेनी डीएसपी ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर दौड़ की शुरूआत की। इसमें विद्यालय के लगभग 50 शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के साथ ही करीब 200 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इसकी शुरूआत रंका मोड़ से हुई और समापन मांझियांव मोड़ में हुआ। मांझियांव मोड़ पर समापन समारोह आयोजित किया गया। जिसमें प्रथम राहत आलम (कक्षा नवमी), द्वितीय चेतन भगत (कक्षा-दशमी) और तृतीय शिवम कुमार, कक्षा नवमी को मोमेंटो प्रदान कर अतिथियों ने पुरस्कृत किया।

# कामगार यूनियन की बैठक में असंगठित श्रमिकों को सशक्त बनाने पर दिया गया जोर



**मेराल (आजाद सिपाही)।** झारखंड प्रदेश भवन निर्माण एवं निर्माण कामगार यूनियन के प्रदेश कार्य समिति की बैठक रविवार को मेराल प्रखंड मुख्यालय के प्रसिद्ध मां शायर देवी धाम परिसर में हुई। गढ़वा जिला बीएमएस अध्यक्ष सियाराम शरण वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में भवन निर्माण संघ के प्रदेश अध्यक्ष बृज किशोर पासवान, जिला अध्यक्ष कैलाश शर्मा आदि शामिल हुए। इसमें संगठन के महत्व और विस्तार पर चर्चा हुई। बैठक में पदाधिकारीयों ने श्रम मंत्रालय द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओ एवं असंगठित क्षेत्र के मजदूर और अन्य मजदूर के हित में चलाई जाने वाले लाभकारी योजनाएं की जानकारी दी गई। इस मौके पर प्रदेश मंत्री धर्मजीत चौधरी, जिला मंत्री विश्वनाथ यादव, राम प्रताप यादव, पप्पू विश्वकर्मा, अखिल भारतीय कंस्ट्रक्शन मजदूर महासंघ के क्षेत्रीय संगठन मंत्री मुरारी आदि मौजूद थे।

# भंडरिया में वाहन जांच अभियान, मचा हड़कंप



**भंडरिया (आजाद सिपाही)।** थाना प्रभारी सुभाष कुमार पासवान के निर्देश पर रविवार को भंडरिया-गोदरमना मुख्य मार्ग पर डिपो के पास वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस टीम ने दोपहिया और चारपहिया वाहनों की बारीकी से जांच की। दर्जनों वाहन चालकों के हेलमेट, लाइसेंस, बीमा और कागजात की जांच की गई। थाना प्रभारी ने बताया कि यह अभियान सड़क सुरक्षा और दुर्घटनाओं में हो रही वृद्धि पर रोक लगाने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। कहा कि बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उधर, पुलिस की इस कार्रवाई से वाहन चालकों में हड़कंप मचा गया। कई लोगों ने मौके पर ही सुरक्षा नियमों का पालन करने का संकल्प लिया। थाना प्रभारी ने आम लोगों से अपील की कि यातायात नियमों का पालन करें और सड़क सुरक्षा को अपनी जिम्मेदारी समझें। इस मौके पर एसआई यवम जैप के जवान एवं पुलिस बल के जवान उपस्थित थे।

## भाजपा ने किया 'स्वदेशी अपनाओ देश बचाओ' कार्यक्रम का आयोजन

# गांव के गरीब किसान जब समृद्ध होंगे, तभी देश आत्मनिर्भर एवं समृद्ध होगा : घुरन राम

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेराल।** भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष उदय कुशवाहा की अध्यक्षता में रविवार को मेराल के अरंगी में आत्मनिर्भर भारत को लेकर 'स्वदेशी अपनाओ देश बचाओ' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान रैली भी निकाली गयी। साथ ही लोकल खेती को बढ़ावा देने के लिए किसान अयोध्या बिंद को सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में पूर्व सांसद घुरन राम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर पूरे देश में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत विभिन्न क्षेत्रों में कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। किसान मोर्चा गांव में किसानों के बीच यह अभियान चला रहा है। कहा कि विदेशी सामान का बहिष्कार करना होगा और लोकल सामानों का उपयोग करना होगा। जिससे व्यवसाय-रोजगार बढ़ेगा। देश आत्मनिर्भर बनेगा। लोकल अनाज के उत्पादन को बढ़ावा देने से बिमारी से मुक्ति मिलेगी। गांव के गरीब किसान जब समृद्ध होंगें, तभी देश आत्मनिर्भर-समृद्ध होगा। कपड़ा-अनाज और जूता सहित अन्य सभी घरेलू उपयोग की वस्तु लोकल बनाए। इससे देश का पैसा यहीं रहेगा। लोकल सामानों का उपयोग करेंगे तभी देश आत्मनिर्भर बनेगा। उन्होंने झामुमो सरकार पर जुबानी हमला बोलते हुए कहा कि झामुमो सरकार मंइयां सम्मान के नाम पर झारखंड में सभी योजनाओं को बंद कर दी है। वहीं, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रघुराज पांडेय ने कहा कि देश में जब से नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने हैं देश आत्मनिर्भर बनने की ओर तेजी से अग्रसर है। प्रदेश कार्यसमिति सूरज गुप्ता ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए घर में लोकल सामानों का इस्तेमाल करना होगा तभी देश आत्मनिर्भर बनेगा। दीपावली जैसे त्योहारों में मिट्टी के दीपक जलाएं। विदेशी सामान का बहिष्कार करें। भाजपा जिला महामंत्री संतोष दुबे ने कहा कि देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए हर व्यक्ति को स्वदेशी सामान को अपनाना होगा। वहीं, विधायक प्रतिनिधि विवेकानंद तिवारी ने कहा कि देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए गांव-शहर हर जगह के लोगों को स्वदेशी अपनाना होगा। कहा कि झामुमो सरकार में घोटाले का अंबार लगा हुआ है। इस दौरान किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष उदय कुशवाहा ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत तभी बनेगा जब गांव-शहर हर जगह स्वदेशी अपनाया जाएगा। विदेशी सामानों का उपयोग धीरे-धीरे कम करना होगा। किसान मोर्चा जिला प्रभारी प्रेमतोष सिंह ने कहा कि स्वदेशी अपनाओ देश बचाओ इस अभियान को सफल बनाने के लिए सबको आगे आना होगा। इस दौरान कार्यक्रम का संचालन उत्तरी मंडल महामंत्री कंचन पाण्डेय ने किया। इस मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष मथुरा पासवान, मीडिया प्रभारी रितेश चौबे, विधायक प्रतिनिधि डॉ लाल मोहन, अद्याशंकर पांडेय, टिंकु गुप्ता, कृष्णा कुशवाहा, गायत्री देवी, जितेन्द्र चंद्रवंशी, मनोज जायसवाल, रुपू महतो, लक्ष्मीकांत पांडेय और राजेन्द्र गुप्ता आदि मौजूद थे।

# छठ महापर्व को लेकर कमेटी का गठन, रोहित साव बने अध्यक्ष



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** आस्था के महापर्व छठ को लेकर जिले में तैयारी शुरू हो गयी है। रविवार को जिला मुख्यालय स्थित टंडवा भगलपुर के जागृति क्लब के प्रांगण में पूर्व विधायक प्रतिनिधि चंदन पासवान, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि सुनील कुमार एवं जागृति क्लब के पूर्व अध्यक्ष महिपाल कुमार की अध्यक्षता में बैठक हुई। इस दौरान सभी के सर्वसहमति से रोहित कुमार साव को अध्यक्ष बनाया गया। वहीं, उपाध्यक्ष राकेश कुमार, पिंटू गुप्ता सचिव विशाल गुप्ता, चंदन कुमार कोषाध्यक्ष, शशि कुमार साव संरक्षक धर्मेंद्र कुमार उर्फ मुन्ना, सहसचिव राहुल गुप्ता, मंत्री जीतू पहलवान एवं मीडिया प्रभारी सोनू कुमार को बनाया गया। इस दौरान बैठक की अध्यक्षता कर रहे चंदन पासवान ने कहा कि हिंदू समाज में आस्था का महापर्व छठ ही होता है, जिसे हम सभी बहुत साफ सफाई एवं शुद्धता से मानते हैं। क्लब की ओर से दानरो नदी की साफ सफाई एक महीना पहले से ही शुरू कर दी गयी है। पूरे सुसज्जित लाइट से उसे दुल्हन की तरह सजाया जाता है, जिसे लेकर बैठक की गई। वहीं, पूजा समिति के अध्यक्ष रोहित साव ने कहा कि हमारी विशेषता हमेशा रही है कि छठ व्रतियों को पूरे साफ-सफाई एवं सुसज्जित लाइट से जगमगाता हुआ छठ घाट पर पर्व मनाने का व्यवस्था करना है। इस मौके पर सुनील कुमार, जय मां शेरावाली संघ के अध्यक्ष संजय साव शंकर कुमार, झुमन साव, भरत पासवान, मंटू कुमार, रवि कुमार, उज्जवल गुप्ता, रामप्रवेश कुमार, चंदन कुमार, शिवकुमार, मनीष कुमार आदि मौजूद थे।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 13 अक्टूबर, 2025
www.azadsipahi.in


## चंदवा में जमीन विवाद: रैयत आक्रोशित सरोज देवी ने समाधान का भरोसा दिया



**चंदवा (आजाद सिपाही)।** चंदवा पंचायत भवन बारी में ग्राम प्रधान बारी रोबीन उरांव की अध्यक्षता में साप्ताहिक बैठक आयोजित की गयी। जिसमें उपस्तिथ सभी रैयतों ने अपनी समस्याओं को जिला परिषद पक्ष्मी चंदवा सरोज देवी को अपना दुख दर्द को सुनाया सभी रैयतों की समस्याओं को सुनने के बाद सरोज देवी ने कहा की जमीन का मामला बेहद संगीन है ग्रामीण क्षेत्रों में एक मात्र जीविका का साधन खेती ही है वर्षों से अपने जमीन पे लोग अपना खेती बारी करते आये है और आज उस जमीन का दखल किसी और के नाम दिखा रहा है या फिर बिहार सरकार गैर मजूरवा कर दिया है। जिसको ले कर ग्रामीण रैयत काफी परेशान है। इधर जिला परिषद सदस्य सरोज देवी ने कहा की जबसे बनहर्दी कोल ब्लॉक आवंटित हुवा तब से जमीन त्रुटि से संबंधित मामला को उठाया जा रहा। परंतु अभी तक इस मामले पर कोई ठोस पहल नहीं किया गया। जिससे ग्रामीणों में काफी असंतोष और रैयतो में आक्रोश भी है सरोज देवी ने उपस्तिथत सभी रैयतों को आश्वाषण दिया की किसी भी रैयत के साथ कोई अन्याय नहीं होगा। अगर समय रहते समस्या का सामाधान नहीं हुआ तो जरूत पड़ने पर उग्र आंदोलन भी किया जायेगा। जिला परिषद ने उपायुक्त लातेहार से इस मामले पर संज्ञान लेने का आग्रह किया और जमीन त्रुटि को अविलम्ब सुधार किया जाये। ताकि ग्रामीण रैयतों के चेहरे में मुस्कान बनी रहे। इस मौके पर लाल जन्मज्य नाथ शाहदेव, बेलाल अहमद, रमेश उरांव हाजी हाशिम, हाजी समीद अहमद मियां लाल सहाय उरांव जीते उरांव, अजय मुंडा, रमेश मुंडा, सुले उरांव, इम्तेयाज अंसारी, छोटेलाल उरांव, जगलाल उरांव, बनारसी भुइया, महेश राम, सुले उरांव, सूर्यदेव उरांव, वीरेंद्र उरांव, हिरालाल उरांव, कलेशर उरांव, सादिक अंसारी, जीतन उरांव, बिनेश्वर उरांव, कमरुद्दीन, सुरति देवी, हीरामनी देवी, शोभा देवी, सुनीता देवी इत्यादि दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

## शैक्षणिक कांग्रेस के प्रदेश महासचिव बने ओमप्रकाश





**लातेहार (आजाद सिपाही)।** लातेहार ग्राम पसरार पोस्ट लवरपुर थाना जिला लातेहार के निवासी डॉक्टर ओम प्रकाश पासवान को रांची कांग्रेस भवन में आयोजित एक कार्यक्रम में झारखंड शैक्षिक कांग्रेस के प्रदेश महासचिव पद की शपथ दिलायी गयी। यह शपथ झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो, कमलेश द्वारा दिलायी गयी। शपथ ग्रहण के उपरांत प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो, कमलेश और शैक्षिक कांग्रेस अध्यक्ष डॉ प्रसाद पासवान ने डॉ. ओम प्रकाश पासवान को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। अपने संबोधन में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा शिक्षा समाज की रीड है, झारखंड के शैक्षिक विकास में डॉक्टर ओमप्रकाश पासवान जैसे अनुभवी शिक्षाविदों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होगी हमें विश्वास है कि उनके नेतृत्व में शैक्षिक कांग्रेस नयी ऊंचाइयों को प्राप्त करेगी वहीं शैक्षिक कांग्रेस अध्यक्ष डॉ प्रसाद पासवान ने कहा डॉक्टर ओम प्रकाश पासवान सदैव से शिक्षा जगत में अपने निष्ठा कार्य कुशलता और समर्पण के लिए प्रसिद्ध हैं राज्य महासचिव के रूप में उनका योगदान संगठन को नयी दिशा और ऊर्जा प्रदान करेगा पदभार ग्रहण करने के पश्चात डॉक्टर ओमप्रकाश पासवान ने अपने उद्बोधन में कहा मुझ पर जो विश्वास प्रकट किया गया है उसके लिए मैं हृदय से आभारी हूं, मैं झारखंड के शिक्षा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करूंगा मेरा लक्ष्य शिक्षकों शिक्षार्थियों और संस्थाओं के बीच समन्वय स्थापित कर राज्य के शिक्षा के गुणवत्ता को सुदृढ़ करना होगा, कार्यक्रम में अनेक गणमान्य व्यक्तियों शिक्षाविद और कांग्रेस कार्यकर्ताओं की गरिमामई उपस्थिति रही। जिन्होंने डॉक्टर ओम प्रकाश पासवान को शुभकामनाएं दी।

## नि: शुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** लोहरदगा के पतरा टोली स्थित मधुर मेडिकल मेडिकेयर हॉस्पिटल ट्रामा सेंटर और मल्टी स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल में रविवार को मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में हड्डी जोड़ और नस विशेषज्ञ डॉक्टर विवेक मधुर, जेनरल सर्जन और स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर एन मधुर, नवजात और शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर आभा मधुर, इसके अलावा हृदय रोग और डायबिटीज रोग विशेषज्ञ जनरल फिजिशियन डॉक्टर शिव शंकर मुंडा, चर्म कुष्ठ, एलर्जी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर आर पी साहू, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर विनीत कुमार मिश्रा, न्यूरो सर्जन सिर दर्द, माइग्रेन, ब्रेन ट्यूमर, मिर्गी के दौरे, सिर की नई और पुरानी चोट और नस रोग संबंधित डॉक्टर दीपक कुमार के द्वारा संबंधित रोगों का इलाज किया गया। साथ ही जनरल फिजिशियन सर्दी खांसी बुखार पेट दर्द और शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर चंदन कुमार इस कैंप में विशेष रूप से उपलब्ध थे। मधुर मेडिकेयर हॉस्पिटल के निदेशक अजय कुमार मधुर ने बताया कि प्रत्येक रविवार को डॉक्टर आभा मधुर, नवजात और शिशु रोग विशेषज्ञ और महीने के दूसरे रविवार को हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर विनीत कुमार मिश्रा अपने विशेष सेवा इस अस्पताल में देते हैं। मेघा फ्री मेडिकल कैंप में हड्डियों में कैल्शियम की जांच बीएमडी मशीन के द्वारा की गयी। इसके अलावा हीमोग्लोबिन और यूरिक एसिड की जांच नि:शुल्क की गयी। जरूरतमंद लोगों को भी नि:शुल्क दवा अस्पताल की तरफ से उपलब्ध कराया गया। साथ ही कैंप के दौरान डिजिटल एक्स-रे में भी भारी छूट दी गयी। कैंप में 153 मरीजों ने लाभ उठाया। जिनका नि:शुल्क इलाज किया गया। इस शिविर को सफल बनाने में सावित्री मधुर, विशाल मधुर, सुरेंद्र, अंगद, अमन, उज्जवल, गुलाब, सिद्धार्थ, सूरज, खालिद, नेहा, सुशीला, रोशनी, पूनम, सोनम, देवंती, प्रियंका, उषा, एतेन, खुशी, मेहरानी ने अपना अहम योगदान दिया। शिविर में मुख्य रूप से हड्डी जोड़ से संबंधित, जनरल सर्जरी, स्त्री रोग, नवजात शिशु रोग, चर्म और एलर्जी रोग, न्यूरो सर्जरी और हृदय रोग से संबंधित बीमारियों से संबंधित कुल 153 मरीजों ने अपना इलाज करवाया।

## बाबा चौहरमल की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की



**लातेहार (आजाद सिपाही)।** लातेहार में वीर बाबा चौहरमल कल्याण समिति जिला लातेहार के महासचिव डॉक्टर ओमप्रकाश पासवान को और उपाध्यक्ष अमित कुमार पासवान को गढ़वा के वीर बाबा चौहरमल कल्याण समिति के अध्यक्ष चंदन पासवान और पलामू प्रमंडल के संरक्षक रविंद्र पासवान और उनके कमिटि के द्वारा भारत का संविधान तलवार और अंग वस्त्र देकर के स्वागत किया, बहुत ही मान सम्मान प्रदान किया, हम वीर बाबा चौहरमल कल्याण समिति जिला लातेहार की ओर से वीर बाबा चौहरमल कल्याण समिति गढ़वा को इसके लिए आभार प्रकट करते हैं, आने वाले समय में हम पूरा पलामू प्रमंडल एकजुट होकर कार्य करेंगे और समाज को नयी ऊंचाइयों तक पहुंचायेंगे। इस अवसर पर रांची से आए हुए हमारे पासवान समाज के सुख-दुख के साथी बड़े भाई जयप्रकाश पासवान झारखंड पुलिस संगठन के कार्यकर्ता भीखु पासवान, अजय पासवान और बहुत सारे लोग उपस्थित थे।

## ऐतिहासिक धोबाली जतरा महोत्सव 2025 का आयोजन

# यह एक उत्सव नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति का प्रतीक है : बिंदेश्वर उरांव





आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** लोहरदगा में रविवार को ऐतिहासिक धोबाली जतरा महोत्सव 2025 का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। सदियों पुराना यह उत्सव आदिवासी समाज की संस्कृति, परंपरा और सामुदायिक एकता का प्रतीक माना जाता है। इस अवसर पर हजारों लोग दूर-दराज के क्षेत्रों से जुटे और पारंपरिक उल्लास में शामिल हुए।

**मुख्य अतिथि बिन्देश्वर उरांव ने किया संबोधित :** कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बिन्देश्वर उरांव महामंत्री भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा झारखंड प्रदेश और विशिष्ट अतिथि के रूप में मति राजमणि उरांव जिला परिसद सदस्य, भुनेश्वर उरांव शामिल हुए। साथ ही ग्राम प्रधान सुरेंद्र उरांव गुलसन उरांव, जलेश्वर उरांव, प्रमोद उरांव, बिरिया उरांव, हरि उरांव, एतवा उरांव, सुशील उरांव।

मुख्य अतिथि बिंदेश्वर उरांव ने कहा– धोबाली जतरा केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि हमारी आदिवासी संस्कृति, परंपरा और सामुदायिक एकजुटता का प्रतीक है। इसे संरक्षित कर आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाना हम सबकी जिम्मेदारी है। विशिष्ट अतिथियों ने भी इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे सांस्कृतिक महोत्सव समाज को अपनी जड़ों से जोड़ते हैं और सामाजिक एकता को सशक्त बनाते हैं।

**भैंसा लड़ाई और लोकनृत्य रहे आकर्षण का केंद्र :** महोत्सव में पारंपरिक भैंसा लड़ाने की प्रतियोगिता मुख्य आकर्षण रही, जिसे देखने बड़ी संख्या में लोग उमड़े। इसके अलावा दर्जनों खोड़हा मंडलियों ने अपने पारंपरिक गीत और नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। ढोल-नगाड़ों की थाप, लोकगीतों की गूंज और जनसमूह की सहभागिता ने पूरे वातावरण को उत्सवमय बना दिया।

**ग्रामवासियों की रही महत्वपूर्ण भूमिका :** ग्राम प्रधान सुरेंद्र उरांव सहित गुलशन उरांव, जलेश्वर उरांव, प्रमोद उरांव, बिरिया उरांव, हरि उरांव, एतवा उरांव और सुशील उरांव ने आयोजन में सक्रिय भूमिका निभाई। सामूहिक प्रयास और जनसहयोग से यह ऐतिहासिक महोत्सव सफलता पूर्वक संपन्न हुआ।

### महोत्सव में भैंसा लड़ाने की परंपरा का आयोजन रहा आकर्षण का केंद्र



**भंडरा (आजाद सिपाही)।** एतिहासिक धोबाली जतरा महोत्सव का आयोजन संपन्न हुआ। धोबाली जतरा वर्षों से लगते आ रहा है और आदिवासी संस्कृति और परंपरा का जीवंत प्रतीक माना जाता है। इस वर्ष के महोत्सव में पारंपरिक भैंसा लड़ाने की परंपरा का आयोजन विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। क्षेत्र के लोग दूर-दराज से इस ऐतिहासिक आयोजन को देखने पहुंचे और अपनी सांस्कृतिक धरोहर से जुड़ने का अनुभव किया। आस-पास के गांव के दर्जनों खोड़हा मंडलियों ने पारंपरिक नृत्य और गीतों का शानदार प्रदर्शन कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मांदर की थाप और लोकगीतों की गूंज ने पूरे वातावरण को उत्सवमय बना दिया। महोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि बिन्देश्वर उरांव महामंत्री भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा झारखंड प्रदेश और विशिष्ट अतिथि के रूप में राजमनी उरांव जिला परिसद सदस्य, भुनेश्वर उरांव शामिल हुए। मौके पर ग्राम प्रधान सुरेंद्र उरांव, गुलशन उरांव, जलेश्वर उरांव, प्रमोद उरांव, बिरिया उरांव, हरि उरांव, एतवा उरांव, सुशील उरांव उपस्थित थे।

# निर्माणाधीन स्टेडियम पर विवाद ग्रामीणों ने विधायक से लगायी गुहार

स्टेडियम निर्माण से रास्ता बंद होने पर भड़के ग्रामीण, बोले-50 घर होंगे प्रभावित

महिलाओं ने कहा कि यह मैदान अब तक स्थानीय बच्चों के खेलकूद और सामाजिक आयोजनों का केंद्र रहा है



आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड क्षेत्र के गढ़वाटांड़ में निर्माणाधीन खेल मैदान (स्टेडियम) को लेकर स्थानीय ग्रामीणों में असंतोष बढ़ता जा रहा है। रविवार को क्षेत्र के दर्जनों महिला-पुरुष वार्ड सदस्य गीता सिंह के नेतृत्व में मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचन्द्र सिंह से मुलाकात कर अपनी समस्याएं रखीं। ग्रामीणों ने बताया कि स्टेडियम निर्माण के लिए बन रही बाउंड्री वॉल से सटे घरों का आवागमन पूरी तरह बाधित हो जायेगा। यदि बाउंड्री पूरी हो गयी तो खरवार टोला, हरिजन टोला और मुस्लिम टोला के लोगों का रास्ता पूरी तरह बंद हो जायेगा, जिससे करीब 50 घरों के परिवार सीधे प्रभावित होंगे। ग्रामीणों ने चिंता जतायी कि इस स्थिति में आपातकालीन परिस्थिति में एम्बुलेंस या अन्य वाहन भी घरों तक नहीं पहुंच पायेंगे। महिलाओं ने कहा कि यह मैदान अब तक स्थानीय बच्चों के खेलकूद और सामाजिक आयोजनों का केंद्र रहा है। यहां के लोग इसे अपने आंगन के समान मानते हैं। लेकिन स्टेडियम निर्माण से न केवल बच्चों की खेल गतिविधियों कि आजादी प्रभावित होंगी, बल्कि पास स्थित दुर्गा मंडप और प्राथमिक विद्यालय का अस्तित्व भी खतरे में पड़ सकता है। ग्रामीणों ने विधायक से स्टेडियम निर्माण को किसी अन्य उपयुक्त स्थान पर स्थानांतरित करने या कम से कम वैकल्पिक रास्ता उपलब्ध कराने की मांग की। उन्होंने आरोप लगाया कि क्षेत्र के कुछ स्थानीय बिचौलिया किस्म के लोग ठेकेदारी के लालच में इस निर्माण का समर्थन कर रहे हैं, जो गांव के हित में नहीं है। विधायक रामचन्द्र सिंह ने ग्रामीणों की बातें गंभीरता से सुनीं और कहा कि स्टेडियम को अन्य स्थान पर स्थानांतरित करना संभव नहीं है, परंतु वे संबंधित अधिकारियों से बात कर खेल मैदान के आसपास आवागमन के लिए वैकल्पिक रास्ता सुनिश्चित करायेंगे। उन्होंने भरोसा दिलाया कि किसी भी परिस्थिति में ग्रामीणों के आने-जाने या आपातकालीन सेवाओं में बाधा नहीं आने दी जायेगी। विधायक के आश्वासन से असंतुष्ट महिलाओं ने कहा कि हम अपनी मांगों पर अड़े रहेंगे और मुख्यमंत्री के पास अपनी गुहार लगायेंगे। इस दौरान वार्ड सदस्य गीता सिंह, अर्जुन विश्वकर्मा, मयंक विश्वकर्मा, उत्तम वर्मा, श्यामली शर्मा, शोभा देवी, सीमा देवी, मालती देवी समेत कई ग्रामीण इस दौरान मौजूद रहे।

## देवरी नदी छठ घाट कमेटी की बैठक संपन्न



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** बरवाडीह प्रखंड के देवरी नदी छठ घाट परिसर में छठ पूजा समिति गठन हेतु बैठक आयोजित की गयी। बैठक में समिति के सभी पूर्व सदस्यों और स्थानीय ग्रामीणों मुख्य रूप से शामिल हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि पूर्व कमेटी के उत्कृष्ट कार्य और बेहतर समन्वय को देखते हुए इस वर्ष समिति में किसी भी प्रकार का बदलाव नहीं किया जायेगा। पूर्व कमेटी को ही जिम्मेवारी दी गयी जिसमें कन्हाई प्रसाद अध्यक्ष, रंजीत यादव मंटू यादव सचिव, प्रदीप कुमार उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष : जीतेन्द्र साह कोषाध्यक्ष, भोला प्रसाद यादव उपसचिव, इसके अतिरिक्त समिति के सदस्य के रूप में कमलेश प्रसाद, मिथिलेश प्रसाद उर्फ गोलू, अवधेश प्रसाद, अशोक यादव, अर्जुन राम, राकेश कुमार, मलिंगा, पिंकू कुमार, मुकेश प्रजापति, दिलीप प्रसाद, दशरथ प्रसाद, प्रदीप सिंह, संतोष विश्वकर्मा, बसंत कुमार सिंह, संतोष कुमार, श्रीराम चौधरी, अनंत कुमार, संदीप कुमार, लक्ष्मण यादव, छोटू साहब, अजीत कुमार, रविंद्र कुमार, तुलसी सिंह, विकेश पासवान, निरंजन कुमार और अमित सिंह को रखा गया जबकि बैठक में काफी संख्या में ग्रामीण शामिल थे।

## तीन दिवसीय स्व. कुणाल सिंह मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट संपन्न

# पढ़ाई के साथ खेल पर भी ध्यान दें युवा : डीडीसी



आजाद सिपाही संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र के अलौदी पंचायत अंतर्गत हेसवे ग्राम स्थित मध्य विद्यालय के खेल प्रांगण में नव युवक संघ हेसवे द्वारा आयोजित रविवार को तीन दिवसीय स्व.कुणाल सिंह मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट सम्पन्न हुआ। फुटबॉल प्रतियोगिता में कुल 32 टीमों ने भाग लिया था। फाइनल खेल के मुख्य अतिथि लोहरदगा के उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप देव शेखावत और विशिष्ट अतिथि भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष अजातशत्रु सिंह और निशांत सिंह और मिथुन तमेंड़ा के द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर फाइनल खेल प्रारम्भ कराया गया। खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि डीडीसी दिलीप प्रताप देव शेखावत ने कहा कि युवा पढ़ाई के साथ खेल पर भी ध्यान दें जिन्हें जिस खेल में रुचि है। हॉकी, क्रिकेट, फुटबॉल, बैड मिन्टन सभी को अलग अलग खेल में रुचि रहता है। जिन्हें जिस खेल में रुचि है। वो एक लक्ष्य लेकर खेल को अनुशासन के साथ खेलें और खेल भावना से आपस में एक दूसरे के साथ मित्रता बनाये रखें साथ ही कहा कि खेल के नियमानुसार अनुशासन के साथ खेलने पर अवश्य ही सफलता मिलेगी। वहीं खेल आयोजन समिति के कोषाध्यक्ष रामजीत यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि इस टूर्नामेंट को सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्र में लगातार दस वर्षों से सफलता पूर्वक आयोजित किया जा रहा है। वहीं टूर्नामेंट का फाइनल मैच ब्लैक डायमंड तिगरा और रैंबो क्लब कुंदगड़ी के बीच खेला गया। जिसमें पेनाल्टी सूट आउट में तिगरा की टीम 4-1 गोल से जीत कर प्रतियोगिता का विजेता बना। वहीं विजेता, उपविजेता और तृतीय और चतुर्थ स्थान प्राप्त टीम को मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि द्वारा पुरस्कार स्वरूप नगद राशि दे कर सम्मानित किया गया। मौके पर आयोजन समिति के अध्यक्षक विश्वनाथ मिस्त्री, सचिव जोयेस कुजूर, एस सुजुद्दीन रजा, तिवारी उरांव, अर्जुन मिस्त्री, रूपेश यादव, राजेश मुंडा, आदित्य मिस्त्री समेत अन्य खेल प्रेमी ग्रामीण महिला पुरुष और बच्चे बच्चियां उपस्थित थे।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से अधेड़ की मौत

**कुडू - लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** कुडू रांची मुख्य पथ एनएच-75 थाना क्षेत्र के नवाटोली के सामीप शनिवार की रात लगभग नौ बजे अज्ञात वाहन की चपेट में आने से 55 वर्षीय श्यामदेव महतो की मौत हो गयी। मृतक कुडू मखाटोली निवासी स्वर्गीय रामदेव रामधन महतो के पुत्र थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार, श्यामदेव महतो साइकिल से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान ढुलूवा खूंटा पुल से आगे नवाटोली के समीप, जहां से फोरलेन सड़क शुरू होती है, एक अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों ने उन्हें कुडू अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उन्हें रिम्स, रांची रेफर कर दिया। मगर रास्ते में ही उनकी मौत हो गयी। घटना के बाद से क्षेत्र में शोक की लहर है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है।

## अंजुमन इस्लामिया लोहरदगा ने बढ़ाया स्वास्थ्य सुविधा का दायरा



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** स्वास्थ्य सुविधाओं के क्षेत्र में अंजुमन इस्लामिया लोहरदगा लगातार उल्लेखनीय योगदान दे रहा है। अंजुमन इस्लामिया लोहरदगा द्वारा संचालित अंजुमन अस्पताल लोहरदगा में रांची के प्रसिद्ध विशेषज्ञ डॉक्टरों की देखरेख में मरीजों का बेहतर उपचार किया जा रहा है। अस्पताल में आधुनिक तकनीक से सुसज्जित लैब स्थापित की गई है, जहां सभी प्रकार की जांचें उन्नत उपकरणों से की जाती हैं। साथ ही अस्पताल परिसर में दवाखाना भी संचालित है, जिसमें मरीजों को बाजार से कम दरों पर गुणवत्तापूर्ण दवायें उपलब्ध कराई जाती हैं। इसी क्रम में संस्था ने स्वास्थ्य सुविधाओं को और सशक्त करने हेतु एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। आज अस्पताल परिसर में आधुनिक एक्स-रे मशीन का शुभारंभ किया गया, जिसका उद्घाटन अंजुमन इस्लामिया लोहरदगा के नायब सदर सैयद तारीफ हुसैन बबलू, जॉइंट सेक्रेटरी अनवर अंसारी, अल्ताफ कुरैशी, सक्रिय सदस्य इरशाद अहमद और जफर इमाम के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस नई सुविधा के माध्यम से अब अस्पताल परिसर में मरीजों को आधुनिक एक्स-रे जांच की सेवा बाजार से कम दर पर उपलब्ध होगी, जिससे स्थानीय नागरिकों को सस्ती और बेहतर चिकित्सा सेवा सुनिश्चित की जा सकेगी।

## सूचना का अधिकार दिवस पर कार्यशाला आयोजित



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 का 20 वर्ष पूर्ण होने पर भारतीय सूचना अधिकार रक्षा मंच लोहारदगा जिला कमिटी ने रविवार को केतकी पैलेश होटल में केक काटकर और लड्डू बांटकर धुमधाम से सूचनाधिकार दिवस मनाया। मौके पर भारतीय सूचना अधिकार रक्षा मंच, लोहरदगा के जिलाध्यक्ष शकील अख्तर ने कहा कि भ्रष्टाचार पर लड़ने के लिए लोकतांत्रिक तरीके से सबसे बड़ा कानून सबसे बड़ा हथियार है। जब तक भ्रष्टाचार काम नहीं होगी। लोहरदगा जिला में तब तक भारतीय सूचना अधिकार रक्षा मंत्री लड़ाई लड़ते रहेगी। जिला संरक्षक प्रदीप राणा ने कहा कि आज ही के दिन 12 अक्टूबर 2005 को हमारे भारत देश में सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 (आरटीआइ) लागु हुआ था जिसका आज 20 वर्ष पूर्ण हो गया। जो सूचना कानून लोकतंत्र की बहुत बड़ी ताकत है। जिला उपाध्यक्ष एजाज अख्तर ने कहा कि सूचना कानून नागरिकों को सशक्त बनाता है, उन्हें सरकारी तंत्र के कामकाज की जानकारी प्राप्त करने का अधिकार प्राप्त है। मंच के जिला सचिव संजय विश्वकर्मा ने कहा कि नागरिकों को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करने और एक पारदर्शी, जवाबदेह और भ्रष्टाचारमुक्त शासन प्रणाली को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है। जिला उपाध्यक्ष सुनील राम ने कहा की हम थकेगें नहीं आगे बढ़ेंगे और भ्रष्टाचारियों को बेनकाब करेंगे। रामचंद्र भगत ने कहा कि राज्य सरकार जल्द सूचना आयुक्तों की बहाली करेंगे नहीं तो हम सभी लोग गोलबंद होकर सरकार को घेरेंगे। मंच के सदस्य जावेद आलम ने मंच का सदस्यता अभियान और सूचना का अधिकार पर जन जागरूकता अभियान चलाने पर विशेष जोर दिया। सभा को कदीर अंसारी, रंजीत कुमार गिरी, मनी उरांव, मुख्तार अंसारी, परवेज खान, अमानुल अंसारी, एजाज अख्तर सहित कई लोगों ने संबोधित किया।

## पोखरी कला में आठ माह से सड़क निर्माण कार्य बंद



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** बरवाडीह प्रखंड के क्षेत्र अंतर्गत पोखरी कला में क्षेत्रीय निर्माण विभाग द्वारा सड़क निर्माण का कार्य करीब आठ माह पूर्व शुरू किया गया था। लेकिन बीते कई महीनों से यह कार्य पूरी तरह ठप पड़ा हुआ है। इस अधूरे सड़क निर्माण के कारण स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिसे लेकर स्थानीय ग्रामीण काफी आक्रोशित दिख रहे है। ग्रामीणों का कहना है कि यही सड़क छठ पर्व के दौरान श्रद्धालुओं के लिए प्रमुख मार्ग है। जिससे होकर लोग छठ घाट तक पहुंचते हैं। वर्तमान में सड़क की स्थिति इतनी खराब है कि लोगों को नंगे पांव चलने में भी भारी कठिनाई झेलनी पड़ रही है। सांसद प्रतिनिधि ओम प्रकाश गुप्ता ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और जिला प्रशासन से इस मुद्दे को संज्ञान में लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण कार्य शीघ्र शुरू नहीं हुआ तो आगामी पर्व में श्रद्धालुओं को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। जिले के उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता से सड़क जल्द दुरुस्त कराने और संवेदक पर कार्रवाई की मांग की है। मौके पर सांसद प्रतिनिधि ओम प्रकाश गुप्ता के साथ शंभू प्रजापति, संजय राम, विनय प्रसाद, लाल बिहारी साव, संपत भुइयां, राजेंद्र प्रसाद, जनार्दन प्रसाद और विनोद यादव उपस्थित थे।

## कोयला चोरी के मामले में तीन गिरफ्तार

**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट बरवाडीह के उप निरीक्षक विनोद कुमार, उप निरीक्षक राम कुमार मिंज साथ अन्य कर्मियों के द्वारा निरीक्षक प्रभारी बरवाडीह राकेश रंजन के निर्देश पर बरवाडीह स्टेशन पूरब साईड केबिन के पास गुप्त निगरानी के दौरान मालगाड़ी से कोयला गिरते हुए रात्री में करीब 03:50 बजे 03 व्यक्तियो को कोयला के साथ पकड़ा गया। जिनसे पूछताछ करने पर सभी ने अपना नाम (1) अमजद अंसारी उर्फ मनू उम्र-45 वर्ष, पिता-शहीद अंसारी (2) अहमद अंसारी उर्फ सोनू ,उम्र-40 वर्ष दोनों ग्राम- लूहूर थाना-बरवाडीह जिला-लातेहार (3) विश्वनाथ सिंह उम्र 40बर्ष पिता- स्व.जीतन सिंह ग्राम सैदूप वर्तमान बोगरा बथान थाना बरवाडीह जिला लातेहार (झारखंड) बताया। पकड़े गये व्यक्ति को अग्रिम कानूनी कार्यवाई के लिये रेसुब पोस्ट बरवाडीह पर लाया गया और उक्त के बाबत उप निरीक्षक विनोद कुमार रेसुब पोस्ट बरवाडीह के द्वारा दिये लिखित शिकायत पत्र के आधार पर रेसुब पोस्ट बरवाडीह पर कांड संख्या 02/2025 दिनांक 12.10.2025 अन्तर्गत धारा -03 RP(UP) Act 1966 विरुद्ध गिरफ्तार अमजद अंसारी उर्फ मनू, व दो अन्य पंजीकृत किया गया। तथा मामले कि जांच उपनिरीक्षक राम कुमार मिंज / रेसुब पोस्ट बरवाडीह को सौंपा गया और पकड़े गये अभियुक्त को अग्रिम कार्यवाई के लिये सभी को जेल भेज दिया गया।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 13 अक्टूबर, 2025
www.azadsipahi.in



## नावाडीह रेलवे स्टेशन में रेल सुरक्षा बल की चौकी का शुभारंभ



हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। पंडित दिन दयाल उपाध्याय रेल मंडल के वरीय मंडल सुरक्षा आयुक्त के आदेश पर झारखंड के अंतिम रेलवे स्टेशन कजरात नावाडीह में रेल सुरक्षा बल की चौकी का शुभारंभ रविवार को किया गया। इस रेलवे स्टेशन के बाद बिहार राज्य शुरू हो जाता है। चौकी के शुभारंभ के मौके पर आरपीएफ पोस्ट नबीनगर के प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि काजरात नावाडीह रेलवे स्टेशन झारखंड बिहार की सीमा पर स्थित है। उन्होंने कहा कि चौकी इंचार्ज के रूप में उप निरीक्षक उमाकांत राम को बनाया गया है। चौकी पर आरपीएफ जवानों की भी तैनाती की गयी है। इस रेल सुरक्षा बल चौकी रेल सुरक्षा पोस्ट नबीनगर के अधीन होगा। मौके पर सहायक उप निरीक्षक उमाकांत राम, फेबियन कुल्लू, दयाशंकर ठाकुर, आरक्षी फुलेश्वर यादव, अंजनी कुमार सिन्हा, राकेश, अनुज, प्रमोद के अलावा सुरक्षा बल के जवान मौजूद थे।

# देवघर में प्रसूता की मौत, डॉक्टर और नर्स पर लापरवाही बरतने का आरोप

**पति ने कहा- रेफर करने से पूर्व पत्नी की मौत हो चुकी थी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** सदर अस्पताल देवघर में रविवार अहले सुबह 26 वर्षीय मोनिका कुमारी पति अरविंद ठाकुर की मौत इलाज के क्रम में हो गयी।

मृतक जसीडीह थाना क्षेत्र के पुवारी कोठिया निवासी हैं। इस संबंध में मृतका के पति अरविंद ठाकुर ने जानकारी देते हुये कहा कि शनिवार को उसे प्रसव पीड़ा होने के कारण इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंच थे। दिनभर सभी डॉक्टरी इलाज और जांच के बाद देर शाम को डॉक्टर ने उसे



मृतका की फीइल फोटो।

प्रसव कक्ष में भर्ती किया था। मध्य रात्रि में प्रसव होने के बाद उसकी अचानक तबीयत खराब हो गयी। डॉक्टर से लेकर एएनएम तक को सूचना दी गयी लेकिन किसी ने गंभीरता से नहीं ली। रात तकरीबन 2:30 बजे एक एएनएम ने वहां पहुंचकर मरीज को देखा तो उसकी हालत खराब हो चुकी थी। इसके बाद सदर अस्पताल उपाधीक्षक से संपर्क कर उसे बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया।

**रेफर करने से पूर्व पत्नी की मौत हो चुकी थी :** आक्रोशित पति ने बताया कि रेफर करने से पूर्व पत्नी की मौत हो चुकी थी। इसके बाद भी डॉक्टर ने उसे रेफर कर दिया। देवघर के कई अस्पतालों में लेकर गये परंतु किसी ने भर्ती नहीं लिया, सभी ने मौत होने की जानकारियां दी। इसके बाद महिला के परिजन सदर अस्पताल पहुंचकर हो हंगामा किया। परिजनों ने डॉक्टर और स्वास्थ कर्मचारी पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए सूचना नगर थाना प्रभारी को दे दी है। इधर पुलिस मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम करने की तैयारी कर रहे हैं।

# दौड़ हमें स्वस्थ और तरोताजा रखने का एक अच्छा साधन है : इंद्राणी चटर्जी




**एमकेडीएवी में हुआ रन फोर डीएवी का आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** डीएवी कॉलेज प्रबंध समिति नयी दिल्ली के निर्देशानुसार आज पूरे भारत स्तर पर रन फोर डीएवी का आयोजन हुआ। जिसमें 21 किलोमीटर हाफ मैराथन 10 किलोमीटर दौड़, 5 किलोमीटर दौड़, तथा 2 किलोमीटर रन फॉर फन के आयोजन करने का निर्देश था। जिसके आलोक में 12 अक्टूबर को एमकेडीएवी पब्लिक स्कूल डालटेनगंज में रन का डीएवी का आयोजन हुआ जिसमें 35 छात्रों ने भाग लिया और प्रतियोगिता में दौड़ लगायी।

**दौड़ में शामिल सारे छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया :** छात्रों को संबोधित करते हुए विद्यालय की प्रचार्या इंद्राणी चटर्जी ने कहा कि इस विद्यालय के छात्र पठन-पाठन के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में भी सक्रिय रहते हैं। उन्होंने कहा कि 'रन फॉर डीएवी-2025' कार्यक्रम में, हमारे छात्रों ने गति, उत्साह, शक्ति, एकता और शालीनता का प्रदर्शन किया। उनके हर कदम में अनुशासन और हर सांस में दृढ़ संकल्प था। ऐसी गतिविधियां अच्छे स्वास्थ्य, फिटनेस, खेल भावना, ज़िम्मेदारी और राष्ट्रीय गौरव के गुणों का संचार करेंगी - जैसा कि हमारे राष्ट्रपिता ने कल्पना की थी। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक आलोक कुमार, सीएस पांडे, नीरज श्रीवास्तव, तुसार घोष, विक्रम चंदेल, प्रदीप बोराल, विक्रम राय तथा अन्य शारीरिक शिक्षक उपस्थित थे।

## विधायक शशिभूषण के निर्देश पर प्रोजेक्ट डायरेक्टर ने ओवरब्रिज का काम शुरू करवाया



**विधायक ने कहा कि मेरा यही ध्येय है कि आम जनता को सुगम और सुरक्षित आवागमन सुविधा प्राप्त हो**

आजाद सिपाही संवाददाता

**पांकी (पलामू)।** पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने शनिवार को मेदिनीनगर परिषदन भवन में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के डायरेक्टर पांडेय से मिलकर विस्तृत रूप से चर्चा कर यह निर्देश दिया की। पांकी- मेदनीनगर - लेस्लीगंज (डीएलपी) पथ पर निर्माणधीन एन-एच पोखराहा में जहां फोरलेन सड़क पार कर रहा है वहां ओवरब्रिज निर्माण कराना अत्यंत आवश्यक है। अन्यथा उस जगह पर आये दिन दुर्घटना की संभावना बनी रहेगी। जिसका निदान सिर्फ ओवरब्रिज निर्माण कराये जाने से संभव है। जिसे प्रोजेक्ट डायरेक्टर श्री पांडेय के द्वारा इस पर त्वरित संज्ञान लेते हुए ओवरब्रिज का काम शुरू करवाया। इस दौरान विधायक ने कहा कि मेरा यही ध्येय है कि आम जनता को सुगम और सुरक्षित आवागमन सुविधा प्राप्त हो।

# देवघर में पल्स पोलियो अभियान शुरू

### उप विकास आयुक्त ने 'दो बूंद ज़िंदगी की' संदेश के साथ जागरूकता की अपील

आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** देवघर के उप विकास आयुक्त पीयूष रंजन ने शनिवार को देवघर सदर अस्पताल के सभागार में पल्स पोलियो अभियान की औपचारिक शुरूआत की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भारत के लिए पोलियो उन्मूलन (Polio Eradication) एक ऐतिहासिक उपलब्धि रही है। उन्होंने बताया कि पोलियो के तीन प्रकार के वायरस पाये जाते हैं, जिनमें से सेकंड कैटेगरी का वायरस वर्ष 1999 में भारत में अंतिम बार मिला था। उसके बाद से देश में कोई मामला दर्ज नहीं हुआ है और 2015 में भारत को पोलियो मुक्त (Polio Free) घोषित किया गया। उप विकास आयुक्त ने कहा कि हालांकि कुछ पड़ोसी देशों में अब भी पोलियो के sporadic केस सामने आते हैं, इसीलिए



विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) के दिशा-निर्देश के अनुसार भारत में सतर्कता और निगरानी लगातार जारी है। इसी क्रम में पल्स पोलियो अभियान हर वर्ष चलाया जाता है ताकि भारत में पोलियो की वापसी न हो सके। उन्होंने कहा, 'हमारा उद्देश्य है कि पोलियो हमेशा के लिए समाप्त रहे। इसी के तहत 'दो बूंद ज़िंदगी की' के संदेश के साथ हर घर तक यह वैक्सीन पहुंचे।' अभिभावक अपने 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को केंद्र पर लाकर वैक्सीन दिला सकते हैं। उपायुक्त ने बताया कि अगले दो दिनों तक घर-घर जाकर भी टीकाकरण टीम उन बच्चों को टीका देगी जो आज किसी कारणवश छूट जायेंगे। उन्होंने जिलेवासियों से अपील की कि अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर इस जनहित कार्यक्रम को सफल बनाएं, ताकि देवघर सहित पूरा देश पोलियो मुक्त बना रहे।

# मधुपुर-बैंगाबाद-गिरिडीह बाइपास पथ का वीडियो कांफ्रेंसिंग से मंत्री हफीजुल ने किया शिलान्यास

आजाद सिपाही संवाददाता

**मधुपुर।** मधुपुर विधानसभा क्षेत्र में रविवार को पथ निर्माण विभाग पथ प्रमंडल देवघर के अंतर्गत मधुपुर-बैंगाबाद-गिरिडीह बाईपास पथ जिसकी कुल लंबाई 2.30 किलोमीटर राईडिंग क्वालिटी में सुधार कार्य का शिलान्यास स्थानीय विधायक सह सूबे के मंत्री अल्पसंख्यक कल्याण,जल संसाधन मंत्री हफीज़ुल हसन के द्वारा रांची से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से किया गया।

इस दौरान 52 बीघा स्थित शिलान्यास स्थल पर मंत्री प्रतिनिधि के रूप में शब्बीर हसन ने शिलापट्ट अनावरण व नारियल फोड़कर किया। वहीं मंत्री प्रतिनिधि ने कहा कि ओझा मोड़ से गांधी चौक तक का कई जगह रोड खराब हो गया था जिसे राहगीरों को काफी दिक्कत होती थी। इस मौके पर झामुमो नगर अध्यक्ष अल्ताफ हुसैन उर्फ बीके, नगर सचिव संजय शर्मा, हाजी सुल्तान अहमद, दिनेश्वर किस्कू, अबु तालिब अंसारी, मोरिफ खान, मोहम्मद ताज आतिफ जाफरी युगल यादव, कन्या अभियंता बालमुकुंद राम, संजीव, सहायक अभियंता राजीव कुमार, संवेदक अनिरुद्ध कुमार समेत दर्जनों झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे।




## मंत्री हफीजुल हसन से मिले अशोकानंद झा, पूछा कुशलक्षेम- स्वास्थ्य लाभ पर जतायी खुशी



देवघर (आजाद सिपाही)। झारखंड सरकार के जल संसाधन एवं अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री मो हफीजुल हसन से अशोकानंद झा ने मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम पूछा। मंत्री के स्वस्थ होने की जानकारी मिलने पर श्री झा ने खुशी जाहिर की। यह मुलाकात मधुपुर स्थित मंत्री हफीजुल हसन के आवास पर हुई, जहां संयुक्त बिहार के पूर्व मंत्री स्वर्गीय कृष्णानंद झा के पुत्र अशोकानंद झा के आगमन पर मंत्री ने प्रसन्नता व्यक्त की और उनका स्नेहपूर्वक स्वागत किया। मुलाकात के दौरान श्री झा ने मंत्री के स्वास्थ्य से जुड़ी जानकारी ली और उनके शीघ्र पूर्ण स्वस्थ होने की कामना की। इस दौरान दोनों के बीच झारखंड की वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों पर भी चर्चा हुई। मौके पर कांग्रेस नेता फैयाज कैशर और संजीव झा भी मौजूद रहे।

## व्यापार मंडल अध्यक्ष ने 32 सौ रुपये क्विंटल धान खरीदने की मांग की

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद व्यापार मंडल अध्यक्ष सह पलामू जिला पैक्स अध्यक्ष संघ के जिला अध्यक्ष कृष्णा बैठा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि इस वर्ष किसानों की पुरजोर मेहनत और मौसम के मेहरबान होने के चलते धान की अच्छी फसल है। सरकार द्वारा पर्याप्त मात्रा में यूरिया खाद नहीं मिलने के कारण किसान ब्लैक से मंहगे दाम पर खाद लेकर धान में डाले है जिससे किसानों को धान की खेती करना मंहगा पड़ा है। वर्तमान सरकार ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में सरकार बनने पर धान 3200 रुपये प्रति क्विंटल खरीदने की बात



कही गयी है। इसलिए सरकार के घोषणा पत्र पर किसान हित को देखते हुए उन्होंने मुख्यमंत्री को ध्यान आकृष्ट कराते हुए मांग किया है कि इस वर्ष अपने घोषणा पत्र के अनुसार किसानों से 3200 रुपये प्रति क्विंटल धान की खरीद की जाये ताकि किसानों को लागत के अनुसार मूल्य मिलेगा और किसान अपने परिवार का भरन पोषण कर सकेंगे।

## हाइवा की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत

**पांकी/पलामू (आजाद सिपाही)।** पांकी थाना क्षेत्र के तेतराई बाजार समीप शनिवार को रात्रि लगभग 8 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। जिसमें बाइक सवार युवक की मौत हो गयी। मृतक की पहचान ताल निवासी संतोष शर्मा उम्र लगभग 23 वर्ष पिता देवनाथ मिस्त्री के रूप मे हुई। युवक की घर की स्थिति काफी खराब है। युवक के बड़े भाई दिव्यांग गूंगा है, और पिता एवं माता पक्षाघात हैं युवक बाहर में मजदूरी का कार्य करता था। जानकारी के अनुसार संतोष शर्मा अपनी बाइक से ताल से अपने बहन को लाने मेदिनीनगर जा रहा था, तभी हाइवा वाहन ने टक्कर मार दी, जो की हाइवा वाहन संख्या नम्बर jh02bv 6016 है। हादसे के बाद वाहन चालक फरार हो गया। हालांकि पांकी पुलिस ने हाइवा वाहन को जब्त कर लिया है और चालक के तलाश में जुट गयी है।

## देवरी ओपी पुलिस ने 3000 केजी जावा महुआ और शराब बनाने का उपकरण किया विनष्ट



अवैध महुआ शराब के विरुद्ध अभियान चलाते ओपी पुलिस।

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद के देवरी ओपी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पूर्णाडीह, गयाबीघा और सोनपुरवा में सोन नदी के डीला पर अवैध शराब बनाने की गतिविधियों पर पुलिस ने कड़ी कार्रवाई की है। कुल चार जगहों पर करीब 3,000 किलो जावा महुआ और शराब बनाने वाले उपकरण नष्ट किये गये। इस कारवाई की जानकारी देवरी ओपी प्रभारी बबलू कुमार ने देते हुए बताया अवैध जावा महुआ और शराब निर्माण को लेकर अभियान चलाकर कारवाई की गयी है। कुल चार स्थानों पर करीब 3,000 किलो जावा महुआ और शराब बनाने के उपकरण नष्ट किये गये है। नष्ट किए गए जावा महुआ की अनुमानित कीमत 1,65,000 रुपये है।

# हुसैनाबाद में चलाया गया जागरूकता अभियान

**नशीली फसल न करने की ग्रामीणों को दिलायी शपथ**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद ।** पलामू जिला प्रशासन के निर्देश पर हुसैनाबाद थाना अंतर्गत सुदवर्ती क्षेत्र महुदंड पंचायत सचिवालय परिसर में हुसैनाबाद प्रशासन द्वारा विशेष जन जागरूकता अभियान को लेकर कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में महूदंड पंचायत क्षेत्र के विभिन्न गांवों के सैकड़ों ग्रामीण, महिलाएं, पुरुष, युवक-युवतियां, पंचायत के मुखिया और वार्ड सदस्य मौजूद रहे। इस मौके पर हुसैनाबाद अंचलाधिकारी पंकज कुमार, थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी मौजूद रह कर ग्रामीणों को जागरूक किया। अधिकारियों ने अवैध खेती के दुष्परिणाम और इसमें संलिप्त पाये जाने पर कानूनी कार्रवाई तथा दंड के प्रावधानों के बारे में जानकारी दी। किसानों को अफीम, पोस्ता और गांजा की खेती




के बजाय चावल, गेहूं, चना, सरसों, ज्वार, सोयाबीन, मूंगफली, अरंडी, बाजरा और कटहल जैसी लाभकारी फसलें उगाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के अंत में प्रशासनिक अधिकारियों ने सभी ग्रामीणों को अवैध नशीली फसलों की खेती न करने की शपथ दिलायी और सभी ग्रामीण इसकी शपथ लिए। प्रशासन का उद्देश्य है कि किसान वैकल्पिक फसल उगाकर कानूनी परेशानियों से बचें और सुरक्षित व समृद्ध जीवन यापन कर सकें।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से हुसैनाबाद अवर निरीक्षक मुकेश कुमार सिंह, युवा समाजसेवी शिवशंकर यादव और पंचायत क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामीण शामिल रहे।

# इ-कल्याण छात्रवृत्ति का भुगतान ना होना छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ : शुभम

आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** झारखंड में लंबे समय से ई-कल्याण विभाग द्वारा दी जाने वाली छात्रवृत्ति राशि का भुगतान नहीं होने पर छात्रों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। इस पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) के छात्र नेता शुभम कुमार ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य सरकार की यह लापरवाही विद्यार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है।

शुभम कुमार ने कहा कि झारखंड में विद्यार्थियों की शिक्षा को सुचारू रूप से चलाने के लिए ई-कल्याण विभाग के माध्यम से छात्रवृत्ति दी जाती है, ताकि



आर्थिक रूप से कमजोर छात्र अपनी पढ़ाई पूरी कर सकें। लेकिन लंबे समय से छात्रवृत्ति की राशि का भुगतान न होना न केवल दुखद है बल्कि छात्रों के अधिकारों का हनन भी है।

उन्होंने कहा कि सरकार ने चुनाव से पहले छात्र हित में कई वादे किए थे, परंतु आज झारखंड के छात्र खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। राज्य के विभिन्न जिलों से छात्रों ने बताया है कि छात्रवृत्ति राशि न मिलने के कारण कॉलेज फीस, हॉस्टल खर्च और आगे की पढ़ाई में उन्हें भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। शुभम ने कहा कि यह राशि छात्रों के लिए केवल आर्थिक सहयोग नहीं बल्कि उनके भविष्य की नींव है। सरकार को चाहिए कि यथाशीघ्र छात्रवृत्ति राशि का भुगतान करे, ताकि छात्रों की पढ़ाई बाधित न हो। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि छात्रों की समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो अभाविप द्वारा राज्यव्यापी आंदोलन शुरू किया जायेगा।

# स्वदेशी वस्तुएं अपनाने से ही देश आत्मनिर्भर बनेगा : शिवपूजन मेहता

**आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान को लेकर भाजपा की हुयी बैठक**

**हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी को जनांदोलन बनाने का संकल्प**

आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर (पलामू)।** बिश्रामपुर के नावाडीह कला स्थित आरसीआईटी के सभागार में रविवार को आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान को लेकर भाजपा की बैठक हुयी। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष अमित तिवारी व संचालन नगर अध्यक्ष बबन राम ने किया। बैठक की शुरूआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय व डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। बैठक में पलामू सांसद



आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान को लेकर भाजपा की बैठक में संकल्प लेते भाजपाई।

विष्णु दयाल राम, कार्यक्रम प्रभारी सह पांकी विधायक डॉ कुशवाहा डां शशिभूषण मेहता, वरीय भाजपा नेता प्रवीन सिंह और भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी उपस्थित रहे।

डॉ शशि भूषण मेहता ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत और स्वदेशी अभियान एक दूसरे के पूरक हैं। स्वदेशी अभियान को बढ़ावा देते हुये स्वदेशी उत्पादों को दैनिक जीवन में अपना कर ही देश को आत्मनिर्भर बनाया जा सकता है। सांसद विष्णु दयाल राम ने अभियान के मंत्र हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी को अपनाकर इसे जनांदोलन बनाने का आह्वान किया। कहा कि आजादी के आंदोलन में महात्मा गांधी से लेकर बाल गंगाधर तिलक, सरदार पटेल जैसे नेताओं ने स्वदेशी अभियान को स्वतंत्रता की लड़ाई का हथियार बनाया। भारत की आजादी में स्वदेशी अभियान का बड़ा योगदान रहा.लेकिन कांग्रेस ने 60 वर्षों के शासन काल में स्वदेशी आंदोलन को बल नहीं दिया। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आत्मनिर्भर भारत का संकल्प लिया गया है, जिसे 140 करोड़ जनता के सहयोग से साकार करना है।

डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने कहा कि आज प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ब्रिटेन को पछाड़कर विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था वाला देश बना है। और यह सब प्रधानमंत्री के विकासोन्मुख और भारत केंद्रित चिंतन का परिणाम है। देश को विकसित भारत बनाने में हम सब को भी अहम योगदान देना होगा। उन्होंने दीपावली, छठ पूजा जैसे त्योहारों में घरेलू उपयोग के लिये भारत निर्मित सामग्री को हो खरीदने का अपील किया। कार्यक्रम के दौरान हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी को जनांदोलन बनाने का संकल्प भी लिया गया।

मौके पर डॉ वीपी शुक्ला, सांसद के जिला प्रतिनिधि, विजय ओझा, भाजयुमो जिलाध्यक्ष बिपुल गुप्ता, पूर्व प्रमुख संतोष चौबे, सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय, अमरेश तिवारी, शिवबंश मिश्रा, धीरेंद्र तिवारी, मनीष कुमार, दामोदर यादव, अनुज कुमार चौधरी, गोपाल सोनी सहित काफी संख्या में भाजपा नेता कार्यकर्ता मौजूद थे।

# 23 अक्टूबर को होगा चित्रगुप्त पूजनोत्सव

आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** देवघर के एक निजी आवास पर बैद्यनाथ चित्रगुप्त सभा, देवघर की बैठक आयोजित की गयी, जिसकी अध्यक्षता प्रदीप कुमार सिन्हा ने की। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 23 अक्टूबर (गुरुवार) को परमेश्वर दयाल रोड स्थित अंबेडकर नगर के समीप भव्य पंडाल बनाकर भगवान चित्रगुप्त की प्रतिमा स्थापित कर चित्रगुप्त पूजा पूरे धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनायी जायेगी।

बैठक में तय कार्यक्रम के अनुसार, सुबह 10:00 बजे भगवान चित्रगुप्त की प्राण प्रतिष्ठा और पूजा संपन्न होगी। इसके बाद दोपहर 1:00 बजे से प्रसाद



वितरण, और 3:00 बजे से बच्चों की चित्रांकन प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी। संध्या 6:00 बजे भगवान चित्रगुप्त की महा आरती की जायेगी, जबकि 7:00 बजे 'दुर्गेश नंदिनी छात्रवृत्ति योजना' के तहत सभा के सचिव विनायक सिन्हा द्वारा दो प्रतिभाशाली बच्चों को 5000 रुपये की छात्रवृत्ति दी जायेगी। इसके बाद रात्रि 8:00 बजे पारंपरिक बिरादरी भोज का आयोजन होगा। 24 अक्टूबर (शुक्रवार) को सुबह 11:00 बजे भगवान चित्रगुप्त की प्रतिमा का विसर्जन किया जायेगा।

बैठक में देवघर बार एसोसिएशन के पूर्व सचिव प्रणय कुमार सिन्हा, अनय कुमार सिन्हा, निर्णय कुमार सिन्हा, विनायक सिन्हा, विश्वजीत कुमार, मनोज कुमार उर्फ पप्पू, सुमन कुमार सिन्हा, राजेश कुमार सिन्हा, सौरभ कुमार, अजय प्रसाद, रमन अंबष्ठा, गौतम गोपाल, मनोज सिन्हा, प्रशांत सिन्हा, अजय प्रताप सिन्हा, संजय आनंद शाह, सहित बड़ी संख्या में चित्रांश समाज के सदस्य उपस्थित थे।

## विक्षिप्त युवक ने खाया कीटनाशक, हालत गंभीर

**गुमला (आजाद सिपाही)।** सदर थाना क्षेत्र के खोरा पतरा टोली निवासी 25 वर्षीय युवक ने रविवार की सुबह 9 बजे कीटनाशक खा लिया। परिजन तत्काल उसे लेकर सदर अस्पताल पहुंचे जहां प्राथमिक इलाज के बाद डॉक्टर ने उसे बेहतर उपचार के लिए रांची के रिम्स अस्पताल रेफर कर दिया। जानकारी के मुताबिक युवक पेशे से मजदूर है। दो दिन पहले ही पतरा टोली नदी की ओर गया था। जहां उसे मुर्गी का एक बच्चा मिला। वह उसे घर ले आया। परिजनों द्वारा पूछने पर बताया कि गांव में किसी ने ओझा मती कर पूजा पाठ के कई सामानों के साथ मुर्गी के सात बच्चे को नदी के पास छोड़ दिया था। जिसे वह उठा कर घर लाया। परिजनों के डांटने पर वह वापस उसे छोड़कर घर चला आया और उसी दिन से उसकी मानसिक स्थिति खराब हो गई। वह घर में गाली गलौज करता और लोगों को गोली मारने की बात करता। उसके व्यवहार में भी परिवर्तन आ गया था। लोगों ने बताया कि उसकी मानसिक स्थिति खराब हो गई। इसी बीच रविवार की सुबह उसने धान में कीड़े मारने वाला कीटनाशक खा लिया।

## कार्तिक उरांव स्मृति जतरा सह खेलकूद प्रतियोगिता की तैयारी को लेकर बैठक

# 23 को मुख्यमंत्री घाघरा में



कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर बैठक करते सरना समिति के पदाधिकारी-सदस्य।

आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** प्रखंड की बदरी पंचायत सचिवालय में सरना समिति के पदाधिकारी एवं सदस्यों की बैठक रविवार को हुई। जिसमें आगामी 23 अक्टूबर को बदरी प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय परिसर में आयोजित होने वाले कार्तिक उरांव स्मृति जतरा सह खेलकूद प्रतियोगिता की तैयारी को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में समिति के सदस्यों ने बताया कि खोड़हा दल अपना पंजीकरण जल्द से जल्द पूर्ण कर लें, ताकि कार्यक्रम में उनकी सहभागिता सुनिश्चित हो सके। जानकारी दी गई कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री चमरा लिंडा शामिल होंगे। पूर्व जिला परिषद सदस्य तेंबू उरांव ने कहा कि यह कार्यक्रम प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी पूरे उत्साह और परंपरागत ढंग से मनाया जाएगा। उन्होंने सभी ग्रामीणों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर मुख्यमंत्री के आशीर्वचन सुनने की अपील की। इस मौके पर मारवाड़ी भगत, बुधराम उरांव, हरीलाल उरांव, सनिया उरांव, प्रदीप उरांव, मनेश्वर उरांव, तेतरु उरांव, राजेंद्र टाना भगत, तेंबा उरांव, पहना उरांव और अनुज उरांव आदि उपस्थित थे।

## झारखंड आंदोलनकारियों की बैठक में सीएम से समक्ष समस्याओं को रखने का हुआ निर्णय



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय के बाजार टांड़ स्थित धूमकुड़िया भवन में रविवार को झारखंड आंदोलनकारियों की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता जिला कार्यकारी अध्यक्ष मनोज कुमार भगत ने की। इसमें प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांव से झारखंड आंदोलनकारी उपस्थित हुए। जिसमें निर्णय लिया गया की 23 अक्टूबर को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आगमन पर उनसे मुलाकात कर अपनी समस्याओं को रखेंगे। इसके लिए एक प्रतिनिधि मंडल बनाई जा रही है। इस मौके पर महासचिव नारायण भगत ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारी को 3500 रुपया पेंशन मिलना है पर 500 रुपया कम दिया जा रहा है। इसकी शिकायत मुख्यमंत्री के समक्ष करने का निर्णय लिया गया। लगे हाथ किसी भी आंदोलनकारी की मौत होने पर सामाजिक सुरक्षा कोषांग से कम से कम 50 हजार रुपया परिजनों को देने की भी मांग की जाएगी। इस मौके पर महासचिव नारायण भगत, उसबीन टोप्पो, मनोज कुमार भगत, राजकुमार भगत, हरि भगत, सुरेश भगत, आजाद अली, नीलमणि देवी, जेवियर लकड़ा, मुखलाल साहू, चंद्रमणि पाठक, ओमप्रकाश मिश्रा, मारवाड़ी उरांव और रंथु उरांव आदि मौजूद थे।

# महिला सुरक्षा, रोजगार और ननबैंकिंग में जमा पैसे के भुगतान को लेकर एकजुट हों : विजय



**गुमला (आजाद सिपाही)।** झारखंड नवनिर्माण दल एवं ननबैंकिंग कंपनी पीड़ित मंच गुमला जिला के तत्वाधान में कचहरी स्थित हड़ताली वृक्ष के पास बैठक की गयी। जिसकी अध्यक्षता महिला नेत्री पुष्पा उरांव ने की। इसमें मुख्य रूप से उपस्थित ऑल इंडिया पीपुल्स फ्रंट के प्रभारी सह झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह ने कहा कि सरकार की घोर लापरवाही के कारण महिला सुरक्षा और सहारा इंडिया, एपीलाइन, वेलफेयर सहित कई कंपनी में लोगों के जमा पैसे का भुगतान नहीं हो रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि महिला सुरक्षा, रोजगार, लोन माफी, व्यवसाय के लिए पूंजी देने एवं महिला सशक्तिकरण के नाम पर मची लूट पर रोक एवं दर्जनों ननबैंकिंग में जमा पैसे के जल्द भुगतान के लिए जुड़ने का अंतिम दौर का अभियान भी चलाया जाएगा। जिसमें हजारों लोगों के जुड़ने एवं ऑल इंडिया पीपुल्स फ्रंट की 7-8 दिसंबर 2025 को नई दिल्ली में होने वाली चौथी राष्ट्रीय अधिवेशन को सफल बनाने में भी नेताओं से जुट जाने की अपील की है। महिला नेत्री पुष्पा उरांव ने कहा कि जिले में महिला सुरक्षा भगवान भरोसे है। नवजात बच्चे की खरीद बिक्री की जा रही है। एंबुलेंस की आस में महिला दम तोड़ रही है। जबकि सरकार और जिला प्रशासन गहरी निंद्रा में सोई है। उन्होंने ऐसे मामले के खिलाफ और अपने हक अधिकार के लिए जोरदार आंदोलन की तैयारी की अपील की है। बैठक में झारखंड स्थापना दिवस एवं झारखंड नवनिर्माण दल का 10वां गठन दिवस के मौके पर 15 नवंबर को गुमला जिला मुख्यालय में शहीदों और पूर्वजों के सपनों का शोषण मुक्त एवं खुशहाल झारखंड नवनिर्माण के लिए संकल्प सभा आयोजित करने, 30 नवंबर को महिला हुंकार सभा गुमला में आयोजित करने, भ्रष्टाचार के खिलाफ जिले में चलाई जा रही झारखंड नवनिर्माण दल द्वारा कार्यक्रमों को सफल बनाने और 14 दिसंबर को राष्ट्रीय रोजगार-सामाजिक अधिकार अभियान के तहत विशाल जिला स्तरीय सम्मेलन आयोजित करने आदि के निर्णय लिये गये। इस मौके पर लॉरेंसिया मिंज, अर्चना लकड़ा, मनी उरांव, बसंत बड़ाईक, शंकर उरांव, लेवनार्ड खलखो, सहदेव बड़ई, फबयानुस सारस, गोपेश्वर गोप, बसंत उरांव और कृष्ण यादव आदि उपस्थित थे।

## उपायुक्त के कड़े रुख के बाद शिक्षा विभाग एक्शन मोड में कर रहा काम

- शिक्षा सेवा के अधिकारी सहित चार प्रखंड के बीइओ से लेकर ऑपरेटर और बीआरपी, सीआरपी तक के वेतन पर रोक लगाने के साथ मांगा गया स्पष्टीकरण

**गुमला (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त (डीसी) प्रेरणा दीक्षित द्वारा जिले की शैक्षणिक व्यवस्था में सुधार को लेकर की गयी सख्ती और दैनिक समीक्षा के बाद पूरा शिक्षा विभाग अब एक्शन मोड में है। बताते चलें कि जिले में सभी सरकारी एवं सरकारी सहायता प्राप्त अल्पसंख्यक विद्यालय के सभी शिक्षक एवं सभी कर्मियों के प्रतिदिन विद्यालय में नियमित रूप से समय पर आगमन और प्रस्थान के लिए दोनों समय बायोमैट्रिक उपस्थिति अनिवार्य करते हुए किसी भी तरह के अवकाश के लिए ऑनलाइन आवेदन अनिवार्य किए गए है, ताकि पारदर्शिता बनी रहे। डीसी ने विशेष रूप से आगामी बोर्ड परीक्षाओं को ध्यान में रखकर दिसंबर के प्रीबोर्ड टेस्ट से पूर्व सभी विद्यालय में सिलेबस की समय पर पूर्णता और यूडायस पोर्टल में सभी शैक्षणिक आंकड़ों की समय पर प्रविष्टि एवं ईविद्यावाहिनी पोर्टल में छात्र और शिक्षक उपस्थिति को लेकर काफी गंभीर हैं। जिले में गठित शिक्षक कोर टीम और सभी बीपीओ, बीआरपी, सीआरपी को बोर्ड परीक्षा की तैयारियों लिए उच्च एवं प्लस टू स्कूल के विशेष अनुश्रवण के निर्देश देते हुए स्कूलों के कम संख्या में अनुश्रवण और कम छात्र उपस्थिति पर गहरा असंतोष व्यक्त कर तत्काल प्रदर्शन में सुधार संबंधी निर्देश के साथ चेतावनी भी दी है। गौरतलब हो कि डीसी द्वारा पूर्व में सिलेबस पूर्ण नहीं होने तथा बायोमैट्रिक उपस्थिति में कमी के कारण सभी उच्च एवं प्लस टू विद्यालय के शिक्षकों को भी प्रदर्शन में सुधार की चेतावनी दी गई है। अब बोर्ड परीक्षाओं के लिए विशिष्ट रणनीति तैयार कर सुधारात्मक कार्य कराए जा रहे हैं। उधर, डीसी के कड़े रुख के बाद डीइओ एवं डीएसई ने प्रखंडवार आंकड़ों के समीक्षा में असंतोषजनक प्रगति के कारण क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी सहित गुमला, सिसई, बसिया एवं पालकोट प्रखंड के प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, बीआरपी, सीआरपी, एमआईएस समन्वयक एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर के वेतन-मानदेय के भुगतान पर रोक लगाते हुए स्पष्टीकरण मांगा गया है। जिला शिक्षा पदाधिकारी कविता खलखो द्वारा निर्गत स्पष्टीकरण में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि यूडायस में सभी शैक्षणिक आंकड़ों के ससमय संकलन एवं ईविद्यावाहिनी में सभी छात्र एवं शिक्षकों के ऑनलाइन उपस्थिति के उपरांत ही इनका वेतन / मानदेय निर्गत किया जाएगा। जिला शिक्षा अधीक्षक नूर आलम खां ने शिक्षा विभाग के सभी प्रखंड के पदाधिकारी एवं कर्मियों सहित परियोजना के पदाधिकारियों-कर्मियों को स्पष्ट चेतावनी दी है कि डीसी के आदेशानुसार वे अपने कार्य प्रणाली में सुधार लाते हुए ससमय सभी कार्यों का निष्पादन करें।

# बसिया में मनाया गया नवाखानी सह करमा पर्व, शामिल हुए सिसई विधायक



**बसिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के दलमादी चर्च परिसर में नवाखानी सह करमा पर्व मनाया गया। जिसका समापन मिस्सा पूजा पुरोहित फादर दीपक एक्का एवं फादर किशोरी बाड़ा ने कराया। इस अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। जिसमें बेहतर प्रदर्शन करने वाले दलों को सम्मानित भी किया गया। उक्त कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में सिसई के विधायक जिग्गा सुसारन होरो के अलावा जिला परिषद सदस्य सह चर्च सभानेत्री बसंती डुंगडुंग उपस्थित हुए। अतिथियों ने सभी को शुभकामनाएं दी। इस दौरान आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में 11 गांव के प्रतिभागियों ने भाग लिया जिसमें पहला स्थान कुरुम गांव, दूसरा स्थान फरसाटोली गांव और तीसरे स्थान पर बालाचावरा हुए। इस मौके पर सभापति कारलुस कुजूर, बिलियन डुंगडुंग, सुचिता एक्का, हेलेना कुजूर, फेलिक्स टोप्पो, जेरोम कुजूर, सुमन एक्का मुक्तिलता डुंगडुंग सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## पिछड़ावर्ग संघर्ष मोर्चा ने दी आंदोलन की चेतावनी



**गुमला (आजाद सिपाही)।** पिछड़ा वर्ग संघर्ष समिति झारखंड की बैठक रविवार को पालकोट रोड स्थित रौनियर भवन में हुई। जिसकी अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष उदासन नाग ने किया। इसमें संगठन के मजबूत आंदोलन की रूपरेखा और केंद्रीय कमेटी से प्रखंड कमेटी तक संगठन को मजबूत करने पर विचार किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में तेली समाज के प्रदेश अध्यक्ष अरुण कुमार साहू उपस्थित हुए। उन्होंने कहा कि गुमला सहित झारखंड के सात जिलों में पिछड़ों की अनदेखी की जा रही है, जो बर्दाश्त नहीं हो जाएगी। पिछड़ी जातियों को इन सात जिलों में सरकार ने आरक्षण शून्य कर दिया है। जिसे लेकर अब आंदोलन व्यापक तौर पर करने की आवश्यकता है। जब तक हम एकजुट नहीं होंगे विरोध नहीं करेंगे तब तक अधिकार नहीं मिलेगा। उन्होंने रांची राजभवन का घेराव करने की भी बात कही। बताया कि छठ और दीपावली के बाद राजभवन के सामने सभी जिलों से पिछड़ी जातियों का जमावड़ा होगा। साथ ही जिन पार्टियों द्वारा सात जिलों में आरक्षण शून्य किया गया है उन सभी मुख्यमंत्री पार्टियों का पंचायत से लेकर जिला तक विरोध करने के साथ ही पुतला दहन भी किया जाएगा। केंद्रीय अध्यक्ष उदासन नाग ने कहा कि वर्तमान सरकार झारखंड में पेसा कानून लाने जा रही है जिसमें हम लोग की पहचान मिट जाएगी, क्योंकि इस पेसा एक्ट में हम लोग को कोई जगह नहीं दी गयी है। सरकार से मांग है पेसा कानून लागू करने से पहले मंथन किया जाए। साथ ही यहां के मूलवासी, पिछड़ा समाज ओबीसी के लोगों को भी जनसंख्या के आधार पर शामिल किया जाए। इक दौरान संगठन की मजबूती के लिए गठित कमेटी का केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नीलांबर साहू को बनाया गया। साथ ही जिला अध्यक्ष गुमला आजाद सिंह, कार्यकारी जिला अध्यक्ष गुमला सज्जाद अनवर को बनाया गया। सिसई प्रखंड अध्यक्ष कलेश्वर साहू को बनाया गया। जबकि मंच का संचालक केंद्रीय महासचिव दिलीप नाथ साहू ने किया। इस मौके पर राजेश खन्ना, जुल्फर अंसारी, दिलीप जायसवाल, तेली समाज के जिला अध्यक्ष कलिंदर साहू, आजाद सिंह, अजीत विश्वकर्मा, शहजाद अनवर, चूड़ामणि गोप, नीलांबर साहू, केंद्रीय प्रमुख संरक्षक जगदीश साहू, रांची जिला प्रभारी भूखन साहू, सुनील साहू और बलदेव साहू आदि ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किया।

## आरटीआइ एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने मनाया 'सूचनाधिकार दिवस', मिठाई बांटी



**गुमला (आजाद सिपाही)।** सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के 20 वर्ष पूरे होने पर जिले के आरटीआई एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने रविवार को बिरसा मुंडा एग्रो पार्क में केक काटकर, मिठाइयां बांटकर और कार्यशाला आयोजित कर सूचनाधिकार दिवस मनाया। इस मौके पर भारतीय सूचना अधिकार रक्षा मंच के केंद्रीय महासचिव एवं आरटीआई - सामाजिक कार्यकर्ता आनंद किशोर पंडा ने कहा कि आज ही के दिन 12 अक्टूबर 2005 को भारतीय संसद की ओर से झारखंड सहित पूरे देश में सूचना का अधिकार अधिनियम लागू किया था। आज इस सूचना के अधिकार (आरटीआई) कानून का 20 वर्ष पूरा हो गया। यह कानून नागरिकों को सशक्त बनाता है। उन्हें सरकारी तंत्र के कामकाज की जानकारी प्राप्त करने और अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने का भरपूर अवसर देता है। गलत कार्यों का पर्दाफाश करवाते हुए भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाता है और सच्चाई को स्वीकार करवाता है जिससे शासन-प्रशासन जनता के प्रति अधिक जिम्मेदार बने और लोकतंत्र सुदृढ़ हो। वहीं, आरटीआई कार्यकर्ता शंभूनाथ सिंह ने कहा कि सूचना का अधिकार कानून आम जनता का एक हथौड़ा है जिसे सरकार द्वारा ही अनावश्यक संसोधन एवं सूचना आयोग को निष्क्रिय कर इसे भोथरा करने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं, सामाजिक कार्यकर्ता सुनील कुमार वर्मा ने कहा कि आज का सूचनाधिकार दिवस भारत के सभी नागरिकों के लिए एक महत्वपूर्ण दिन है जो उन्हें उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करने और एक पारदर्शी, जवाबदेह और भ्रष्टाचारमुक्त शासन प्रणाली को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है। मेघनाथ प्रसाद ने कहा कि सूचना का अधिकार हमारे देश का एक महत्वपूर्ण कानून है जो लोकतंत्र को मजबूत करता है। आरटीआई कार्यकर्ता सुनील कुमार दास ने कहा कि जन सूचना पदाधिकारी के वरिय अधिकारी के समक्ष प्रथम अपील दर्ज करने पर उन्हें 30 से 45 दिनों के अंदर सुनवाई कर सूचनाएं आपूर्ति करानी है, लेकिन आरटीआई अपील मामले पर जिले के अपीलीय अधिकारी को सुनवाई करने का समुचित ज्ञान ही नहीं है, सुनवाई के नाम पर केवल लम्बी तारीखें देकर समय को खिंचा जाता है। भूतपूर्व सैनिक एवं सामाजिक कार्यकर्ता तारसियूस एक्का ने कहा कि सूचना का अधिकार उल्लंघन पर राज्य सरकार ने संवैधानिक संस्था झारखण्ड राज्य सूचना आयोग का गठन किया है, लेकिन पिछले लगभग छह वर्षों से राज्य आयोग में एक भी सूचनायुक्त नहीं है। जिस कारण सूचनायुक्त के यह सूचनाधिकार कानून बिल्कुल प्रभावहीन हो गया है। टाना भगत शिष्टमंडल प्रतिनिधि कमेटी झा० प्र० के महासचिव एवं सामाजिक कार्यकर्ता नारायण भगत ने कहा कि संवैधानिक संस्था झारखण्ड राज्य सूचना आयोग पिछले कई वर्षों से निष्क्रिय है। जिस कारण अधिकारी को सूचना कानून से भय बिल्कुल खत्म हो गया है, जिससे भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिल रहा है। इस कार्यक्रम में आनंद किशोर पंडा, बनु बाबू, सुनील कुमार दास, दिलीप कुमार साहू, तारसियूस एक्का, मोआफताब आलम, मेघनाथ प्रसाद, वीरेंद्र तिर्की, नारायण भगत, सुनील कुमार वर्मा, शंभूनाथ सिंह, प्रमोद सिंह, रणधीर निधि, अनील कुमार पंडा, बी दास, शुभम कुमार, गजानन साहू, महेंद्र उरांव, प्रवीण साहू, लाल अरविंद कुमार, प्रमोद सिंह, अर्जुन महतो, बादल सिंह और अशोक प्रसाद सोनी आदि उपस्थित थे।

## गुमला लायंस क्लब ने आयोजित किया शारीरिक व्यायाम कार्यक्रम



**गुमला (आजाद सिपाही)।** लायंस क्लब ने मानसिक स्वास्थ्य सप्ताह अभियान के तहत शारीरिक व्यायाम कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें लायंस क्लब के सचिव योगेंद्र प्रसाद साहू और रीजन चेयरपर्सन अशोक कुमार जयसवाल उपस्थित थे। इसका उद्देश्य लोगों को शारीरिक व्यायाम के महत्व के बारे में जागरूक करना और उन्हें मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना था। गुमला लायंस क्लब ने इस कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को शारीरिक व्यायाम के लाभ के बारे में जानकारी दी और उन्हें अपने जीवन में नियमित व्यायाम करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान लायंस सचिव योगेंद्र प्रसाद साहू, रीजन चेयरपर्सन अशोक कुमार जयसवाल, शिव कुमार लाल, विशाल कुमार बिद्दू, शशि किरण जयसवाल, शारीरिक व्यायाम के महत्व और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता किया।

# हमें हर भाषा सीखनी चाहिए, इससे कहीं समस्या नहीं होगी: डॉ रंजीत

## 10 दिवसीय एनसीसी कैंप में अच्छी विधि व्यवस्था से लोग प्रभावित

आजाद सिपाही संवाददाता




**सिसई।** बैजनाथ जालान महाविद्यालय में 10 दिवसीय एनसीसी कैंप में अच्छी विधि व्यवस्था से क्षेत्र के लोग काफी प्रभावित हैं। कैडेट दैनिक प्रशिक्षण के साथ खेलकूद, सांस्कृतिक, सामाजिक, व्यक्तित्व निर्माण के गुणों को ग्रहण कर रहे हैं। शिविर में कैडेट तरह-तरह के व्यंजनों का लुत्फ उठा रहे हैं। शिविर के छठे दिन महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो अमिताभ भारती, अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ रंजीत कुल्लू, भूगोल विभागाध्यक्ष डॉ निसार अहमद ने अनुशासन के साथ चरित्र निर्माण, भाषा, बॉडी लैंग्वेज एवं स्वास्थ्य रह कर अच्छी जीवन जीने की कला पर कैडेटों के बीच व्याख्यान दिया। प्रो अमिताभ भारती ने कहा कि आप देश के भविष्य हैं। हम सबसे पहले राष्ट्र प्रेम को ही सर्वोपरि मानते हैं। अनुशासन, आत्म नियंत्रण, अच्छी भावना, इच्छा, व्यवहार को आत्मसात कर लेंगे तो हर क्षेत्र में सफल रहेंगे। कहा कि अनुशासन ही देश को महान बनाता है। एनसीसी में रह कर व्यवहार कुशल बने, टीम वर्क करें, व्यक्तित्व विकसीत करें, तो जीवन में कोई भी समस्या रुकावट नहीं बनेगी। वहीं, डॉ रंजीत कुल्लू ने कहा कि हमें हर भाषा सीखनी चाहिए। भाषा से ज्ञान मिलता है। आप जो भाषा समझेंगे उस क्षेत्र में जुड़ जायेंगे। कहीं समस्या नहीं होगी। अंग्रेजी अंतर्राष्ट्रीय भाषा है। अंग्रेजी सभी को जानना चाहिए, तो दुनिया के किसी भी छोर से हम जुड़ सकते हैं। एनसीसी अनेकता में एकता को दर्शाता है। वहीं, डॉ निसार अहमद ने कहा कि कैडेटों को आदर्श व्यक्तित्व निर्माण करना है तो निरोग रहना होगा। इसके लिए जागरूक होना होगा। मेहनत के बाद शरीर को ऊर्जा चाहिए। आराम चाहिए। इसके लिए समय से सोना, जागना, खाना और मेहनत करना है। अवस्था के अनुसार हमारे शरीर में परिवर्तन होता है। इसके अनुसार व्यायाम, योगासन भी करना चाहिए। खान पान के साथ साफ पानी, साफ-सफाई पर भी विशेष ध्यान देने की जरूरत है। इस मौके पर कॉलेज के प्रधान लिपिक सुरेश साहू, एनसीसी कैंप के पदाधिकारी एल अमोका, भोला प्रसाद, श्यामा सुंदर, बीपी शर्मा, जवाहर शाह, लवेश कुमार, रिगचिंग मनोज बोरों, सौरभ कुमार, संजीव कुमार और अमीत कुमार आदि उपस्थित थे।

## डुमरी में धूमधाम से मनाया गया आरएसएस का शताब्दी वर्ष




**डुमरी (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय स्वयं सेविक संघ (आरएसएस) के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में डुमरी में भव्य कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस अवसर पर डुमरी सरस्वती शिशु मंदिर परिसर से सैकड़ों स्वयंसेवक एवं सनातनी लोगों ने पथ संचलन निकाला। जो सरस्वती शिशु मंदिर से प्रारंभ होकर नवाडीह चौक, ब्लॉक परिसर होते हुए डुमरी बस्ती तक पहुंचा और पुनः सरस्वती शिशु मंदिर में आकर समाप्त हुई। इस दौरान सभा भी की गई। कार्यक्रम की शुरूआत ध्वज प्रणाम के साथ की गई। इसके बाद विभाग कार्यवह त्रिलोचन, प्रांत संपर्क प्रमुख रजीव कमल बिट्ठू, विभाग समरसता प्रमुख अजय, विभाग प्रचारक समी, विभाग शारीरिक शिक्षण प्रमुख कुलदीप और जिला कार्यवाह लक्ष्मी नारायण सिंह द्वारा शास्त्र पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस दौरान विभाग समरसता प्रमुख अजय ने बौद्धिक सत्र का आयोजन किया, जिसमें स्वयंसेवकों को संघ की स्थापना, उद्देश्य और राष्ट्र निर्माण में इसकी भूमिका के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया। वक्ताओं ने कहा कि संघ का मुख्य उद्देश्य राष्ट्र को संगठित कर आत्मनिर्भर भारत का निर्माण करना है। हम सभी को मिलकर शाखा को मजबूत करना है। इसके लिएअपने गांव में प्रतिदिन शाखा लगाना है। इस मौके पर ग्राम अध्यक्ष अनिल ताम्रकार, मनोज कुमार सिन्हा, भूषण सिंह, उमेश ताम्रकार, चंचल कुमार, संदीप कुमार, उत्तम केशरी, रोहित ताम्रकार, बिपिन केशरी आदि उपस्थित थे

## बोलेरो-बाइक की भिड़ंत, व्यक्ति का पैर टूटा



**जारी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत जारी गांव के समीप रामवतार मोड़ में श्रीनगर निवासी भूषण टोप्पो को तेज रफ्तार अज्ञात बोलेरो ने टक्कर मार दी। जिससे उसका पैर टूट गया। जानकारी के अनुसार अज्ञात बोलेरो चैनपुर से भिखमपुर की ओर जा रही थी। तभी बाइक से जारी से चैनपुर जा रहे भूषण को रामावतार मोड़ के समीप टक्कर मार दी। उधर, घटना की सूचना मिलते ही जिप सदस्य दिलीप बड़ाईक और जारी पुलिस मौके पर पहुंच गयी। घायल को जिप सदस्य दिलीप बड़ाईक अपने वाहन में बैठाकर चैनपुर सामुदायिक स्वस्थ केंद्र ले गये, जहां प्राथमिक उपचार करने के बाद हालत गंभीर देख गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 13 अक्टूबर, 2025
www.azadsipahi.in



## बोकारो के रेलवे गुड्स शेड्स एरिया में कोयले के पहाड़ में लगी है आग

# कोयले में लगी आग की जांच करने पहुंची याचिका समिति

- कोयले के भंडारण और अनियमितता पर याचिका समिति ने जतायी नाराजगी
- आग बुझाने में सरकारी फंड का किया जा रहा है दुरुपयोग
- मांडू विधायक ने विधानसभा में मामले को रखने की कही बात



आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** झारखंड विधानसभा की याचिका टीम निरीक्षण करने पहुंची बोकारो रेलवे का गुड शेड्स एरिया। बोकारो के गुड शेड्स एरिया में भंडारा किये हुए कोयले में लगी है आग। झारखंड विधानसभा की याचिका निगरानी की टीम ने गुड्स शेड्स एरिया में लगे कोयले में लगी आग घटनास्थल पर और आसपास के रहने वाले लोगों को हो रहे समस्या की जांच करने पहुंची । झारखंड विधानसभा याचिका निगरानी की टीम ने वहां पर घोर अनियमिता पाया है। झारखंड विधानसभा की याचिका समिति टीम के अध्यक्ष मांडू के विधायक निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो है। मामले को गंभीरता से लेते हुए याचिका समिति की टीम ने कंपनियों पर कई गंभीर आरोप लगाया है। बोकारो गुड साइड एरिया में लगे कोयले में आग के बाद से ही आनन फानन में कंपनियों द्वारा कोयले में लगी आग को रात से ही बुझाने का प्रयास किया जा रहा है। झारखंड विधानसभा याचिका समिति की टीम ने जांच में पाया कि कंपनियों के निजी कामों में सरकारी संपत्ति का दुरुपयोग हो रहा है।

इसके बाद उन्होंने मौके से ही फोन से बात की और मामले को विधानसभा में उठाने की बात कही। झारखंड विधानसभा याचिका समिति यह सारी बातें झारखंड विधानसभा के सभापति और झारखंड के मुखिया हेमंत सोरेन को भी अवगत करायेगी। झारखंड विधानसभा याचिका समिति की टीम ने बताया कि ग्रामीणों के जिंदगियों के साथ कंपनियां खिलवाड़ कर रही हैं। बरहाल बोकारो रेलवे स्टेशन के गुड शेड्स एरिया में कई कंपनियां कोयला भंडारण की हुई हैं, जिसमें भारी अनियमितता है। कोयलें के पहाड़ में लगी आग की ऊंची लपटें देख आसपास के रहने वाले लोग भयभीत और उठने वाले धुएं से बीमारियों के शिकार हो रहे हैं। बोकारो रेलवे स्टेशन के गुड्स साइड एरिया के 1 किलोमीटर के दायरे में भंडारा किये हुए कोयले में आग लगी है और आग लगातार बढ़ती जा रही है।

**धुएं और कोयले के डस्ट से परेशान से लोगों को हो रही परेशानी :** इस एरिया के दायरे में बोकारो रेलवे स्टेशन के आस-पास 50 हजार से 70 हजार की आबादी बसी हुई है जो धुएं और कोयले के डस्ट से परेशान हैं। कोयले के डस्ट के कारण हो रहे पॉल्यूशन और कोयले में लगी आग के धुएं के गुबार के कारण आसपास के रहने वाले विस्थापित ग्रामीणों को कई बीमारियों के शिकार हो रहे हैं, जिसमें दमा, टीवी, कैंसर जैसे कई गंभीर बीमारी पकड़ रही हैं। जिसके कारण आसपास के रहने वाले विस्थापित ग्रामीण बेहद परेशान हैं। सबसे गुहार लगाकर थक चुके हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई ना झारखंड सरकार ने की और ना ही जिला प्रशासन और ना ही रेलवे के पदाधिकारियों ने किया जिसके कारण तील-तील कर मरने को मजबूर हैं।

गुड शेड्स एरिया में भंडारण में आग के 100 मीटर की दूरी से वंदे भारत, राजधानी एक्सप्रेस सहित यात्रियों से भरी कई ट्रेनें गुजरती हैं, जिससे कभी भी बड़ा हादसा होने की आशंका से ग्रामीण भयभीत और डरे हुए हैं।

**ग्रामीणों ने अधिकारियों पर भी लगाया आरोप :** ग्रामीणों ने रेलवे अधिकारी और आरपीएफ के अधिकारियों के ऊपर भी सवालिया निशान खड़ा किया है और कई आरोप लगाया है। बोकारो गुड शेड्स में काला कोयले का काला खेल खुलेआम चल रहा है। रेलवे संपत्ति की सुरक्षा से खिलवाड़ और सरकारी फंड का दुरूपयोग किया जा रहा है, जिसमें सभी की मिली भगत है।

# चार मंजिला आवासीय ब्लॉक का आधा हिस्सा ऊपर से नीचे तक ढहा, 16 परिवार हुए बेघर

- बिल्डिंग में रहने वाले सभी आवासधारियों को टाउन हॉल और अग्रसेन भवन में ठहरने और खाने की गयी समुचित व्यवस्था
- धनबाद सांसद ढुल्लू महतो ने कहा कि किसी भी हालत में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी और सभी बेघरों को आशियाना देना होगा



आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो में एक बड़ा हादसा होने से टल गया जब बोकारो के सेक्टर 1बी के चार तला में स्थित चार मंजिला बिल्डिंग का पीछे का उपरी हिस्सा जब भड़बड़ा कर ऊपर से गिर पड़ा। गनीमत रही कि समय रहते यह घटना घटने से पहले लोगों को अंदेशा हो गया कि शायद ऊपर का मंजिला गिरने वाली है। इस अंदेशा को लेकर उस बिल्डिंग में रहने वाले 16 परिवार के सैकड़ों लोग बाहर निकल पड़े। यह घटना शाम के 6 बजे के करीब की बताई जा रही है। और एक बड़ी घटना होने से टल गयी। उस पूरे बिल्डिंग में 16 क्वार्टर है जिसमें संख्या 351 से लेकर 367 तक में सैकड़ों लोग निवास करते हैं। जो अब सभी सुरक्षित है।

जानकारी मिलने के बाद सिटी थाना मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करने में जुटी रही। जानकारी मिलते ही राजनीतिक दलों के लोग भी जुटते रहे। वहीं धनबाद के भाजपा सांसद ढुल्लू महतो भी पहुंचे और सभी बेघर को रात्रि में रहने को लेकर जिला प्रशासन से बात की।

बोकारो के उपायुक्त अजय नाथ झा के आदेश पर सभी बेघरों को बोकारो के टाउन हॉल और अग्रसेन भवन में ठहरने और खाने की समुचित व्यवस्था की गयी। धनबाद सांसद ढुल्लू महतो ने कहा कि किसी भी हालत में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी और सभी बेघरों को आशियाना देना होगा। वहीं मिली जानकारी अनुसार पूर्व में ही हिंदुस्तान स्टीलवर्क्स कंस्ट्रक्शन लिमिटेड कंपनी ने बिल्डिंग को डैमेज घोषित किया था और आवास में रहने वाले सभी लोगों को निर्देश देते हुए आवास को खाली करने का नोटिस जारी किया था। और सभी लिजधारियों को पैसे रिफंड लेने की बात कही गयी थी लेकिन आवास ना मिलने के कारण आवास में रहने वाले लोगों ने बिल्डिंग को खाली नहीं किया और उस आवास में रह रहे थे। इसके बाद यह घटना घटी, लेकिन गनिमत रही की कोई भी अनहोनी घटना होने से टल गयी।

# बोकारो में संगठन लगातार मजबूत हो रहा है : तिवारी



आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो ।** आजसू पार्टी बोकारो जिला की आवश्यक बैठक जिला परिसदन, बोकारो में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सचिन महतो ने की तथा संचालन जिला कार्यकारी अध्यक्ष अशोक महतो ने किया। मुख्य अतिथि मांडू विधानसभा के विधायक निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि बोकारो में आजसू पार्टी का संगठन निरंतर मजबूत हो रहा है। पार्टी के सिद्धांत और विचारधारा को गांव-गांव तक पहुंचाने के लिए सभी कार्यकर्ता सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती ही आने वाले समय में झारखंड के भविष्य को दिशा देगी। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन जिला उपाध्यक्ष अरविंद पांडेय ने किया। मौके पर केंद्रीय सचिव संतोष महतो, जयलाल महतो 'जैली', नवीन महतो, अश्विनी महतो, केंद्रीय सदस्य महेंद्र चौधरी, जिला उपाध्यक्ष अनिल झा, संतोष महतो, जिला सचिव बंकु बिहारी सिंह, हेमंत तांती, राजेश बोराल, अभय शर्मा, मिथिलेश महतो, बीरेंद्र हरि, अर्जुन महतो, कीर्ति महतो, चित्तरंजन महतो, वीरू हरि, महेश देशमुख, कृष्णा महतो, उमाशंकर महतो, भरत महतो सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# रक्तदान ही महादान है, यही मानवता की सच्ची पहचान है : अनुपमा सिंह

- अनुपमा सिंह के राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन जोड़ापोखर जामाडोबा स्थित में अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार संगठन के तत्वाधान में कार्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**झरिया/जोरापोखर ।** कांग्रेस नेत्री अनुपमा सिंह ने बताया कि शिविर का उद्देश्य निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज में रक्त की कमी को देखते हुए समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना और जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना था। मैं सभी समाजसेवियों से अपील करती हूं कि रक्तदान को किसी अवसर तक सीमित न रखें, इसे एक नियमित सामाजिक जिम्मेदारी के रूप में अपनायें। रक्तदान ही महादान हैं, यही मानवता की सच्ची पहचान हैं।

मानव अधिकार के अध्यक्ष ने कहा कि रक्तदान केवल सेवा नहीं, यह मानवीयता का सबसे बड़ा प्रतीक है। आज के समय में हर व्यक्ति को इस अभियान से जुड़ना चाहिए। शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज के संजीव कुमार शंभू साहनी, अमृत दास, जॉनसन डॉक्टरों की टीम ने सुरक्षित वातावरण में रक्त संग्रह किया।

# अंतरराज्यीय बस स्टैंड के समर्थन में युवाओं ने सांसदों और विधायकों सहित अन्य का पुतला फूंका



आजाद सिपाही संवाददाता

**कतरास।** रविवार को कतरास में प्रस्तावित अंतराज्यीय बस स्टैंड के समर्थन में क्रांतिकारी युवा नेता विशाल कुमार महतो के नेतृत्व में दर्जनों युवाओं ने सांसदों और विधायको सहित अन्य विरोधियों का पुतला दहन किया।

मौके पर विशाल ने कहा कि कुछ गलत मानसिकता वाले लोगों द्वारा कहा जा रहा है कि धधकती आग के ऊपर अंतराज्यीय बस स्टैंड कैसे बन रहा है ऐसे लोगों को मैं चुनौती देकर कहना चाहूंगा कि अगर वह ज्यादा पढ़े लिखे हैं, तो साबित करें कि उक्त स्थल से 2 किलोमीटर के रेडियस में कहीं भी कोयला है तो साबित करें, मैं उनको एक लाख का इनाम देने का वादा करता हूं। साथ ही धनबाद विधायक राज सिन्हा और संदरी विधायक चंद्रदेव महतो उर्फ बबलू महतो द्वारा भी यहां बन रहे बस स्टैंड के विरोध में आये बयान को मैं दुर्भाग्यपूर्ण मानता हूं। इन दोनों माननीय को भी बताना चाहूंगा कि दो साल से बस स्टैंड बनने का कागजी प्रकिया चल रही थी तब आपलोग कहां सोये थे। साथ ही सांसद ढुल्लू महतो पर भी तंज कसते हुए श्री महतो ने बोला कि सांसद की जड़े बाघमारा कतरास से जुड़ी है और पिछले 20 साल में आप कोई बड़ी योजना यहां की धरती पर नहीं उतार पाये हैं। ऐसे में अंतराज्यीय बस स्टैंड के पक्ष में जब डटकर खड़ा होना चाहिए तब आप दुबक कर भाग रहे हैं।

अंत में डुमरी विधायक जयराम महतो को भी आड़े हाथों लेते हुए कहा कि विधायक की शिक्षा भी कतरास से हुई है। बाघमारा और टुंडी के जनमानस की आस्था पर आपकी पार्टी के केंद्रीय प्रवक्ता के द्वारा चोट पहुंचाया जा रहा है जो असहनीय है। उम्मीद है कि जनभावना को देखते हुए आप तमाम लोग कतरास विरोधी मानसिकता का त्याग करेंगे। मौके पर लालचंद मंडल, किशोर महतो, दिलीप कुम्हार, अमन महतो, सुभाष दे, उत्तम कुम्हार, राजा रवानी, अजय महतो, विनोद महतो, आशीष मोदक, संजय कुम्हार समेत भारी संख्या में कतरास बाघमारा के लोग उपस्थित थे।

## भाकपा माले का दो दिवसीय सम्मेलन संपन्न



**झरिया /सिंदरी (आजाद सिपाही)।** भाकपा माले धनबाद जिला का दो दिवसीय सम्मेलन का संपन्न हुआ। सम्मेलन में सांगठनिक विस्तार, विज्ञानिक समाज का प्रचार-प्रसार तथा संप्रदाय शक्तियों के खिलाफ एकजुट होकर आंदोलन सहित कई प्रस्ताव पारित किये गये। दूसरे दिन प्रतिनिधि सत्र की अध्यक्षता सात सदस्यीय अध्यक्ष मंडली कॉ आगम राम, हरि प्रसाद पप्पू, सुभाष चटर्जी, नागेंद्र कुमार, सुरेश प्रसाद, मनोरंजन मल्लिक एवं पिंकी देवी ने किया। सम्मेलन में जिला के कुल 42 प्रतिनिधियों ने प्रतिवेदन के बहस में भाग लिए तथा कुछ सुझाव एवं प्रस्ताव को रखें जिससे इसे स्वीकार किया किया गया और सर्वसम्मति से प्रतिवेदन दस्तावेज को पारित किया गया। सिंदरी विधायक कॉ चंद्रदेव महतो ने कहा कि लाल झंडा ने झारखंड अलग राज्य कि लड़ाई एङ्ग केङ्ग राय, बिनोद बाबु और शिबु सोरेन के नेतृत्व मे कि अलग राज्य के संघर्ष में सर्वाधिक साथी लाल झंडा के शहीद हुए उन्होंने केंद्र सरकार पर झारखंड को अस्थिर करने का आरोप लगाये।

# हाथुडीह के ग्रामीणों ने अवैध कोयला उत्खनन पर कसी नकेल

- गांव सीमा में बोर्ड गाड़ दिया प्रतिबंध का ऐलान

आजाद सिपाही संवाददाता

**महुदा/हाथुडीह।** हाथुडीह ग्राम पंचायत के ग्रामीणों ने कोयला माफियाओं को सीधी चुनौती देते हुए अवैध कोयला उत्खनन पर प्रतिबंध लगाने का ऐतिहासिक कदम उठाया है। रविवार को ग्राम सभा की बैठक के बाद ग्रामीणों ने गांव के प्रवेश द्वार पर एक चेतावनी बोर्ड गाड़ दिया, जिसमें साफ तौर पर लिखा गया है- 'ग्राम सभा हाथुडीह के निर्णयानुसार, ग्राम सीमा के भीतर कोयला का अवैध उत्खनन एवं कोयला डिपो पूरी तरह प्रतिबंधित है।'

गौरतलब है कि हाथुडीह ग्राम सभा के इस महत्वपूर्ण निर्णय को 'आजाद सिपाही' ने अपने पिछले अंक में प्रमुखता से प्रकाशित किया था। खबर सामने आने के बाद क्षेत्र में एक सकारात्मक माहौल बना और ग्रामीणों में उम्मीद की नयी किरण जगी। उसी जागरूकता और संकल्प के फलस्वरूप आज ग्राम सभा के निर्णय के अनुसार 'अवैध खनन मुक्त क्षेत्र' का बोर्ड गांव की सीमा पर स्थापित कर दिया गया, जो ग्रामीण एकता और जनसत्ता की एक सशक्त मिसाल बनकर सामने आया है।

यह निर्णय ग्राम सभा की बैठक में सर्वसम्मति से पारित हुआ, जिसमें हाथुडीह जॉन संख्या 3 के संपन्न क्षेत्र के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। बैठक में ग्राम सभा की ओर से निर्देश जारी किया गया कि इस निर्णय का कड़ाई से अनुपालन किया जाये और यदि कोई इसका उल्लंघन करता है, तो उसके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जायेगी। ग्राम सभा में धनबाद क्षेत्रीय राजपूत समाज के केंद्रीय अध्यक्ष जन्मेजय सिंह, जॉन-3 के अध्यक्ष सुचिन सिंह, डीएल सिंह और पीएन सिंह की उपस्थिति में यह ऐलान किया गया। मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे, जिनमें दिलीप सिंह, दुनियालाल सिंह, दीपक सिंह, संजीव कुमार सिंह, उपेंद्र नारायण सिंह, भानु सिंह, कुंदन सिंह, केदारनाथ सिंह, रितेश सिंह, और नितेश सिंह समेत दर्जनों लोग शामिल थे।

# जीवन कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**कसमार।** कसमार प्रखंड अंतर्गत दुगार्पुर पंचायत स्थित कुरको आंगनवाड़ी केंद्र में सहयोगिनी संस्था द्वारा जीवन कौशल आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किशोरियों और महिलाओं को जागरूक करना, उन्हें सरकारी योजनाओं से जोड़ना और बाल विवाह जैसी सामाजिक बुराइयों के खिलाफ सशक्त करना है। कार्यक्रम के दौरान सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से जुड़ाव, वंचित वर्ग की किशोरियों एवं महिलाओं के बीच जेंडर जागरूकता तथा हिंसा की रोकथाम जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गयी। सहयोगिनी संस्था के कोऑर्डिनेटर प्रकाश कुमार महतो ने बताया कि संस्था वर्तमान में कसमार प्रखंड की दुगार्पुर, बगदा, खैराचातर और टांगटोना पंचायतों के 19 गांवों में किशोरी एवं युवा महिला समूह बनाकर उनकी नेतृत्व क्षमता के विकास पर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि इन समूहों को सरकारी योजनाओं से जोड़कर उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास किया जा रहा है। इस अवसर पर किशोरी क्लब की लाडली प्रवीण, आभा महतो, नेहा कुमारी, रोजी प्रवीण, सुधा कुमारी समेत कई अन्य लोग मौजूद थे।

# छठ घाटों की साफ-सफाई शुरू करायें बीडीओ-सीओ: उपायुक्त

- दीपावली से पूर्व छठ पूजा समितियों की बैठक बुलाने का निर्देश



आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर जिला प्रशासन द्वारा तैयारी प्रारंभ कर दी गयी है। उपायुक्त अजय नाथ झा ने गोपनीय स्थित कार्यालय कक्ष में शनिवार को बैठक कर संबंधित पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी बीडीओ एवं सीओ अपने-अपने प्रखंडों में स्थित छठ घाटों की साफ-सफाई एवं मरम्मति कार्य तुरंत प्रारंभ करायें। उन्होंने कहा कि सभी छठ घाटों पर बिल्चिंग पाउडर का छिड़काव, समतलीकरण, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल की उपलब्धता और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाये, ताकि छठव्रतियों व श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो। उन्होंने यह भी कहा कि घाटों के आस-पास स्वच्छता और सुरक्षा व्यवस्था सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखी जाये। उपायुक्त ने नगर निगम चास और नगर परिषद फुसरो के पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने क्षेत्र के छठ घाटों की सफाई कार्य योजनाबद्ध तरीके से करें और इस कार्य में किसी भी प्रकार की चूक नहीं हो। अपर समाहर्ता दीपावली से पूर्व जिले की सभी छठ पूजा समितियों की बैठक आहूत करें, ताकि समितियों के साथ समन्वय स्थापित कर घाटों की तैयारी, सुरक्षा, विद्युत, जलापूर्ति, यातायात नियंत्रण और जनसहभागिता से संबंधित सभी पहलुओं की पूर्व समीक्षा की जा सके। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग, विद्युत आपूर्ति विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग और पुलिस प्रशासन के बीच समन्वय बनाये रखने की भी बात कही। ताकि छठ पर्व के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कोई असुविधा नहीं हो। मौके पर अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह समेत अन्य विभागों के पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

## अपने बच्चों को दो बूंद जिंदगी की अवश्य पिलायें: उपायुक्त



**गिरिडीह (आजाद सिपाही)।** जिला उपायुक्त रामनिवास यादव ने उत्क्रमित मध्य विद्यालय, पिपराडीह, पीरटाड़ से बच्चों को पल्स पोलियों दवा पिलाकर अभियान की शुरूआत की। जहां बच्चों को पल्स पोलियों की खुराक पिलायी गयी। इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि पल्स पोलियो के प्रति जागरुकता ही बचाव का पहला कदम है। भारत पोलियो मुक्त देशों में से एक है परंतु पोलियो मुक्त बने रहने के लिए पोलियो की दो बूंद का उपयोग अवश्य करें। इस अभियान के दौरान 0 से लेकर 5 वर्ष तक के 4,91,635 बच्चों को पोलियो की खुराक देने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि अभियान के पहले दिन 2325 बूथों पर खुराक दी जायेगी। वहीं 13-14 अक्तूबर को घर-घर जाकर बच्चों को खुराक दी जायेगी। अभियान में 4650 स्वास्थ्य कर्मियों को लगाया गया है। बच्चों को 'डबल सुरक्षा' सुनिश्चित करने के लिए दो बूंद जिंदगी की खुराक हर बार पिलाई जाना जरुरी है। वहीं उप विकास आयुक्त, स्मृता कुमारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, अनीता कुजूर, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, अंजना भारती, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी समेत अन्य संबंधित अधिकारियों ने भी मातृत्व शिशु अस्पताल चैताडीह में बच्चों को पल्स पोलियों की दवा पिलाकर अभियान की शुरूआत की।

# सीसीएल के निदेशक ने किया कथारा क्षेत्र की विभिन्न परियोजनाओं का निरीक्षण



आजाद सिपाही संवाददाता

**कथारा।** सीसीएल के निदेशक संचालन सीबी तिवारी ने कथारा क्षेत्र के विभिन्न परियोजना का निरीक्षण करने का कार्य किया। इस दौरान क्षेत्र के महाप्रबंधक संजय कुमार सहित विभिन्न परियोजना के पीओ व अधिकारी उपस्थित रहे। निदेशक तिवारी ने जारंगडीह कोलियरी परियोजना, कथारा कोलियरी परियोजना, गोबिंदपुर आदि परियोजना का निरीक्षण कर अधिकारियो को विभिन्न प्रकार का निदेश दिया। डीटी श्री तिवारी सबसे पहले जारंगडीह कोलियरी परियोजना के खुली खदान में पहुंचे। यहां खान प्रबंधक कार्यालय में पीओ पीके सेन गुप्ता सहित अन्य अधिकारियों के साथ बैठक कर उत्पादन, उत्पादकता एवं डिस्पैच की जानकारी ली। वही माइंस में व्याप्त समस्याओं से अवगत हुए। यहां उन्होंने विभिन्न प्रकार का निदेश देने का कार्य किया। फिर वे स्वांग-गोविंदपुर फेज परियोजना पहुंचे। यहां परियोजना पदाधिकारी एके तिवारी सहित अन्य अधिकारियों के साथ बैठक कर उत्पादन, उत्पादकता एवं डिस्पैच बढ़ाने का निर्देश दिया। इसके बाद कथारा कोलियरी तीन नंबर माइंस पहुंचे। यहां आउट सोर्सिंग कोयला फेस के भियू प्वाइंट पहुंचकर वस्तुस्थिति का जायजा लिया। वहीं कथारा के अतिथि गृह पहुंचकर क्षेत्र के अधिकारियों के साथ बैठक कर लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कई दिशा निदेश दिये। वही पत्रकारों से बातचीत में कहा कि निरीक्षण का कार्य एक रूटिंग वर्क है। उत्पादन कार्यों में बेहतरी हो, इसके लिए प्रयास किया जा रहा है।

इस अवसर पर क्षेत्र के विभागाध्यक्ष उत्खन्न बिनोद कुमार, एसओ एक्सवेशन अभिजीत कुमार दत्ता, कथारा वाशरी के पीओ अमरेंद्र कुमार, कथारा कोलियरी के प्रभारी पीओ कृष्ण मुरारी, राहुल कुमार, सेफ्टी पदाधिकारी अनीश कुमार दिवाकर, सुरक्षा प्रभारी इबरार हुसैन, नागेश्वर नोनिया आदि लोग प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# अफगानिस्तान ने 58 पाकिस्तानी सैनिकों को मारने का दावा किया

## इसके जवाब में पाकिस्तान ने कहा : सिर्फ 25 की मौत

एजेंसी

**काबुल।** अफगानिस्तान ने दावा किया कि उसकी सेना ने शनिवार रात को पाकिस्तान सीमा पर हुई झड़प में 58 पाकिस्तानी सैनिकों को मार गिराया है। यह कार्रवाई पाकिस्तान की ओर से किये गये हवाई उल्लंघन के जवाब में की गयी। तालिबान सरकार के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने कहा कि अफगान सुरक्षा बलों ने पाकिस्तान की 25 सैन्य चौकियां कब्जे में ले ली हैं। इस कार्रवाई में 58 पाकिस्तानी सैनिक मारे गये, जबकि 30 अन्य घायल हुए हैं।

इसके जवाब में पाकिस्तानी सेना ने कहा कि उसके सिर्फ 25 सैनिक मारे गये हैं, जबकि उसने 200 तालिबानी लड़ाकों को ढेर कर दिया है।

अफगान रक्षा मंत्रालय ने कहा



कि हमारा ऑपरेशन आधी रात को खत्म हो गया। अगर पाकिस्तान ने फिर से अफगानिस्तान सीमा का उल्लंघन किया, तो हमारी सेना देश की रक्षा के लिए पूरी तरह तैयार है।

### पाकिस्तान पर आइएसआइएस के आतंकियों को पनाह देने का आरोप

तालिबान ने पाकिस्तान पर आरोप लगाया है कि वह अपनी जमीन पर आइएसआइएस के आतंकियों को शरण दे रहा है। मुजाहिद ने इन आतंकियों को अफगानिस्तान समेत पूरी दुनिया के लिए खतरा बताते हुए उन्हें पाकिस्तान से निकालने या अफगानिस्तान के हवाले करने के लिए कहा।

तालिबान प्रवक्ता ने बताया कि अफगानिस्तान ने अस्थिरता फैलाने वाले सभी तत्वों को खत्म कर दिया था, लेकिन अब उनके नए ठिकाने पाकिस्तान के पख्तूनख्वा इलाके में बना दिये गये हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इन ठिकानों पर कराची और इस्लामाबाद एयरपोर्ट के जरिए नये लड़ाकों को लाया जा रहा है और यहीं पर उन्हें ट्रेनिंग दी जा रही है। मुजाहिद ने यह भी दावा किया कि ईरान और रूस में हुए हमलों की योजना भी इन्हीं पाकिस्तानी ठिकानों से बनायी गयी थी।

# हजारीबाग शहर का पहला स्थापित और प्रतिष्ठित शोरूम है श्री अलंकार ज्वेलर्स

डॉ मिथिलेश


**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** शहर में भरोसा का प्रतीक के साथ पिछले 38 वर्षों से चल रहे गहनों के पहले शो रूम के रूप में स्थापित है श्री अंलकार ज्वेलर्स । इसके संचालक राजेन्द्र लाल एक जाने-माने समाजसेवी, अखिल भारतीय स्वर्णकार संघ के सचिव हैं। ये हजारीबाग चैंबर ऑफ कॉमर्स के संस्थापक अध्यक्ष और रेड क्रॉस सोसाइटी के संरक्षक भी रह चुके हैं। वे ओल्ड एज होम और ब्लड बैंक में भी अपनी सेवा दे चुके हैं। ग्राहकों की संतुष्टि और उनके भरोसे को राजेंद्र लाल असली आंय बताते हैं। वह कहते हैं कि हमारा प्रतिष्ठान हजारीबाग के सबसे पुरातन आभूषण शो रूम में है, जिसकी प्रतिष्ठित छवि वर्षों से यहां के लोगों के दिलों पर कायम है। हमारे पास विभिन्न प्रकार के आभूषणों की कई शैलियां मौजूद है जो की एक




आकर्षण का प्रतीक है। हमारे आभूषण आज की

आधुनिक जरूरतों के हिसाब से बनाएं जाते है जो की हर प्रवृत्ति और उम्र के लोगों के लिए एक अलग आदर्श विकल्प बन जाता है। हमारे पास सोना, हीरा, चांदी, कीमती रत्न, जैसे तमाम विकल्प उपलब्ध है। सभी की एक उत्तम श्रेणी कीहै जो कि आपको हर आभूषण श्रेणी में एक श्रेष्ठ विकल्प प्रदान करती है। हम हमारी भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देते है इसलिए हम परिवार, विरासत, पवित्रता, पारदर्शिता, संस्कृति, सम्मान और ग्राहक संबंध में विश्वास रखते है। हम चाहते है अपने ग्राहकों को बेहतर सर्विसेज और सर्वश्रेष्ठ

शॉपिंग अनुभव प्रदान करना। वे कहते हैं हजारीबाग में मालवीय मार्ग पर झंडा चौक के समीप में स्थित हमारा शो रूम एक शानदार माहौल प्रदान करता है, जो ग्राहको को शुद्ध सोने और हीरे की दुनिया में मंत्रमुग्ध होने ' विवश कर देता है। शो रूम में उत्तम सोने के आभूषण, कुंदन आभूषण, शाही प्राचीन आभूषण और कीमती रत्न अद्वितीय डिजाइनों के साथ समृद्ध कला के जटिल कार्यों के साथ आता है। शो रूम को गर्मजोशी. से ग्राहकों को आमंत्रित करने और शहर की समृद्ध विरासत का सम्मान करने के लिए बनाया गया है। शो रूम के संचालक राजेंद्र लाल कहते है कि हमारा विजन अपने ग्राहकों को बेहतर खरीदारी का अनुभव और उनको संतुष्टि प्रदान करना है और हमारा मिशन हमारे शुद्धता मानकों को बनाए रखते हुए ग्राहकों को सही मूल्य पर श्रेष्ठ आभूषण प्रदान करना है।



# दक्षिणी कमान मुख्यालय ने रणनीतिक संचार पर राष्ट्रीय संवाद का नेतृत्व किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**पुणे।** दक्षिणी कमान मुख्यालय ने 10-11 अक्टूबर 2025 को आरएसएएमआइ, पुणे में एक ऐतिहासिक और अग्रणी ब्रांड पहल के रूप में ASCEND 2025 - स्थायी कथात्मक प्रभुत्व के लिए रणनीतिक संचार को संरेखित करना शीर्षक से रणनीतिक संचार पर दो दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया। एक क्रांतिकारी बदलाव के रूप में परिकल्पित, अरउएठऊ का उद्देश्य सूचना युग में कथात्मक प्रभुत्व प्राप्त करने की दिशा में एक सतत राष्ट्रीय प्रयास को संस्थागत रूप देना था। इस सेमिनार में वरिष्ठ रक्षा अधिकारी, नीति निर्माता, पूर्व सैनिक, मीडिया पेशेवर, शिक्षाविद और उद्योग विशेषज्ञ सूचना युग में राष्ट्रीय शक्ति के एक महत्वपूर्ण साधन के रूप में रणनीतिक संचार पर विचार-विमर्श करने के लिए एकत्रित हुए। लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ, पीवीएसएम, एवीएसएम, जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ, दक्षिणी कमान



ने मुख्य भाषण दिया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि रणनीतिक संचार राष्ट्रीय सुरक्षा के एक प्रमुख अंग के रूप में उभरा है और भारत की कहानी सत्य पर आधारित, हमारे मूल्यों पर आधारित और स्थायी आख्यानात्मक प्रभुत्व प्राप्त करने के लिए दृढ़ कार्यों से जुड़ी होनी चाहिए। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड के अध्यक्ष आलोक जोशी इस संगोष्ठी के मुख्य अतिथि थे। आलोक जोशी और वरिष्ठ पत्रकार एवं रक्षा रणनीतिकार नितिन गोखले के बीच एक विशेष बातचीत में भारत के उभरते सूचना परिवेश और एक समन्वित राष्ट्रीय दृष्टिकोण की आवश्यकता पर प्रकाश डाला गया। एनएसएबी के अध्यक्ष ने रणनीतिक संचार में राष्ट्रीय क्षमताओं को मजबूत करने के लिए एक समग्र-सरकारी दृष्टिकोण और एक केंद्रित रोडमैप की आवश्यकता पर जोर दिया। संगोष्ठी में रणनीतिक संचार को संस्थागत बनाना, राष्ट्रीय सुरक्षा के एक भाग के रूप में रणनीतिक संचार, दुष्प्रचार, भ्रामक सूचना और शत्रुतापूर्ण दुष्प्रचार का रणनीतिक प्रतिकार करने पर भारतीय दृष्टिकोण और आख्यानात्मक स्वरूपण में प्रौद्योगिकी का एकीकरण जैसे प्रमुख मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। विचार-विमर्श में एक एकीकृत राष्ट्रीय रणनीतिक संचार ढांचे की आवश्यकता पर बल दिया गया। प्रतिभागियों ने इस बात पर सहमति व्यक्त की कि व्यापक पहुंच और प्रभाव प्राप्त करने में प्रौद्योगिकी का एकीकरण महत्वपूर्ण होगा।

पुणे अंतर्राष्ट्रीय केंद्र (पीआइसी) और वर्तमान एवं रणनीतिक मामलों में उन्नत अध्ययन केंद्र के सहयोग से आयोजित संगोष्ठी का समापन राष्ट्रीय शक्ति के एक प्रमुख घटक के रूप में रणनीतिक संचार को संस्थागत बनाने की आवश्यकता पर आम सहमति के साथ हुआ। एस्केंड 2025 भारत के रणनीतिक संचार ढांचे को आकार देने में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह विकासशील भारत @2047 के दृष्टिकोण के अनुरूप है, जो कथात्मक लचीलेपन, संज्ञानात्मक तैयारी और राष्ट्रीय तालमेल के प्रति भारतीय सेना की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।




















| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 150 | Hindi | ₹ 150 |
| English | ₹ 150 | English | ₹ 150 |
| Mathematics | ₹ 150 | Mathematics | ₹ 150 |
| Science | ₹ 150 | Science | ₹ 150 |
| Social Science | ₹ 150 | Social Science | ₹ 150 |
| Sanskrit | ₹ 150 | Sanskrit | ₹ 150 |
| Hindi – B | ₹ 150 | Hindi – B | ₹ 150 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 130 | English Grammar– II | ₹ 130 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 60 | Hindi Practical | ₹ 60 |
| English Practical | ₹ 60 | English Practical | ₹ 60 |
| Maths. Practical | ₹ 70 | Maths. Practical | ₹ 70 |
| Science Practical | ₹ 70 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 75 | S. Science Practical | ₹ 75 |
| Sanskrit Practical | ₹ 60 | Sanskrit Practical | ₹ 60 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 90 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 230 |
| Science | ₹ 220 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 230 | Social Science | ₹ 230 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 100 | S. Science Practical | ₹ 90 |











आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड से मुद्रित। **संस्थापक प्रधान संपादक :** स्व. हरिनारायण सिंह, **संपादक :** राकेश सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**